

■ केंद्रीय बजट 2047 तक विकसित भारत, भाजपा ने कहा निवेशकों के लिए भरोसे का केंद्र -12



■ भारत-अमेरिका अंतरिम व्यापार समझौते को अंतिम रूप देने की दिशा में काम करेंगे -12



■ दबे राज नहीं खोलेगी एप्स्टीन की साथी मैक्सवेल, संसदीय समिति के सवालों का जवाब देने से इन्कार -13



■ एफआईएच प्रो लीग में बेल्जियम और अर्जेंटीना के खिलाफ शुरुआत करने उतरेगा भारत -14


आज का मौसम
26.0° अधिकतम तापमान
13.0° न्यूनतम तापमान
सूर्योदय 06.48
सूर्यास्त 05.57

एक सम्पूर्ण दैनिक अखबार

# अमृत विचार

| कानपुर नगर |

www.amritvichar.com

2 राज्य | 6 संस्करण
■ लखनऊ ■ बरेली ■ कानपुर
■ मुरादाबाद ■ अयोध्या ■ हल्द्वानी

फाल्गुन कृष्ण पक्ष नवमी 09:59 उपरांत दशमी विक्रम संवत 2082

बुधवार, 11 फरवरी 2026, वर्ष 4, अंक 172, पृष्ठ 14 ■ मूल्य 5 रुपये


# कयामत के लिए जीने वालों कायदे से रहो अब बाबरी मस्जिद कभी नहीं बनेगी : योगी

## मुख्यमंत्री ने अयोध्या में बाबरी मस्जिद का सपना देखने वालों को बाराबंकी से दी चेतावनी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ/बाराबंकी



बाराबंकी में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को गदा भेंटकर अभिवादन करते सभा के सदस्य।

**अमृत विचार** : मुख्यमंत्री योगी ने अयोध्या में दोबारा बाबरी मस्जिद का सपना देखने वालों को कड़े शब्दों में चेतावनी दी है। उन्होंने दो टूक कहा कि कयामत के लिए जीने वालों कायदे से रहो। कयामत का दिन कभी आने वाला नहीं है, जो लोग इसका सपना देख रहे हैं, सड़-गल जाएंगे। हिंदुस्तान में कायदे में रहने वाले फायदे में रहेंगे। अगर कोई कानून तोड़कर जन्नत जाने का सपना देख रहा है तो सीधे जहन्नुम की तरफ जाएगा।

मुख्यमंत्री मंगलवार को हिंद केसरी ब्रह्मलीन महंत बाबा हरिशंकर दास की पुण्य स्मृति में श्रीराम जानकी मंदिर, दुल्हदेपुर कुटी (बाराबंकी) में आयोजित दशम श्री हनुमत विराट महायज्ञ एवं श्री रामार्चा पूजन में सम्मिलित होने के बाद सभा को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने पूरी दृढ़ता के साथ कहा कि यह डबल इंजन सरकार पीएम मोदी के मार्गदर्शन में जो बोलती है, वह करके दिखाती है और जितना करती है, उतना ही बोलती है। हमने कहा कि रामलला आएंगे...। अब मंदिर भी बन गया है। हम विरासत को सम्मान देते हुए भारत व सनातन धर्म की गौरवशाली परंपरा को अक्षुण्ण रखेंगे। पीएम मोदी ने 25 नवंबर को अयोध्या में सनातन के प्रतीक श्रीराम मंदिर में भव्य केसरिया ध्वज का आरोहण किया था, यह ध्वज सदा भारत व सनातन के गौरव को आगे बढ़ाएगा।

योगी ने कहा कि अयोध्या में 500 वर्ष पश्चात यह गौरवशाली क्षण आया। इतने वर्षों में अनेक राजा-महाराजा आए। वर्ष 1952 के बाद से अनेक सरकारें बनीं, लेकिन किसी से मन में यह नहीं आया कि भगवान राम की जन्मभूमि अयोध्या पर भव्य मंदिर निर्माण हो। रामभक्तों पर गोली चलाने वालों और रामकाज में बाधक रामद्रोहियों के लिए कोई जगह नहीं है। बाबरी ढांचे का सपना देखने वालों को योगी ने चेताया कि कयामत का दिन कभी नहीं आने वाला। कयामत के दिन के लिए मत जियो। हिंदुस्तान में कायदे से रहना सीखो। यहां का कानून मानो, कायदे में रहोगे तो फायदे में रहोगे।

- बोले- ये सपना नहीं होगा पूरा, कोई कानून तोड़ जन्नत जाने का सपना देख रहा है तो सीधे जहन्नुम जाएगा

### भारत-भारतीयता पर हो रहे प्रहार : सीएम

योगी ने कहा कि वर्तमान में दुनिया भर से सनातन, भारत-भारतीयता पर प्रहार हो रहे हैं। अंदर-बाहर से होने वाले इन प्रहारों से सचेत रहना होगा। जिन्हें भारत की प्रगति अच्छी नहीं लग रही है, वे लोग साजिश में लगे हैं। कुछ लोग साजिश कर रहे हैं, कुछ लोग साजिश का शिकार हो रहे हैं और कुछ लोग साजिश के लिए बिक कर कार्य कर रहे हैं। हमें यह दुष्प्रवृत्ति रोकनी होगी।

# लापता बच्चों पर सुप्रीम कोर्ट ने पूछा इसके पीछे देशव्यापी गिरोह तो नहीं

नई दिल्ली, एजेंसी

उच्चतम न्यायालय ने मंगलवार को केंद्र सरकार से यह पता लगाने को कहा कि देश के विभिन्न हिस्सों में बच्चों के लापता होने की घटनाओं के पीछे किसी देशव्यापी गिरोह या राज्य-विशिष्ट समूह का हाथ तो नहीं है। न्यायमूर्ति बीवी नागरत्ना और न्यायमूर्ति उज्ज्वल भुइयां की पीठ ने कहा कि यह पता लगाना जरूरी है कि क्या इन घटनाओं के पीछे कोई निश्चित पैटर्न है या ये आकस्मिक घटनाएं हैं। उसने केंद्र को सभी राज्यों से आंकड़े संकलित कर उनका विश्लेषण करने का निर्देश दिया।

केंद्र की ओर से पेश अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल ऐश्वर्या भाटी ने कहा कि कुछ राज्यों ने लापता बच्चों और उनसे संबंधित अभियोजन से जुड़े आंकड़े उपलब्ध कराए हैं, लेकिन लगभग एक दर्जन राज्यों ने अपना डेटा साझा नहीं किया है। भाटी ने दलील दी कि विश्लेषण तभी किया जा सकता है, जब केंद्र सरकार को पूरा डेटा हासिल हो जाए। उन्होंने कहा, हम जानना चाहते हैं कि बच्चों के लापता होने की इन घटनाओं के पीछे किसी राष्ट्रव्यापी गिरोह या राज्य-विशिष्ट समूह का हाथ तो नहीं है? क्या इन घटनाओं के पीछे एक विशिष्ट पैटर्न है या ये महज आकस्मिक घटनाए हैं? शीर्ष अदालत ने भाटी को सुझाव दिया कि बचाए गए बच्चों से बात की जानी चाहिए, ताकि यह पता लगाया जा सके कि ऐसी घटनाओं के लिए कौन जिम्मेदार है।



- केंद्र से कहा- यह पता लगाना जरूरी कि घटनाओं के पीछे कोई निश्चित पैटर्न है या ये आकस्मिक घटनाएं

### कोर्ट ने जताई थी चिंता

कोर्ट ने 18 नवंबर 2025 को मीडिया रिपोर्ट का संज्ञान लेते हुए चिंता जाहिर की थी कि भारत में हर आठ मिनट में एक बच्चा लापता हो जाता है। कहा था कि देश में गोद लेने की प्रक्रिया जटिल है। इस प्रक्रिया को सरल बनाने को कहा था। कहा था कि गोद लेने की प्रक्रिया जटिल है, इसलिए उल्लंघन होना तय है और बच्चे पाने के लिए अवैध साधनों का सहारा लेते हैं।

### आंकड़े नहीं देने वाले राज्यों की आलोचना की

पीठ ने उन राज्यों की आलोचना की जिन्होंने आंकड़े उपलब्ध नहीं कराए हैं। उसने कहा कि जरूरत पड़ने पर वह कड़े आदेश पारित कर सकती है। वरिष्ठ अधिवक्ता अपर्णा भट्ट ने कहा कि केंद्र सरकार ने पहल की है और सभी राज्यों को आंकड़े उपलब्ध कराने के लिए निर्देश जारी किए जाएं। पीठ गैर-सरकारी संगठन (एनजीओ) 'गुड़िया स्वयं सेवी संस्थान' की ओर से दायर जनहित याचिका पर सुनवाई कर रही थी, जिसमें कई राज्यों में लापता बच्चों की संख्या में लगातार हो रही वृद्धि को रेखांकित किया गया है। उच्चतम न्यायालय ने पिछले साल नौ दिसंबर को केंद्र सरकार को लापता बच्चों के सिलसिले में छह साल का राष्ट्रव्यापी डेटा उपलब्ध कराने और ऐसे आंकड़ों के संकलन में राज्यों एवं केंद्र-शासित प्रदेशों के साथ प्रभावी समन्वय सुनिश्चित करने के लिए केंद्रीय गृह मंत्रालय में एक समर्पित अधिकारी की नियुक्ति करने का निर्देश दिया था।

## न्यूज ब्रीफ

### फ्रांस के राष्ट्रपति मैक्रों 17 से 19 तक भारत यात्रा पर

**नई दिल्ली।** फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों 17 फरवरी से तीन दिवसीय भारत यात्रा पर रहेंगे। भारतीय विदेश मंत्रालय ने मंगलवार को यह जानकारी दी। मैक्रों एआई इम्पैक्ट शिखर सम्मेलन में भाग लेने के अलावा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के साथ व्यापक वार्ता करेंगे। विदेश मंत्रालय ने कहा कि दोनों नेता विभिन्न क्षेत्रों में द्विपक्षीय सहयोग को मजबूत करने पर चर्चा करेंगे। इसके अतिरिक्त, दोनों नेता हिंद-प्रशांत क्षेत्र में सहयोग सहित पारस्परिक हित के क्षेत्रीय और वैश्विक मुद्दों पर चर्चा करेंगे। विदेश मंत्रालय ने कहा कि मोदी और मैक्रों मुंबई में संयुक्त रूप से 'भारत-फ्रांस नवाचार वर्ष' का उद्घाटन करेंगे।

### अनुपम खेर ने फर्जी सोशल मीडिया अकाउंट को लेकर किया आगाह

**नई दिल्ली।** अभिनेता अनुपम खेर ने उनके नाम से बनाए गए कई फर्जी सोशल मीडिया अकाउंट को लेकर अपने प्रशंसकों और फॉलोअर्स को सतर्क किया है और उनसे ऐसे प्रोफाइल से आने वाले किसी भी अनुरोध को अनदेखा करने की अपील की है। खेर ने मंगलवार को अपने आधिकारिक इंस्टाग्राम अकाउंट पर एक वीडियो साझा किया। वीडियो में कहा कि कुछ लोग उनके नाम से फर्जी अकाउंट बनाकर उनकी तस्वीरों एवं वीडियो का इस्तेमाल कर रहे हैं और उपयोगकर्ताओं को संदेश एवं अनुरोध भेज रहे हैं।

# बिरला को हटाने के लिए विपक्ष का नोटिस, पद के दुरुपयोग का आरोप

- 120 से अधिक सांसदों ने हस्ताक्षर किए, दो बार स्थगन के बाद बजट पर चर्चा शुरू
- बिरला ने मामले का निपटारा होने तक आसन पर नहीं बैठने का लिया फैसला

नई दिल्ली, एजेंसी

विपक्ष ने लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला को पद से हटाने के लिए प्रस्ताव लाने संबंधी नोटिस मंगलवार को लोकसभा महासचिव को सौंपा और बिरला पर पक्षपातपूर्ण तरीके से सदन संचालित करने, कांग्रेस सदस्यों पर झूठे इल्जाम लगाने तथा अपने पद का दुरुपयोग करने का आरोप लगाया। विपक्ष की ओर से नोटिस सौंपे जाने के बाद लोकसभा अध्यक्ष बिरला ने फैसला किया कि वह मामले का निपटारा होने तक आसन पर नहीं बैठेंगे और उन्होंने लोकसभा महासचिव उत्पल कुमार सिंह को निर्देश दिया कि नोटिस की जांच कर उचित कार्रवाई की जाए।

निचले सदन में कांग्रेस के उप नेता गौरव गोगोई, कांग्रेस के मुख्य सचेतक कोडिकुनिल सुरेश और सचेतक मोहम्मद जावेद ने लोकसभा महासचिव उत्पल कुमार सिंह को यह नोटिस सौंपा। उल्लेखनीय है कि विपक्ष को दो बार नोटिस सौंपना पड़ा क्योंकि पहली बार जो नोटिस सौंपा गया था कि उसमें सदन के भीतर कुछ घटनाक्रमों का उल्लेख करते समय जिन तिथियों का हवाला दिया गया था उनमें त्रुटि थी। नोटिस पर कांग्रेस, समाजवादी पार्टी, द्रमुक और कई अन्य विपक्षी दलों के करीब 120 सांसदों से अधिक सांसदों ने हस्ताक्षर किए हैं। तृणमूल कांग्रेस के सांसदों ने इस नोटिस पर हस्ताक्षर नहीं किए हैं। संविधान के अनुच्छेद 94 (सी) के तहत यह प्रस्ताव संबंधी नोटिस सौंपा गया है। नोटिस में कहा गया है, हम भारत के संविधान के अनुच्छेद 94(सी) के प्रावधानों के अंतर्गत लोकसभा अध्यक्ष को पद से हटाने के लिए एक प्रस्ताव लाने का नोटिस देते हैं, क्योंकि जिस तरह से वह लोकसभा की कार्यवाही का संचालन कर रहे हैं, वह खुले तौर पर पक्षपातपूर्ण है।



लोकसभा में केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव, धर्मेंद्र प्रधान से बात करतीं महिला कांग्रेस सांसद।

### भाजपा महिला सांसदों ने विपक्ष के खिलाफ की सबसे कड़ी कार्रवाई की मांग

**नई दिल्ली।** बिरला के समर्थन में भाजपा की महिला सांसदों ने मंगलवार को चार फरवरी की घटना को लेकर विपक्षी सांसदों के खिलाफ सबसे कड़ी कार्रवाई की मांग की है। भाजपा सांसदों का आरोप है कि राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव के दौरान प्रधानमंत्री के सदन में आने से पहले विपक्ष की महिला सांसदों ने प्रधानमंत्री की सीट को घेर लिया था। उन्होंने इस घटना को दुर्भाग्यपूर्ण और खेदजनक बताते हुए कहा कि इससे संसद की गरिमा को ठेस पहुंची है। यदि इस मामले में कार्रवाई नहीं की गयी तो यह एक खतरनाक मिसाल बनेगी।

# यूपी का बजट आज, संकल्प पत्र के वादों पर होगा फोकस

धीरेंद्र सिंह, लखनऊ

**अमृत विचार** : प्रदेश की राजनीति के लिए बुधवार का दिन बेहद ऐतिहासिक होने जा रहा है। विकास के साथ-साथ लोक-लुभावन घोषणाओं का संतुलन देखने को मिल सकता है। मेधावी बेटियों को स्कूटी, शिक्षा मित्र-अनुदेशकों के मानदेय में वृद्धि, मुफ्त बिजली, नई पेंशन योजनाओं के जरिए योगी सरकार ''संकल्प पत्र'' के वादों को पूरा करने की बड़ी कोशिश कर सकती है।

मुख्यमंत्री योगी के नेतृत्व वाली सरकार अपने दूसरे कार्यकाल का सबसे महत्वपूर्ण और संभवतः अब तक का सबसे बड़ा बजट पेश करने जा रही है। सरकार का लक्ष्य प्रदेश को 'वन ट्रिलियन डॉलर इकोनॉमी'' बनाने की दिशा में बुनियादी ढांचे को और मजबूत करना है। वित्त मंत्री सुरेश कुमार खन्ना द्वारा बुधवार को विधानसभा में पेश किए जाने वाले वित्तीय वर्ष 2026-27 के बजट का आकार करीब नौ लाख करोड़ रुपये के करीब होने का अनुमान है। वर्ष 2027 के विस चुनावों से ठीक पहले आने वाला यह बजट सरकार के संकल्प पत्र के अधूरे वादों को पूरा करने की आखिरी बड़ी कोशिश माना जा रहा है। बजट की चर्चित व प्रतीक्षित घोषणा मुफ्त स्कूटी योजना हो सकती है। भाजपा ने चुनावी संकल्प पत्र में मेधावी छात्राओं को स्कूटी देने का वादा किया था।



- मुफ्त बिजली के साथ नई पेंशन पर भी उम्मीदें बरकरार
- बेटियों को स्कूटी, शिक्षा मित्र-अनुदेशकों के मानदेय में वृद्धि पर नजर

### मानदेय में वृद्धि के संकेत

सरकार करीब 1.43 लाख शिक्षामित्रों और हजारों अनुदेशकों के चेहरे पर मुस्कान ला सकती है। वर्तमान में मिल रहे 10 हजार रुपये के मानदेय को बढ़ाकर 17 से 20 हजार रुपये तक किया जा सकता है। सुप्रीम कोर्ट के हालिया रुख के बाद अनुदेशकों के मानदेय में भी वृद्धि का रास्ता साफ हो गया है।

### योजनाओं को प्राथमिकता

इस 10वें बजट में भत्ते ही नहीं, प्रदेश की सूरत बदलने वाली योजनाओं को भी प्राथमिकता दी जाएगी। सड़क और पुलों के निर्माण के लिए भारी आवंटन संभव है। वृद्धावस्था और अन्य सामाजिक पेंशन की राशि में बढ़ोतरी की उम्मीद है। युवाओं व रोजगार पर विशेष नजर युवाओं को साधने के लिए स्वामी विवेकानंद युवा सशक्तीकरण योजना के तहत टैबलेट वितरण का बजट बढ़ाया जा सकता है।

## बांग्लादेश में एक और हिंदू व्यापारी की हत्या

**ढाका।** बांग्लादेश के मयमनसिंह जिले के त्रिशाल उपजिला में 62 वर्षीय एक हिंदू व्यापारी की उसकी दुकान के अंदर धारदार हथियारों से हमला करके हत्या कर दी। यह घटना सोमवार रात उपजिला के बोगर बाजार चौराहे पर हुई। पीड़ित की पहचान साउथकंडा गांव के निवासी सुसेन चंद्र सरकार के रूप में हुई है, जो भाई-भाई एंटरप्राइज के मालिक थे। त्रिशाल पुलिस थाने के प्रमुख मोहम्मद फिरोज ने बताया कि हमलावरों ने सरकार पर हथियार से हमला करने के बाद उसे दुकान के अंदर छोड़ दिया तथा शटर बंद कर दिए। सरकार का परिवार उसे ढूंढ रहा था और जब उन्होंने दुकान के शटर खोले, तो वह खून से लथपथ पाया गया। सरकार को तुरंत मयमनसिंह मेडिकल कॉलेज अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। पीड़ित के बेटे सुजान सरकार ने बताया, हमारा चावल का पुराना कारोबार है। किसी से हमारी कोई दुश्मनी नहीं थी।

# निकांत जैन के खिलाफ भ्रष्टाचार का मामला रद्द

**विधि संवाददाता, लखनऊ।** हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच ने एक अहम फैसला देते हुए कारोबारी निकांत जैन के खिलाफ अवैध वसूली और भ्रष्टाचार के आरोप में चल रहे पूरे आपराधिक मामले को रद्द कर दिया है। यह आपराधिक मामला प्रस्तावित सोलर पावर परियोजना से जुड़ा हुआ था।

यह आदेश माननीय न्यायमूर्ति राजीव सिंह की एकल पीठ ने निकांत जैन की याचिका पर पारित किया। कोर्ट ने अपने निर्णय में कहा है कि मामले में भारतीय न्याय संहिता तथा भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत कोई अपराध प्रथम दृष्टया बनता ही नहीं है। इसी के साथ कोर्ट ने 15 मई 2025 को दाखिल चार्ज शीट तथा 17 मई 2025 के तलबी आदेश को भी को निरस्त कर दिया। कोर्ट ने अपने निर्णय में यह भी कहा है कि शिकायतकर्ता ने स्वयं स्वीकार किया है कि शिकायत गलतफहमी के आधार पर दर्ज कराई थी। मामले की एफआईआर 20 मार्च 2025 को गोमती नगर थाने में दर्ज की गई थी, जो एक कंपनी के प्रतिनिधि द्वारा मुख्यमंत्री को भेजी गई शिकायत पर आधारित थी। शिकायत में आरोप लगाया गया था कि सोलर मैन्युफैक्चरिंग परियोजना की मंजूरी के लिए परियोजना लागत के पांच प्रतिशत की रिश्वत मांगी गई। निकांत जैन की ओर से दलील गई दी कि आरोप अस्पष्ट, साक्ष्य विहीन और कारोबारी प्रतिद्वंद्विता व प्रशासनिक भ्रम का नतीजा हैं। यह भी तर्क दिया गया कि न तो कोई धनराशि दी गई, न कोई संपत्ति या मूल्यवान प्रतिभू सौंपी गई और न ही किसी प्रकार की धमकी देने की बात सामने आई है। यह भी कहा गया कि विवेचना के दौरान नक्शा-नजरी नहीं बनाया गया और कथित एक करोड़ रुपये नकद की कोई बरामदगी भी नहीं हुई है। कोर्ट ने भी पाया कि रिकॉर्ड पर ऐसा कोई साक्ष्य नहीं है जिससे यह साबित हो कि अभियुक्त ने किसी लोक सेवक को अनुचित लाभ देने की पेशकश की हो।

- सोलर पावर परियोजना से जुड़े मामले में हाईकोर्ट का अहम फैसला

# अनुज चौधरी समेत पुलिस अधिकारियों के खिलाफ एफआईआर के आदेश पर रोक

विधि संवाददाता, प्रयागराज

**संभल हिंसा मामला**

- रिपोर्ट दर्ज करने का निर्देश देने वाले सीजेएम का सुल्तानपुर कर दिया गया था तबादला

इलाहाबाद हाईकोर्ट ने संभल में नवंबर 2024 को हुई हिंसा से जुड़े मामले में मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट (सीजेएम) द्वारा पारित उस आदेश के क्रियान्वयन पर रोक लगा दी है, जिसमें डीएसपी अनुज चौधरी सहित अन्य पुलिस अधिकारियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने का निर्देश दिया गया था। उक्त आदेश न्यायमूर्ति समित गोपाल की एकलपीठ ने संभल सर्कल अधिकारी अनुज और संभल कोतवाली के पूर्व प्रभारी अनुज तोमर की याचिका पर सुनवाई करते हुए पारित किया।

कोर्ट ने मूल शिकायतकर्ता को याचिका पर अपना जवाब दाखिल करने के लिए 14 दिन का समय दिया है। इस अवधि के दौरान स्थगन आदेश प्रभावी रहेगा, साथ ही कोर्ट ने यह स्पष्ट किया कि प्रति-शपथपत्र दाखिल होने के बाद मामले की सुनवाई योग्यता के प्रश्न पर विचार करने का अधिकार कोर्ट के पास सुरक्षित रहेगा। सुनवाई के दौरान राज्य की ओर से अपर महाधिवक्ता मनीष गोयल ने तर्क दिया कि मजिस्ट्रेट ने बीएनएसएस के तहत निर्धारित अनिवार्य सुरक्षा प्रावधानों की अनदेखी की और संबंधित पुलिस अधिकारियों को आरोपों पर अपना पक्ष रखने का अवसर नहीं दिया, जिससे आदेश कानून की सीमाओं से परे है। वहीं, दूसरी ओर शिकायतकर्ता की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता एसएफए नकवी ने याचिका की पोषणीयता पर आपत्ति जताते हुए कहा कि राज्य सरकार अपने अधीन कार्यरत पुलिस अधिकारियों का संरक्षण कर रही है। बता दें कि यह आक्षेपित आदेश पिछले माह संभल के मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट विभान्शु सुधीर ने एक घायल युवक के पिता यामीन की अर्जी पर पारित किया था। इस आदेश के एक सप्ताह बाद ही सीजेएम विभान्शु सुधीर का तबादला सुल्तानपुर कर दिया गया।

**सख्ती** | एआई से तैयार डीपफेक सामग्री पर सरकार ने सख्त किए नियम, सरकार और अदालतों द्वारा चिह्नित वीडियो हटाने होंगे

# एआई से बने वीडियो अब नहीं बचेंगे, 3 घंटे में हटेगा फेक कंटेंट

नई दिल्ली, एजेंसी

सरकार ने मंगलवार को डीपफेक सहित एआई (कृत्रिम मेधा) से तैयार और बनावटी सामग्री के प्रबंधन को लेकर ऑनलाइन मंचों के लिए सख्त नियम लागू किए हैं। इसके तहत एक्स और इंस्टाग्राम जैसे मंचों को किसी सक्षम अधिकारी या अदालतों द्वारा निर्देशित की गई ऐसी किसी भी सामग्री को तीन घंटे के भीतर हटाना होगा।

सरकार ने सूचना प्रौद्योगिकी (मध्यवर्ती दिशानिर्देश और डिजिटल मीडिया आचार संहिता) नियम, 2021 में संशोधनों को अधिसूचित किया है। इसके जरिए औपचारिक रूप से एआई से तैयार और बनावटी कंटेंट को परिभाषित किया गया है। ये नए नियम 20 फरवरी, 2026 से लागू होंगे। संशोधनों में ''ध्वनि, दृश्य या ध्वनि-दृश्य जानकारी'' और ''बनावटी रूप से तैयार की गई जानकारी'' को परिभाषित किया गया है, जिसमें एआई द्वारा निर्मित या परिवर्तित ऐसी सामग्री शामिल है जो वास्तविक या प्रामाणिक प्रतीत होती है। सामान्य संपादन, किसी सामग्री को बेहतर बनाने और नेक नीयत से किए गए शैक्षिक या डिजाइन कार्यों को इस परिभाषा से बाहर रखा गया है। इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय (एमईआईटीवाई) ने अधिसूचना में कहा कि प्रमुख परिवर्तनों में बनावटी सामग्री को सूचना के रूप में मानना शामिल है। आईटी नियमों के तहत गैरकानूनी कार्यों के निर्धारण के लिए एआई-जनित सामग्री को अन्य सूचनाओं के समान माना जाएगा।




### पहले 36 घंटे के भीतर हटानी होती थी सामग्री

सोशल मीडिया मंच को सरकारी या अदालती आदेशों पर अब 36 घंटे के बजाय तीन घंटे के भीतर कार्रवाई करनी होगी। इसके अलावा, उपयोगकर्ता की शिकायतों के निवारण की समयसीमा भी कम कर दी गई है। नियमों के तहत एआई सामग्री की अनिवार्य रूप से लेबलिंग जरूरी है। बनावटी सामग्री बनाने या साझा करने की सुविधा देने वाले मंच को यह सुनिश्चित करना होगा कि ऐसी सामग्री पर स्पष्ट रूप से और प्रमुखता से लेबल लगाया जाए। जहां तकनीकी रूप से संभव हो, वहां इसे स्थायी मेटाडेटा या पहचानकर्ताओं के साथ जोड़ा जाना चाहिए। अधिसूचना में यह भी कहा गया है कि मध्यवर्ती (इंटरमीडियरीज) एक बार एआई लेबल या मेटाडेटा लगाए जाने के बाद उन्हें हटाने या छिपाने की अनुमति नहीं दे सकते।

## न्यूज ब्रीफ

### सहायक चकबंदी अधिकारी निलंबित

**अमृत विचार, लखनऊ :** चकबंदी प्रक्रिया में गंभीर अनियमितता और पीड़ित परिवार को मानसिक रूप से प्रताड़ित करने के आरोप में संतकबीरनगर के सहायक चकबंदी अधिकारी रामदरश को निलंबित कर दिया गया है। चकबंदी आयुक्त डॉ. हृषिकेश भास्कर यशोद ने मंगलवार को शासन की जीरो टॉलरेंस नीति के तहत यह कार्रवाई की। मामला संतकबीरनगर की तहसील धनघटा के ग्राम संठी से जुड़ा है, जहां चकबंदी के दौरान मृतक प्रभुनाथ प्रजापति के परिजनों के मूल गाटा नंबर नियम विरुद्ध तरीके से बदलकर 'उड़ान चक' में दर्ज कर दिए गए। साथ ही, समय रहते उनकी आपत्तियों का नियमानुसार निस्तारण भी नहीं किया गया। इस प्रकरण में संबंधित लेखपाल को पहले ही निलंबित किया जा चुका है। जांच में प्रथम दृष्टया अनियमितता सामने आने पर सहायक चकबंदी अधिकारी पर भी कार्रवाई की गई है।

### अवैध हथियारों की फैक्ट्री पकड़ी, 10 तमंचे बरामद

**अमृत विचार, लखनऊ :** एसटीएफ ने अवैध हथियारों को बनाने वाली फैक्ट्री का खुलासा किया है। एसटीएफ के प्रवक्ता के मुताबिक पिछले कुछ समय से लखनऊ और अयोध्या क्षेत्र में अवैध हथियारों की तस्करी की खबर मिल रही थी। एसटीएफ के डिप्टी एसपी प्रमेश कुमार शुक्ला के नेतृत्व में टीम ने छापेमारी करके मायाराम पुत्र श्रीपाल लोहार निवासी कंजा शरीफपुर तालगांव, सीतापुर को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने 10 बने हुए तमंचे बरामद किए हैं।

### पम्पों पर मिला सात हजार लीटर मिलावटी पेट्रोल डीजल, दो गिरफ्तार

**अमृत विचार, लखनऊ :** एसटीएफ ने मिलावटी ईंधन को लेकर बड़ा खुलासा किया है। बायो डीजल पम्प के नाम पर मिलावटी पेट्रोल और डीजल बेचने वाले अंतर्राज्यीय गैंग के दो लोगों को गिरफ्तार किया है। उनके द्वारा चलाई जा रहीं दो पम्पों से करीब सात हजार लीटर मिलावटी पेट्रोल-डीजल के साथ ही पम्प खोलने के लिए जारी लेटर आफ इंटेक्ट भी बरामद किए हैं। इस खुलासे के बाद एसटीएफ ने प्रदेश भर में खोले जा रहे कथित बायो डीजल के करीब चार दर्जन पम्पों को रडार पर ले लिया है। एसटीएफ प्रवक्ता के मुताबिक बीते कुछ दिनों से अधिक गाड़ियां खराब होने की शिकायतें मिलना शुरू हुईं तो छानबीन शुरू की गई। पता चला कि बायो डीजल के नाम पर कुछ पम्प खोले जा रहे हैं। इन पम्पों से मिलावटी पेट्रोल और डीजल भरा जा रहा है। एसटीएफ ने जब जाल बिछाया तो एटा जिले के सलेमपुर- अवागढ़ स्थित एक पेट्रोल पम्प पर छापा मारा गया

# फार्म-7 को निरस्त कर दोषियों पर कार्रवाई की मांग

- समाजवादी पार्टी ने सीईओ को सौंपा ज्ञापन

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** समाजवादी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष श्याम लाल पाल ने मुख्य निर्वाचन अधिकारी को ज्ञापन सौंपकर कई जिलों में बड़ी संख्या में जमा किए गए फार्म-7 को निरस्त करने और दोषियों पर कार्रवाई की मांग की है।

ज्ञापन में आरोप लगाया गया है कि फतेहपुर, सहारनपुर, बलिया, सोनभद्र, आगरा, सम्भल, मिर्जापुर, बुलंदशहर, कासगंज, लखीमपुर खीरी, मुरादाबाद और बांदा समेत कई जिलों में भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा बड़े पैमाने पर फार्म-7 भरकर मतदाताओं के नाम सूची से कटवाने का प्रयास किया जा रहा है। पार्टी का दावा है कि इन फार्मों में समाजवादी पार्टी समर्थक, विशेषकर मुस्लिम समुदाय और पीडीए वर्ग के मतदाताओं को निशाना बनाया जा रहा है। सपा ने कहा कि कई स्थानों पर एक ही व्यक्ति द्वारा बड़ी संख्या में फार्म-7 जमा किए गए हैं और संबंधित अधिकारियों पर दबाव बनाने के आरोप भी लगाए गए हैं।

# अब ओटीपी देने पर होगा कृत्रिम गर्भाधान और टीकाकरण

- प्रदेश में 15 फरवरी से पशुओं का टीकाकरण और 1 अप्रैल से एआई में अनिवार्य
- भारत पशुधन एप पर फीड होंगे छूटे आधार व मोबाइल नंबर


कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** प्रदेश में गाय व भैंस का कृत्रिम गर्भाधान (एआई) कराने में मनमानी और पुरानी व्यवस्था नहीं चलेगी। 1 अप्रैल से पशुपालकों को एआई कराने के लिए चिकित्सक, पशुधन प्रसार अधिकारी या फिर पैरावेट को मोबाइल ओटीपी देना अनिवार्य होगा। उत्तर प्रदेश पशुधन विकास परिषद पारदर्शिता, वास्तविक आकलन और सहूलियत के लिए यह व्यवस्था लागू कर रहा है।

सबसे पहले ''भारत पशुधन एप'' पर पशुपालकों का मोबाइल नंबर, आधार कार्ड और पशुओं का ईयर टैग नंबर 100 फीसद फीड किए जाएंगे। दर्ज मोबाइल नंबर अपडेट रखना होगा। इससे एप पर कृत्रिम गर्भाधान, किसी भी पशु का टीकाकरण, पशुधन बीमा आदि कार्य व योजनाओं का विवरण सत्यापित होकर मोबाइल पर ओटीपी आएगा। इस आधार पर कृत्रिम गर्भाधान और टीकाकरण किया जाएगा। इसकी मौके पर एप पर फीडिंग की जाएगी तभी प्रक्रिया पूर्ण मानी जाएगी।

इसके अलावा पुरानी व्यवस्था में बिना ओटीपी के एप पर गांव और पशुपालकों का विवरण खुलने पर मनमानी फीडिंग की जाती है। इसे रोकने के लिए साफ्टवेयर अपडेट किया गया है। जो बिना ओटीपी के नहीं खुलेगा।

### ज्यादातर के टैग, आधार और मोबाइल नंबर नहीं



- अब तक की व्यवस्था में ज्यादातर पशुओं के ईयर टैग न ही पालकों का आधार व मोबाइल नंबर फीड है। कई के मोबाइल नंबर गलत, अधूरे व बंद हैं। जिनके दर्ज हैं वह मौके पर नहीं मिलते हैं। ऐसी स्थिति में बिना ओटीपी का विकल्प अपनाकर एआई व टीकाकरण करने के बाद एक साथ मनमानी फीडिंग कर दी जाती है। खासकर पैरावेट निशुल्क सरकारी की बजाय पैसे लेकर निजी एआई करते हैं। अब पैरावेट को मौके पर ओटीपी और फीडिंग के उपरांत ही भुगतान किया जाएगा।

> केंद्र सरकार ने यह अनिवार्यता की है। इससे मनमानी नहीं चलेगी। बल्कि पारदर्शिता आने से वास्तविक आकलन होगा और इसी आधार पर आगे का लक्ष्य निर्धारित करके लाभान्वित करेंगे।
>
> -डॉ. पीके सिंह, सीईओ, उप्र पशुधन विकास परिषद।

साथ ही कितने पशु लाभान्वित हुए कितने छूटे यह ऑनलाइन रिकार्ड दर्ज रहेगा।

22 जनवरी से 10 मार्च तक चलने वाले खुरपका-मुंहपका विशेष टीकाकरण अभियान में 15 फरवरी से ओटीपी अनिवार्य रूप से देना होगा। इसकी मौके पर ही फीडिंग की जाएगी। टीकाकरण के आंकड़ों में फर्जीवाड़ा और डुप्लीकेसी नहीं होगी।

# आरक्षण और शिक्षकों के वेतन पर हंगामा

## विधान परिषद में कार्यस्थगन प्रस्तावों पर विरोध, नारेबाजी के बीच कुछ देर के लिए स्थगित हुई कार्यवाही

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** विधान परिषद की कार्यवाही मंगलवार को प्रश्नकाल, कार्यस्थगन प्रस्तावों और राज्यपाल के अभिभाषण पर चर्चा के बीच हंगामेदार रही। सपा सदस्यों ने आरक्षण और भर्ती में भ्रष्टाचार के मुद्दे पर सदन में नारेबाजी की, जिसके चलते कार्यवाही कुछ समय के लिए स्थगित करनी पड़ी।

प्रश्नकाल के दौरान सपा सदस्य आशुतोष सिन्हा ने कन्नौज के तिर्वा क्षेत्र में आगरा-लखनऊ एक्सप्रेसवे पर छूटी हुई सर्विस लेन के निर्माण का मुद्दा उठाया। औद्योगिक विकास मंत्री नंद गोपाल नंदी के जवाब से असंतुष्ट होने पर सभापति कुंवर मानवेन्द्र सिंह ने अधिग्रहण की कार्रवाई शीघ्र शुरू कर निर्माण कार्य जल्द पूरा कराने के निर्देश दिए। इसी दौरान आशुतोष सिन्हा ने नियम 223 के तहत विशेषाधिकार हनन की सूचना देते हुए वाराणसी में पुलिस कार्रवाई को मुद्दा बनाया। सभापति ने संबंधित अधिकारियों से साक्ष्य उपलब्ध कराकर पुलिस महानिदेशक से जांच कराने के निर्देश दिए।

नियम 105 के तहत सपा के कई सदस्यों ने आरक्षण नियमों के पालन और भर्तियों में भ्रष्टाचार का मुद्दा उठाया। सरकार के जवाब से असंतुष्ट सपा सदस्य बेल में आ गए और नारेबाजी करते हुए धरने पर बैठ गए। सदन में अव्यवस्था बढ़ने पर कार्यवाही दोपहर 1:20 बजे 15 मिनट के लिए स्थगित कर दी गई।

शिक्षक दल के ध्रुव कुमार त्रिपाठी ने वित्तविहीन मान्यता प्राप्त माध्यमिक विद्यालयों के शिक्षकों को समान कार्य के लिए समान वेतन देने का मुद्दा उठाया। इस पर भी कार्यस्थगन प्रस्ताव अस्वीकार कर सरकार को आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए गए। भोजनावकाश के बाद अपराह्न 3:30 बजे अधिष्ठाता जयपाल सिंह व्यस्त की अध्यक्षता में कार्यवाही फिर शुरू हुई। कार्यसूची की मदें निपटाई गईं और याचिकाओं को समिति को भेजा गया। राज्यपाल के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर सत्यपाल सिंह और उमेश द्विवेदी ने चर्चा की, जबकि सपा के लाल बिहारी यादव ने विरोध में अपने विचार रखे। अंत में अधिष्ठाता ने शाम 5 बजे सदन की कार्यवाही 11 फरवरी सुबह 11 बजे तक के लिए स्थगित कर दी।



विधान परिषद में विपक्ष के सवालों का जवाब देते नेता सदन उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य। अमृत विचार

### भर्ती में आरक्षण नियमों का सख्ती से पालन होगा: केशव मौर्य

- विधान परिषद के बजट सत्र में उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि प्रदेश सरकार सरकारी भर्तियों में आरक्षण नीति का पूर्ण पालन सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि आरक्षण प्रावधानों को लागू करने के संकल्प को सरकार दोहराती है और किसी भी स्तर पर अनियमितता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने विभिन्न श्रेणियों के आरक्षण का ब्यौरा देते हुए बताया कि अन्य पिछड़ा वर्ग के लिए 27 प्रतिशत, अनुसूचित जाति के लिए 21 प्रतिशत, अनुसूचित जनजाति के लिए 2 प्रतिशत और आर्थिक रूप से कमजोर सामान्य वर्ग के लिए 10 प्रतिशत आरक्षण का प्रावधान है। उन्होंने स्पष्ट किया कि 40 प्रतिशत अनारक्षित श्रेणी किसी विशेष वर्ग के लिए आरक्षित नहीं होती, बल्कि सभी वर्गों के अभ्यर्थी इसमें प्रतिस्पर्धा कर सकते हैं। उप मुख्यमंत्री ने बताया कि सभी सरकारी भर्तियों में आरक्षण नियमों के कड़ाई से पालन के लिए कार्मिक विभाग ने 30 दिसंबर 2025 को शासनादेश जारी किया है। उन्होंने 7994 लेखपाल पदों की भर्ती का उदाहरण देते हुए कहा कि विज्ञापन में हुई त्रुटि को ठीक कर 3205 पद अनारक्षित, 1679 एससी, 160 एसटी, 2158 ओबीसी और 792 ईडब्ल्यूएस के लिए निर्धारित किए गए। उन्होंने कहा कि सरकार भर्ती माफिया पर सख्त कार्रवाई और पारदर्शी भर्ती प्रक्रिया सुनिश्चित करने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है।

## सदन में मंत्रियों के जवाब

### दिव्यांगों की पेंशन तीन गुना बढ़ी, लाभ में पारदर्शिता सुनिश्चित: नरेन्द्र कश्यप



- पिछड़ा वर्ग कल्याण एवं दिव्यांगजन सशक्तीकरण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) नरेन्द्र कश्यप ने विधान परिषद में कहा कि योगी सरकार दिव्यांगजनों के सशक्तीकरण और योजनाओं के पारदर्शी क्रियान्वयन के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। विभाग की सभी योजनाएं ऑनलाइन और दलाल-मुक्त प्रणाली के तहत संचालित की जा रही हैं, जिससे पात्र लाभार्थियों को समय पर सहायता मिल रही है। मंत्री ने बताया कि वर्ष 2017 से पहले दिव्यांग पेंशन 300 रुपये प्रतिमाह थी, जिसे बढ़ाकर अब 1,000 रुपये कर दिया गया है। उन्होंने कहा कि सरकार का लक्ष्य है कि कोई भी पात्र दिव्यांगजन योजना के लाभ से वंचित न रहे और इसके लिए धन की कोई कमी नहीं है। उन्होंने बताया कि यूडीआईडी कार्ड भारत सरकार के स्वावलंबन पोर्टल से जारी किए जाते हैं। सिद्धार्थनगर जिले में 31 जनवरी 2026 तक 24,414 दिव्यांगजनों को यूडीआईडी कार्ड जारी किए जा चुके हैं। वहीं वित्तीय वर्ष 2025-26 में 14,356 पात्र लाभार्थियों को दिव्यांग पेंशन का लाभ मिला है। मंत्री ने स्पष्ट किया कि 40 प्रतिशत या उससे अधिक दिव्यांगता, निर्धारित आय सीमा और अन्य पेंशन न लेने की शर्त पूरी करने वाले व्यक्ति को पेंशन मिलती है। आवेदन ऑनलाइन होता है और सत्यापन के बाद राशि सीधे बैंक खाते में भेजी जाती है। उन्होंने कहा कि भ्रष्टाचार या शिकायत मिलने पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

### प्रदेश में 16,478 परियोजनाएं शुरु, 12.10 लाख करोड़ रुपये का हुआ निवेश : नंदी



- औद्योगिक विकास मंत्री नंद गोपाल गुप्ता 'नंदी' ने विधान परिषद में बताया कि इन्वेस्टर समिट और ग्राउंड ब्रेकिंग समारोहों के माध्यम से प्रदेश में बड़े पैमाने पर निवेश धरातल पर उतरा है। अब तक 16,478 औद्योगिक परियोजनाओं की ग्राउंडिंग हो चुकी है, जिनमें लगभग 12.10 लाख करोड़ रुपये का निवेश शामिल है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश में औद्योगिक विकास को नई गति मिली है और राज्य "उत्तम प्रदेश" के संकल्प के साथ अपने लक्ष्यों की ओर आगे बढ़ रहा है। मंत्री ने बताया कि वर्ष 2018 की इन्वेस्टर समिट में 1,045 इकाइयों ने 4.28 लाख करोड़ रुपये के निवेश प्रस्ताव दिए थे, जबकि 2023 की ग्लोबल इन्वेस्टर समिट में 19,250 इकाइयों ने 33.50 लाख करोड़ रुपये के एमओयू पर हस्ताक्षर किए। इसके बाद आयोजित चार ग्राउंड ब्रेकिंग समारोहों में कुल 16,478 परियोजनाओं की आधारशिला रखी गई। एक अन्य प्रश्न के उत्तर में मंत्री ने बताया कि कन्नौज के तिर्वा क्षेत्र में आगरा-लखनऊ एक्सप्रेसवे पर छूटी हुई सर्विस लेन का निर्माण जल्द शुरू होगा। भूमि उपलब्ध होने के बाद इस कार्य के लिए निविदा आमंत्रित की जा चुकी है और अनुबंध के बाद नौ माह में निर्माण पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है।

# भारत-अमेरिका व्यापार समझौता किसान विरोधी: सुनील सिंह

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** लोकदल के राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी सुनील सिंह ने कहा कि केन्द्र सरकार ने तथाकथित भारत-अमेरिका व्यापार समझौता पूरी तरह से किसान विरोधी और राष्ट्र विरोधी है। यह समझौता देशहित में नहीं, बल्कि दबाव में आई केन्द्र सरकार की राजनीतिक मजबूरी का परिणाम है। इस दौरान चेतावनी दी गई कि यदि समझौता रद्द नहीं हुआ तो फिर किसान आर-पार की लड़ाई लड़ने को मजबूर होंगे। लोकदल ने मंगलवार को लखनऊ में माल एवेन्यू स्थित कार्यालय पर किसान संगठनों के साथ बैठक की। किसान नेताओं ने कहा कि यह समझौता भारतीय कृषि को तबाह करने की एक सोची-समझी साज़िश है। एक ओर जहाँ अमेरिका में एक किसान को हर साल 60 लाख से 2 करोड़ रुपये तक की सरकारी सब्सिडी, आधुनिक तकनीक, सस्ती बिजली, सस्ता डीज़ल और पूरी सरकारी सुरक्षा मिलती है, वहीं भारत का किसान महंगे बीज, महंगी खाद, महंगे डीज़ल, कर्ज़ और बिना एमएसपी की कानूनी गारंटी के इंतजार में खड़ा है।



चौधरी सुनील सिंह व अन्य।

# प्रदेश ने खोए जमीन से जुड़े और जनजातीय समाज के नेता: मुख्यमंत्री

## विधानसभा

- सत्ता व विपक्ष ने विधानसभा में प्रो. श्याम बिहारी लाल और विजय सिंह गौड़ दी श्रद्धांजलि

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** नेता सदन व मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को विधानसभा में बरेली के फरीदपुर से विधायक प्रो. श्याम बिहारी लाल और सोनभद्र की दुद्धी से विधायक विजय सिंह के निधन पर शोक प्रस्ताव रखा। सभी दलों के नेताओं ने दोनों दिवंगत सदस्यों को श्रद्धांजलि दी और कुछ क्षण मौन रखकर नमन किया। योगी ने श्रद्धांजलि देते हुए कहा कि प्रदेश ने जमीन से जुड़े और जनजातीय समाज के नेता खोए हैं।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शोक जताते हुए सदन में कहा कि वर्तमान विधानसभा के सदस्य प्रो. श्याम बिहारी लाल का निधन 2 जनवरी 2026 को 60 वर्ष की आयु में हो गया। वह दूसरी बार विधानसभा के लिए निर्वाचित हुए थे और फरीदपुर (बरेली) से भारतीय जनता पार्टी के विधायक थे। वे मिलनसार और जमीन से जुड़े जनप्रतिनिधि थे। शिक्षा जगत से उनका गहरा जुड़ाव रहा। वह इतिहास संकलन समिति, बरेली के अध्यक्ष तथा जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय, नई दिल्ली की कार्यसमिति के सदस्य भी रहे। उनके निधन से प्रदेश और भारतीय जनता पार्टी को अपूर्णनीय क्षति हुई है। मुख्यमंत्री ने विधानसभा के वरष्ठ सदस्य विजय सिंह गौड़ के निधन पर भी शोक व्यक्त किया। उन्होंने सदन को बताया कि समाजवादी पार्टी से विधायक विजय सिंह का निधन 8 जनवरी 2026 को 71 वर्ष की आयु में हो गया था। वह आठवीं बार विधानसभा सदस्य निर्वाचित हुए थे। वर्ष 1980 से उनका राजनीतिक सफर शुरू हुआ था। उन्होंने सर्वप्रथम वर्ष 1980, फिर 1985, 1989, 1991, 1993, 1996, 2002 में चुनाव जीता था। वर्ष 2024 के उप चुनाव में वह दुद्धी विधानसभा से निर्वाचित हुए थे। वह जनजातीय समाज की सशक्त आवाज के रूप में जाने जाते थे।

### राजनीतिक चमक दमक से दूर थे विजय सिंह

- नेता प्रतिपक्ष माता प्रसाद पांडेय ने कहा कि प्रो. श्याम बिहारी के निधन से विधानसभा उनके ज्ञान और अनुभव से वंचित हो गई है। उन्होंने विजय सिंह को याद करते हुए कहा कि वह 1980 में सदन में चुनकर आए थे और राजनीतिक चमक-दमक से दूर रहते थे। अपना दल के राम निवास वर्मा ने दोनों विधायकों के निधन पर गहरी संवेदना व्यक्त की है। रालोद के राजपाल सिंह बालियान ने अपूरणीय क्षति बताया है। सुभासपा अध्यक्ष ओम प्रकाश राजभर, निषाद पार्टी के अनिल कुमार त्रिपाठी, कांग्रेस की आराधना मिश्रा 'मोना' ने कहा कि दोनों के योगदान को याद करते हुए नमन किया। जनसत्ता दल लोकतांत्रिक के विनोद सरोज ने भी श्रद्धांजलि दी। विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना ने कहा कि पूरा सदन शोकाकुल है और सदन की ओर से दोनों परिवारों के प्रति संवेदनाएं प्रेषित की जाएंगी। शोक प्रकट करने के साथ ही विधान सभा बुधवार 11 बजे तक के लिए स्थगित हो गई।



विधानसभा में शोक प्रस्ताव रखते मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ।

### रिंग बजने पर भाजपा विधायक चौधरी बाबूलाल का मोबाइल जब्त

- बजट सत्र के दूसरे दिन सदन में विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना ने फतेहपुर सीकरी के भाजपा विधायक चौधरी बाबूलाल का मोबाइल फोन बजने पर नाराजगी जताई। दिवंगत विधायकों को श्रद्धांजलि देते समय इनका मोबाइल बजा था। विधानसभा अध्यक्ष ने तत्काल सुरक्षा कर्मी को बुलाकर विधायक का मोबाइल जब्त कराया। विधानसभा की कार्यवाही खत्म होने के बाद माफी मांगने पर अध्यक्ष ने उनका मोबाइल फोन वापस कराया।

# समृद्ध योजना से स्टार्टअप हब बनने की ओर यूपी

- केंद्र की पहल में मजबूत भागीदारी, 35 स्टार्टअप्स को मिला एक्सेलेरेशन सपोर्ट

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** केंद्र सरकार के इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय की महत्वाकांक्षी 'समृद्ध' योजना में उत्तर प्रदेश ने प्रभावशाली उपस्थिति दर्ज कराई है। इस योजना के तहत चयनित एक्सेलेरेटरों और स्टार्टअप्स की संख्या यह संकेत देती है कि प्रदेश तेजी से देश के प्रमुख स्टार्टअप हब के रूप में उभर रहा है।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश में स्टार्टअप्स को प्रोत्साहन देने के लिए बनाई गई नीतियों का असर अब राष्ट्रीय स्तर पर दिखाई देने लगा है। केंद्र की योजनाओं का लाभ युवाओं तक पहुंचाने के लिए प्रदेश स्तर पर लगातार समन्वय किया जा रहा है, जिससे स्टार्टअप्स को फंडिंग के साथ-साथ मेंटरशिप और बाजार से जुड़ने का अवसर मिल रहा है। समृद्ध योजना के तहत उत्तर प्रदेश से 10 एक्सेलेरेटरों ने एक्सप्रेशन ऑफ इंटरेस्ट जमा किया था, जिनमें से 4 का चयन किया गया। इन एक्सेलेरेटरों के माध्यम से प्रदेश के 35 स्टार्टअप्स को एक्सेलेरेशन सपोर्ट मिला, जिनमें से 27 स्टार्टअप्स फंडिंग हासिल करने में सफल रहे। योजना के तहत प्रदेश के स्टार्टअप्स को 9.91 करोड़ रुपये की राशि वितरित की गई, जिसका उपयोग उत्पाद विकास, तकनीकी मजबूती और बाजार विस्तार के लिए किया जा रहा है।

केंद्र सरकार की इस योजना में प्रत्येक स्टार्टअप को अधिकतम 40 लाख रुपये तक की मैचिंग फंडिंग का प्रावधान है, जबकि एक्सेलेरेटरों को भी स्टार्टअप्स को मेंटरशिप और संसाधन उपलब्ध कराने के लिए वित्तीय सहायता दी जाती है। प्रदेश सरकार का मानना है कि स्टार्टअप नीति, आईटी और इलेक्ट्रॉनिक्स सेक्टर को बढ़ावा, आधुनिक अवसंरचना और सिंगल विंडो सिस्टम जैसी पहलों ने युवाओं को उद्यमिता की ओर आकर्षित किया है।

### समृद्ध योजना में यूपी की प्रमुख उपलब्धियां

- 10 एक्सेलेरेटरों ने किया प्रदेश सेआवेदन
- 4 एक्सेलेरेटरों का राष्ट्रीय स्तर पर चयन
- 35 स्टार्टअप्स को मिला एक्सेलेरेशन सपोर्ट
- 27 स्टार्टअप्स को मिली फंडिंग
- 9.91 करोड़ की राशि वितरित
- हेल्थटेक, एजुटेक, एग्रीटेक, फिनटेक समेत कई क्षेत्रों को मिला लाभ
- 40 लाख तक अधिकतम प्रति स्टार्टअप की मैचिंग फंडिंग का प्रावधान

## तैयारी | 100 साल पुराने विधानभवन की जगह पर बनेगा आधुनिक सत्ता केंद्र

# सहारा शहर के 245 एकड़ में बनेगा नया विधानभवन

- रोजाना पार्किंग और जाम के साथ बारिश में जलभराव से मिलेगी राहत
- शासन ने एलडीए को सौंपी जिम्मेदारी, कंसल्टेंट तय कर जल्द बनेगी डीपीआर

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** नया विधानभवन गोमतीनगर के विपुल खंड स्थित सहारा शहर के 245 एकड़ में बनेगा। शासन के निर्देश पर लखनऊ विकास प्राधिकरण (एलडीए) ने परियोजना के लिए कंसल्टेंट नियुक्त करने की प्रक्रिया शुरू कर दी है, जो भवन का डिजाइन और विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (डीपीआर) तैयार करेगा।100 साल पुराने विधानभवन की जगह इस आधुनिक सत्ता केंद्र से रोजाना पार्किंग और जाम के साथ बारिश में जलभराव से भी निजात मिलेगी।

सहारा शहर परिसर की यह जमीन अब पूरी तरह सरकारी नियंत्रण में आ चुकी है। इसमें करीब 75 एकड़ जमीन एलडीए और 170 एकड़ जमीन नगर निगम ने अपने कब्जे में ली है। जमीन की पैमाइश पूरी कर रिपोर्ट शासन को भेजी जा चुकी है। उच्च स्तर पर नए विधानभवन के निर्माण को सैद्धांतिक सहमति भी मिल चुकी है। वर्तमान विधानभवन करीब एक सदी पुराना है और राजधानी के अत्यंत व्यस्त इलाके में स्थित है। समय के साथ विधायकों की संख्या, प्रशासनिक इकाइयों और सुरक्षा जरूरतों में बढ़ोतरी हुई है, लेकिन भवन का ढांचा सीमित ही रहा। पार्किंग की कमी, वीआईपी मूवमेंट के दौरान जाम और बरसात में जलभराव जैसी समस्याएं लगातार सामने आती रही हैं। नई विधानसभा के निर्माण से इन समस्याओं का स्थायी समाधान मिलने की उम्मीद है। सहारा शहर का इलाका चौड़ी सड़कों, बेहतर कनेक्टिविटी और भविष्य में विस्तार की संभावनाओं के कारण इस परियोजना के लिए उपयुक्त माना जा रहा है।

### कंसल्टेंट तैयार करेगा पूरा खाका

- एलडीए अधिकारियों के अनुसार, चयनित कंसल्टेंट पूरे प्रोजेक्ट का तकनीकी आधार तैयार करेगा। इसके तहत कॉन्सेप्ट प्लानिंग, मास्टर प्लान, आर्किटेक्चरल डिजाइन, भवन की ऊंचाई, सुरक्षा व्यवस्था और आधुनिक सुविधाओं का खाका बनाया जाएगा। इसके साथ ही ट्रैफिक, पार्किंग, जल निकासी, बिजली व्यवस्था और पर्यावरणीय प्रभाव का अध्ययन भी किया जाएगा। परियोजना की अनुमानित लागत, चरणबद्ध निर्माण योजना और समय-सीमा तय कर शासन को डीपीआर सौंपी जाएगी।

### कंसल्टेंट बनाएगा नए विधान भवन का नक्शा

- नए विधान भवन बनाने के लिए एलडीए कंसल्टेंट नियुक्त करेगा। कंसल्टेंट मानचित्र से स्ट्रेक्चर का खाका तैयार करके एलडीए को देगा। इसका प्रस्ताव एलडीए शासन को भेजेगा और अनुमति मिलने पर निर्माण के लिए डिटेल प्रोजेक्टर रिपोर्ट (डीपीआर) बनाई तैयार की जाएगी।

### भविष्य की जरूरतों को ध्यान में रखकर होगा निर्माण

- नई विधानसभा को केवल वर्तमान जरूरतों तक सीमित न रखकर आने वाले दशकों की आवश्यकताओं के अनुसार विकसित किया जाएगा। इसमें डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर, ऊर्जा दक्ष भवन, हरित क्षेत्र, आधुनिक सुरक्षा प्रणाली और बड़े पार्किंग जोन जैसी सुविधाएं शामिल होंगी। एलडीए के उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार का कहना है कि कंसल्टेंट के चयन के बाद प्रस्ताव को अंतिम रूप देकर शासन को भेजा जाएगा। स्वीकृति मिलते ही निर्माण प्रक्रिया शुरू होने की उम्मीद है। नया विधानभवन न केवल प्रदेश की सत्ता का आधुनिक केंद्र बनेगा, बल्कि गोमतीनगर और आसपास के क्षेत्रों के विकास को भी नई गति देगा।

न्यूज ब्रीफ

### बाइक की टक्कर दो महिलाएं घायल

**शिवली।** पैदल खेत जा रही दो बुजुर्ग महिलाओं को सामने से आ रही बुलेट ने टक्कर मार दी। औरंगाबाद की रहने वाली नन्हकी पत्नी मैकू लाल (60) और तारावती पत्नी राम शंकर (65) मंगलवार की शाम खेत पर पैदल जा रही थी। इसी बीच तेज रफ्तार बुलेट सवार ने दोनों को टक्कर मार दी। दोनों को एंबुलेंस से सीएचसी शिवली लाया गया। प्राथमिक उपचार के बाद कानपुर के हैलट अस्पताल रेफर कर दिया गया।

### सड़क हादसों में पति पत्नी समेत 5 घायल

**रसूलाबाद।** अलग-अलग स्थानों पर हुए सड़क हादसे में दंपति समेत पांच लोग घायल हो गए। कस्बा के सुभाष नगर निवासी जितेंद्र तिवारी 45 पत्नी मुक्ति तिवारी 38 के साथ सोमवार देर शाम बाइक से आजाद चौक की तरफ जा रहे थे तभी अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। हादसे में वह घायल हो गए। सूचना पर परिजन एंबुलेंस से सीएचसी ले गए वहां ईएमओ डॉक्टर सौरभ शाक्य ने इलाज के बाद दोनों को मेडिकल कॉलेज के लिए रेफर किया। ज्योड़ि निवासी संजय 26, फतेहपुर समायू निवासी विजय कुमार 24 व कारियावर कॉलोनी निवासी संजू 31 अलग-अलग स्थानों में बाइक अनियंत्रित होकर गिर जाने के कारण घायल हो गए। सूचना पर परिजन सीएचसी ले गए जहां सभी घायलों का इलाज ईएमओ डॉक्टर सौरभ शाक्य व फार्मासिस्ट योगेंद्र कुमार ने किया।

### जेठ की करतूतों से तंग महिला ने पुलिस से लगाई गुहार

**कानपुर देहात।** महिला ने अपने जेठ पर बुरी नीयत से साथियों संग रात के समय घर में घुसने का आरोप लगाते हुए पुलिस को शिकायती पत्र दिया है। महिला की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी से पूछताछ कर उसे हिदायत दी है जबकि महिला ने पैसे लेकर छोड़ देने का आरोप लगाया है। रूरा थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी महिला ने पुलिस को शिकायती पत्र देकर बताया कि उसका जेठ शराबी किस्म का व्यक्ति है और बाहरी लोगों को बुलाकर मेरे घर के पास जमावड़ा लगाए रखता है। विरोध करने पर गाली गलौज करने लगता हैं। महिला के अनुसार 6 फरवरी को रात को जब वह घर के अंदर पति और बच्चों के साथ सो रही थी। इसी दौरान जेठ अपने दो साथियों संग घर में घुस आया। आहट पाकर जब उसने पति को जगाया तो जेठ साथियों के साथ भाग गया। महिला की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी को बुलाकर कड़ाई से पूछताछ करते हुए उसे सख्त हिदायत दी। दूसरी तरफ, महिला ने पुलिस पर पैसे लेकर आरोपी को छोड़ देने का आरोप लगाया है।

### कार्यशाला आज

**कानपुर देहात।** पंडित दीनदयाल के पुण्यतिथि के उपलक्ष्य में समर्पण निधि कार्यक्रम के अंतर्गत जिला भाजपा द्वारा बुधवार को कार्यशाला का आयोजन किया जाएगा। पार्टी के जिला मीडिया प्रभारी विकास मिश्रा ने बताया कि 11 फरवरी को दोपहर 12 बजे अकबरपुर ब्लॉक सभागार में कार्यशाला होगी। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में प्रबुद्ध वर्ग के प्रदेश संयोजक प्रोफेसर अनिल मिश्रा व क्षेत्रीय उपाध्यक्ष अशोक राजपूत उपस्थित रहेंगे।

# पता पूछने के बहाने बाइक सवारों ने महिला के जेवरात छीने, फरार

## गमछे के जरिए महिला को सुंघाया नशीला पदार्थ, रसूलाबाद के गंभीरा गांव के पास हुई घटना

संवाददाता, रसूलाबाद

**अमृत विचारः** तारनपुरवा मजरा अलीपुर रामहार निवासी एक महिला को गंभीरा गांव के निकट बंबा की पटरी पर अज्ञात बाइक सवार दो लोगों ने मुंह पर अंगौछे में लगाकर कोई नशीला पदार्थ सुंघा दिया। इसके बाद उसके सोने चांदी के जेवरात व 15 हजार रुपये लेकर रफूचक्कर हो गए।


बाइक सवार लुटेरों का शिकार हुई महिला।

तारनपुरवा मजरा अलीपुर रामहार निवासी शिवदेवी पत्नी रामेश्वर ने पुलिस को दिए गए प्रार्थना पत्र में बताया कि 9 फरवरी को वह और मड़हादास याकूबपुर में अपनी भतीजी के यहां उनके ससुर की मृत्यु पर गई थी। वहां से वह 12 बजे अपने घर के लिए निकली और पैदल दिब्बा पूर्वा से अपने गांव के लिए आ रही थी। तभी गांव व गंभीरा के मध्य बंबा की पटरी पर पीछे से दो अज्ञात बाइक सवार आए। इस पर उसने कहा कि तुम्हें दिखाई नहीं पड़ता है तो वह बोले माताजी बाइक बहक गई थी और उससे किसी गांव का रास्ता पूछते हुए उसके मुंह पर अंगौछे में लगा कोई नशीला पदार्थ सुंघा दिया। इसके बाद वह वहीं बेहोश होकर गिर गई। वे लोग उसके सोने के बाले, मंगलसूत्र, एक जोड़ी चांदी की तोड़ियां व 15 हजार रुपए लेकर रफू चक्कर हो गए। 15 हजार रुपए वह भतीजी को देने के लिए ले गई थी किंतु वहां पैसे की व्यवस्था हो जाने के कारण वापस लिए घर आ रही थी। रास्ते में उसको पड़े देखकर गांव वाले उसको उठाकर घर ले गए बाद में उसे होश आया बालों को सारी आपबीती बताई। इस पर अपने पुत्र विमलेश कुमार के साथ थाने आकर उसने इसकी तहरीर थाने में दी है। इस संबंध में वरिष्ठ उप निरीक्षक राम सिंह ने बताया कि मामले का प्रार्थना पत्र मिला है। घटना संदिग्ध है। पुलिस सारे मामले का शीघ्र ही खुलासा करेगी।

### फेरी लगाने वाली महिलाएं कर रहीं टप्पेबाजी

**कानपुर देहात :** अपराधी की सोच कब कहां अपराध कर दे कोई पता नहीं है। यह भी साइबर क्राइम से कम नहीं है। इसके लिए आम जनता को सावधान रहना होगा। जिले में फेरी करके सामान बेचने वाली महिलाएं ठगी और टप्पे बाजी का काम कर रही है ऐसी महिलाएं ग्रामीण अंचलों की महिलाओं को मीठी-मीठी बातों में फंसा कर उनके बर्तन तो दूर रहा घर की महिलाओं के जेवर नया पुराना करने के चक्कर में आभूषण लेकर चंपत हो जाती है। एहतियात के तौर पर ऐसी महिलाएं गांव में यदि आती हैं तो उसकी सूचना स्थानीय पुलिस को तत्काल प्रभाव से दें ताकि किसी भी वारदात से बचा जाए। मंगलपुर थाने की पुलिस चौकी संदलपुर के बलवंतपुर ग्राम में विगत दिवस कुछ फेरी लगाने वाली महिलाओं ने ठगी करके कई महिलाओं के आभूषणों को पार कर दिया था। ग्राम की इंदु देवी पत्नी वीरेंद्र ने उपरोक्त टप्पेबाज महिलाओं के विरुद्ध मुकदमा लिखाया है। थाना मंगलपुर के प्रभारी मंगलपुर महेश कुमार द्विवेदी द्वारा गठित पुलिस टीम व चौकी इंचार्ज संदलपुर संजय दत्त ने संदलपुर जौरवा कठरा भंदेमउ गुरदही सहित एक दर्जन से अधिक स्थानों पर छापा डाला लेकिन ठगी करने वाली महिलाओं का कोई पता नहीं चल सका। थाना प्रभारी ने बताया कि पुलिस बल को सक्रिय कर दिया है। उनकी जानकारी मिलते ही उन्हें शीघ्र गिरफ्तार किया जाएगा।

# इस साल के अंत तक जिले को बाल श्रम से मुक्त करने की भरी हुंकार

कार्यालय संवाददाता, कानपुर देहात

**अमृत विचारः** मंगलवार को विकास भवन सभागार में बाल श्रम उन्मूलन हेतु राज्य कार्य योजना के प्रभावी क्रियान्वयन एवं जिला कार्य योजना को अंतिम रूप देने के उद्देश्य से जिला स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया।

सहायक श्रम आयुक्त राम अशीष द्वारा समस्त अतिथियों को पौधा भेंटकर सम्मानित किया गया। उन्होंने मंचासीन अतिथियों तथा प्रतिभागियों का परिचय कराया। इसके साथ कार्यशाला के उद्देश्य के बारे में विस्तार से बताया गया। बैठक की अध्यक्षता कर रहे जिलाधिकारी कपिल सिंह ने कहा कि सभी को बाल श्रग के प्रति संवेदनशील होना चाहिए। सरकार के उच्चस्तर से भी प्रदेश को बाल श्रम मुक्त करने हेतु सभी सरकारी, गैर सरकारी संगठनो व जनप्रतिनिधियों से सहयोग की अपेक्षा की गई है। हम सब को मिलकर अपने जनपद को वर्ष 2026 से बाल श्रम मुक्त कराना है। बैठक में उपस्थित पुलिस अधीक्षक श्रद्धा नरेन्द्र पांडेय कहा कि सभी बच्चे वयस्कों की जिम्मेदारी हैं और यदि बच्चों को सही समय पर सही मार्गदर्शन मिल जाए तो उनका जीवन बदला जा सकता है। उन्होंने यह भी कहा कि पुलिस यह आश्वस्त करती है कि जिसकी कही सुनवाई न हो उसके है। लिए हमारी पुलिस हर समय उपलब्ध मुख्य विकास अधिकारी विधान जायसवाल ने बाल श्रम के व्यापार पर पड़ने वाले दुष्प्रभाव के संबंध में अवगत कराते हुए कहा कि बाल श्रम को लेकर हमें सतर्क रहना है ताकि बाल श्रम के कारण हमारा व्यापार प्रभावित न हो और सभी बच्चों को शिक्षा से जोडा जाए।



कार्यशाला के दौरान जागरूकता वाहन को रवाना करते डीएम और एसपी।

- बाल श्रम मुक्त कानपुर देहात को लेकर हुई जिला स्तरीय कार्यशाला

श्रम विभाग के राज्य समन्वयक सैयद रिजवान अली द्वारा कार्यशाला का विस्तृत विवरण साझा किया गया। उन्होंने बताया कि वर्ष 2027 तक प्रदेश के सभी जनपदों को बाल श्रम मुक्त तथा चयनित आकांक्षी जनपदों को दिसंबर 2026 तक बाल श्रम मुक्त करने का लक्ष्य निर्धारित है। इस अवसर पर एसोसिएशन फॉर वॉलंटरी एक्शन से कार्यक्रम समन्वयक अमरेंद्र कुमार द्वारा संस्था का परिचय दिया गया तथा उसके मिशन एवं विजन पर चर्चा की।

# शिला पूजन के साथ सांवरा श्याम मंदिर का निर्माण कार्य शुरू हुआ

संवाददाता, शिवली

**अमृत विचारः** बैरी के खाटू श्याम सांवरा श्याम मंदिर में आयोजित किए जा रहे द्वितीय श्रीश्याम महायज्ञ के क्रम में मंगलवार को पनकी धाम के महंत कृष्णदास महाराज, त्यागी आश्रम के महंत स्वामी खड़ेश्वरी दास महाराज तथा खाटू श्याम मंदिर के महंत राजेश द्विवेदी द्वारा सांवरा श्याम मंदिर का शिला पूजन हुआ।


शिला पूजन करते मंदिर के महंत।

मैथा तहसील क्षेत्र की ग्राम सभा बैरी दरियाव निवासी राजेश त्रिवेदी खाटू नरेश बाबा खाटू श्याम के भक्त हैं। कई वर्षों से बाबा की भक्ति में जुटे राजेश त्रिवेदी ने अपनी ग्राम सभा में खाटू श्याम का मंदिर बनवाया जाने का बीड़ा उठाया। राजेश त्रिवेदी ने अपनी पैतृक जमीन पर मंदिर का निर्माण करवाए जाने का निर्णय लिया और बाबा की कृपा से निर्माण कार्य शुरू करवा दिया। राजेश त्रिवेदी ने राजस्थान स्थित खाटू श्याम मंदिर से अखंड ज्योति लाकर मंदिर में विद्वान आचार्य द्वारा विधि विधान से पूजन करवाकर स्थापित करवा दी। मंदिर के पुजारी राजेश त्रिवेदी ने बताया कि यहां पर प्रस्तावित उक्त मंदिर का निर्माण कार्य कुछ वर्ष में पूरा होगा। मंदिर का सिला पूजन होने के बाद वास्तुकला के कैलाश चंद्र के सहयोग से शिल्पकार राजेश तोमर द्वारा निर्माण कार्य शुरू कर दिया गया है। शिला पूजन के दौरान मोनू त्रिवेदी अंकुर गुप्ता मानस द्विवेदी जगत नारायण शुक्ला सुनील त्रिवेदी जीतू त्रिवेदी अभिनव त्रिवेदी समेत सैकड़ों श्याम भक्त मौजूद रहे।

- बैरी गांव स्थित खाटू श्याम सांवरा श्याम मंदिर में जारी है महायज्ञ

### गांव के चार लोगों के खिलाफ मारपीट की रिपोर्ट

**रसूलाबादः** चित्ता निवादा निवासी एक व्यक्ति ने गांव के ही चार लोगों के विरुद्ध गत तीन फरवरी रात 9 बजे घर में घुसकर अपशब्द कहने, मारपीट करने, जान से मारने की धमकी देने और बरामदे में खड़ी बाइक को लाठी डंडों से क्षतिग्रस्त कर देने की रिपोर्ट दर्ज कराई है।

चित्ता निवादा निवासी रोहित ने पुलिस को बताया की गत 3 फरवरी की रात 9 बजे उसके गांव के विकास, सुनील, आशीष व सागर उसको अपशब्द कहने लगे और विरोध करने पर घर के अंदर घुसकर मारा पीटा। बरामदे में खड़ी बाइक को क्षतिग्रस्त कर दिया। थाना प्रभारी सतीश कुमार सिंह ने बताया कि मामले की रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है।

# फांसी के फंदे से लटका मिला विवाहिता का शव

संवाददाता, रनियां

**अमृत विचारः** रनियां थाना क्षेत्र के पचगवां गांव में मंगलवार की देर शाम एक विवाहिता ने संदिग्ध परिस्थितियों में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना की जानकारी होते ही परिजनों में कोहराम मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मौके का निरीक्षण किया। वहीं फील्ड यूनिट की टीम ने घटनास्थल की जांच कर आवश्यक साक्ष्य संकलित किए। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पचगवां गांव निवासी ममता (30) पत्नी पवन कुमार ने अपने घर के कमरे में कुंडे से साड़ी के सहारे फांसी लगा ली। परिजनों ने बताया कि ममता की शादी करीब चार वर्ष पूर्व हुईं थी। आत्महत्या के कारणों का अभी तक पता नहीं चल सका है। थाना प्रभारी शिवनारायण सिंह ने बताया कि फौती सूचना मिली है। विवाहिता की मौत का कारण स्पष्ट नही हो सका है। मृतका के मायके वालों को जानकारी दी गई है। तहरीर मिलने पर आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी।

- रनियां के गांव पचगवां की घटना चार वर्ष पहले हुई थी शादी



### गोवंश स्थलों की जांच करेगी टीम

**कानपुर देहात।** डेरापुर में गोवंश आश्रय स्थलों की अव्यवस्थाओं की जानकारी पर डीएम ने कार्रवाई की है। दर्जन भर अधिकारियों की टीम से 21 बिंदुओं पर औचक जांच कराई गई। अधिकारियों को अलग-अलग ग्रामों में नामित करते हुए जिम्मेदारी सौंपी गई, जिसके अंतर्गत ग्राम कुढावल में जिला पंचायत राज अधिकारी, ग्राम जलिहापुर में जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, ग्राम मुंडेरा किन्नर सिंह में जिला पूर्ति अधिकारी, ग्राम खल्ला में उपायुक्त मनरेगा, ग्राम कमालपुर में जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी, ग्राम सिठमरा में जिला बाल विकास एवं पुष्टाहार अधिकारी, ग्राम नंदपुर में जिला कृषि अधिकारी, ग्राम इन्द्रुख में जिला पूर्ति अधिकारी, ग्राम बचीतपुरवा में मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी के साथ अन्य को लगाया गया।

# सुरक्षित इंटरनेट दिवस पर हुआ जागरूकता कार्यक्रम

कार्यालय संवाददाता, कानपुर देहात

**अमृत विचारः** मंगलवार को सुरक्षित इंटरनेट दिवस पर स्मार्ट टेक, सेफ चॉइसेज के अंतर्गत कलेक्ट्रेट में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

संबोधन में डीएम ने कहा कि वर्तमान डिजिटल युग में इंटरनेट एवं आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का उपयोग जीवन के लगभग हर क्षेत्र में बढ़ता जा रहा है। ऐसे में सुरक्षित इंटरनेट उपयोग, साइबर सुरक्षा, डेटा गोपनीयता तथा जिम्मेदार डिजिटल व्यवहार के प्रति जागरूकता अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने कहा कि इंटरनेट जहां एक ओर सुविधा एवं विकास का माध्यम है, वहीं दूसरी ओर इसके दुरुपयोग से साइबर अपराध, आर्थिक ठगी एवं सामाजिक नुकसान की संभावनाएं भी बढ़ी हैं। इसलिए सतर्कता एवं समझदारी के साथ तकनीक का उपयोग करना समय की आवश्यकता है। जिलाधिकारी ने विशेष रूप से बच्चों, महिलाओं, युवाओं एवं वरिष्ठ नागरिकों को ऑनलाइन ठगी, फर्जी वेबसाइट व लिंक, साइबर बुलिंग, पहचान की चोरी, फेक न्यूज, डीपफेक तथा आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के दुरुपयोग से उत्पन्न खतरों के प्रति सचेत रहने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि किसी भी अनजान लिंक पर क्लिक न करें, संदिग्ध कॉल अथवा संदेशों से सावधान रहें तथा अपनी व्यक्तिगत एवं वित्तीय जानकारी किसी के साथ साझा न करें।

# कार सवारों की मदद के लिए खंड शिक्षा अधिकारी का किया सम्मान

संवाददाता, रसूलाबाद

**अमृत विचारः** अटेवा पुरानी पेंशन बहाली मंच ने बीईओ को उनकी बहादुरी पर सम्मानित किया। गौरतलब है कि 6 फरवरी को एक अनियंत्रित कार निचली रामगंगा नहर में गिरी गई थी। कार में फंसे लोगों को निकालने के लिए बीईओ अजब सिंह द्वारा बिना कोई देर किए और जान की परवाह किए बिना नहर में कूद कर लोगों की सहायता की।

मंच के संयोजक सुखदेव बाबू ने कहा कि 6 फरवरी को जब बीईओ अजब सिंह विद्यालय निरीक्षण के कार्य के लिए अपने क्षेत्र पर निकले थे तो अचानक उन्होंने देखा कि एक कार गति अनियंत्रित होने के कारण ओरिया के निकट शहबाज पुर नहर में गिर गई है और कार सवार व्यक्ति सहायता के लिए संघर्ष कर रहे हैं। इस पर उन्होंने विलंब नहीं किया और जान की परवाह किए बिना नहर में कूद पड़े और डूब रहे लोगों को बचाने का प्रयास किया किंतु इस घटना में तीन लोगों की डूबने से मौत हो गई जबकि एक को बचा लिया गया। खंड शिक्षा अधिकारी रसूलाबाद अजब सिंह को उनके अदम्य साहस के लिये अटेवा पुरानी पेंशन बहाली मंच की रसूलाबाद ब्लॉक की टीम ने पुष्पमाला व स्मृति चिन्ह देकर एवं अंग वस्त्र ओढ़ाकर कर सम्मानित किया। इस मौके पर महामंत्री अक्षय त्रिपाठी सहसंयोजक नागेंद्र वर्मा, सहसंयोजक डॉ. त्रिलोक चंद, टीएससीटी के जिला अध्यक्ष विनीत मिश्रा आदि रहे।


बीईओ को सम्मानित करती टीम।

# नवयुवकों ने आपसी सहयोग से ठीक कराया फ्रीजर

सराहनीय पहल

संवाददाता, रसूलाबाद

**अमृत विचारः** विकासखंड क्षेत्र के मेघजाल गांव में नवयुवकों ने एक साल से खराब पड़े फ्रीजर को आपसी आर्थिक सहयोग से ठीक कराकर समाजसेवा का उदाहरण पेश किया है। प्राथमिक विद्यालय के पास स्थित इस फ्रीजर से गर्मी के मौसम में स्कूली बच्चों, राहगीरों और ग्रामीणों को पीने के पानी की समस्या से राहत मिलेगी।

गांव के ग्रामीणों ने इसकी मरम्मत के लिए कई बार संबंधित अधिकारियों से संपर्क किया था, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। बढ़ती गर्मी और पानी की समस्या को देखते हुए गांव के नवयुवकों ने इस समस्या को स्वयं हल करने का निर्णय लिया। समाजसेवी मोहम्मद शहनूर ने बताया कि यह फ्रीजर लंबे समय से खराब था। उसने अपने साथियों दीपक राजपूत, अमन राजपूत, राहुल राजपूत, बल्लू राजपूत, मोहित राजपूत, दीपेश राजपूत, आकाश राजपूत, शिशु राजपूत, सूरज राजपूत, आलोक राजपूत, सतीश राजपूत आदि नवयुवकों ने आपसी चंदा एकत्र कर फ्रीजर की मरम्मत करवाई। इस दौरान, उन्होंने फ्रीजर के आसपास फैली गंदगी को भी साफ करके स्वच्छता का संदेश भी दिया है। ग्रामीणों और विद्यालय प्रशासन ने नवयुवकों के इस प्रयास की सराहना की है। सामूहिक सहयोग से ऐसे कार्य गांव की कई समस्याओं का समाधान कर सकते हैं।

अभियान

राष्ट्रीय कृमि दिवस पर डीएम ने बच्चे को दी दवा

# एनीमिया और कुपोषण से बचाव के लिए बच्चों को दी एल्बेंडाजोल

कार्यालय संवाददाता, कानपुर देहात

**अमृत विचारः** मंगलवार को राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस के अवसर पर जिलाधिकारी कपिल सिंह द्वारा प्राथमिक विद्यालय नबीपुर में फीता काटकर कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर जिलाधिकारी द्वारा विद्यालय में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं को स्वयं एल्बेंडाजोल की गोली खिलाई। इसके साथ जनपद के समस्त विद्यालयों एवं आंगनबाड़ी केंद्रों में कार्यक्रम की शुरुआत हो गई।

डीएम ने उपस्थित बच्चों एवं शिक्षकों को संबोधित करते हुए कहा कि कृमि संक्रमण बच्चों के शारीरिक एवं मानसिक विकास में बाधा उत्पन्न करता है, जिससे एनीमिया, कमजोरी, कुपोषण तथा पढ़ाई में एकाग्रता की कमी जैसी समस्याएं उत्पन्न होती हैं। ऐसे में एल्बेंडाजोल की गोली बच्चों को इन संक्रमणों से सुरक्षित रखने में अत्यंत प्रभावी है। कार्यक्रम के उपरांत जिलाधिकारी कपिल सिंह द्वारा विद्यालय प्रांगण में स्थित आंगनबाड़ी केंद्र का भी भ्रमण किया गया, जहां उन्होंने आंगनबाड़ी केंद्र पर पंजीकृत बच्चों को एल्बेंडाजोल की गोली खिलाई तथा अभिभावकों और आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को कृमि मुक्ति कार्यक्रम के महत्व की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि यह कार्यक्रम स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय तथा शिक्षा विभाग के संयुक्त प्रयास से संचालित किया जा रहा है, जिसका उद्देश्य 1 से 19 वर्ष तक के बच्चों को कृमि संक्रमण से मुक्त करना है। जिलाधिकारी ने जानकारी देते हुए बताया कि जनपद में लगभग 9 लाख से ज्यादा बच्चों को एल्बेंडाजोल का सेवन कराया जा रहा है, जिससे बच्चे एनीमिया, कमजोरी, कुपोषण तथा पढ़ाई में एकाग्रता की कमी जैसी समस्याओं से बचेंगे।



राष्ट्रीय कृमि दिवस पर बच्चे को दवा पिलाते डीएम। रसूलाबाद में बच्चों को दवाएं वितरित करते स्वास्थ्य कर्मी। अमृत विचार

### कृमि मुक्ति दिवस पर बच्चों को दी गई दवा

**रसूलाबाद :** तहसील क्षेत्र के मान्यता प्राप्त, परिषदीय प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक विद्यालयों में राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस (एनडीडी) कार्यक्रम के तहत बच्चों को कृमिनाशक दवाएं वितरित की गईं। इस कार्यक्रम का आयोजन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रसूलाबाद के स्वास्थ्य विभाग द्वारा किया गया। सीएचसी रसूलाबाद चिकित्सा अधीक्षक दीपक गुप्ता और उनकी मेडिकल टीम के साथ यह कार्यक्रम चलाया गया। टीम के डॉ. राजीव, डॉ. दीक्षा पाल और स्वास्थ्यकर्मी राम मोहन फार्मासिस्ट ने बच्चों को स्वच्छता, साफ-सफाई और नियमित हाथ धोने के महत्व के बारे में भी जागरूक किया। इस कार्यक्रम के अंतर्गत क्षेत्र के संविलियन विद्यालय रसूलाबाद, जोत, पहाड़ीपुर, बिल्हा, मोती का पूर्वा, उसरी, कहिंजरी आदि सारे परिषदीय विद्यालयों एवं आंगनबाड़ी केदो पर दवा का वितरण किया गया।

# प्रसाद वितरण और भंडारे के साथ पंचकुंडीय महायज्ञ का समापन

कार्यालय संवाददाता, कानपुर देहात

**अमृत विचारः** क्षेत्र में आस्था के केंद्र श्रीरामजानकी आश्रम व संस्कृत महाविद्यालय गौरियापुर में विगत नौ दिनों से चलने वाले श्रीहरिहरात्मक पंचकुंडीय महायज्ञ का आज भंडारा प्रसाद वितरण के साथ समापन हुआ। मंगलवार को श्रीरामजानकी मंदिर के दरबार के समक्ष राम राज्याभिषेक का संगीतमय कार्यक्रम हुआ। इसमें आश्रम में स्थापित सभी देवी देवताओं का पूजन अर्चन किया गया। इसके बाद महाराज जी द्वारा भंडारा प्रसाद वितरण का शुभारंभ किया गया।


भंडारे में प्रसाद ग्रहण करते साधु-संत।

क्षेत्रीय व दूर दराज से आए हुए साधु संतों महंतों और आचार्यों ने पहले भंडारा प्रसाद ग्रहण किया। इसके बाद आश्रम में आने वाले अनेक क्षेत्रीय भक्तों को भंडारा प्रसाद वितरण किया गया। प्रसाद वितरण का क्रम देर रात तक अनवरत चलता रहा। अधिकारी, जनप्रतिनिधि और अलग-अलग दलों से जुड़े तमाम लोग आते रहे। भंडारा वितरण की व्यवस्था संस्कृत विद्यालय गौरियापुर के आचार्यों व छात्रों की देखरेख में चली। अध्यापक योगेश्वर नाथ अवस्थी ने बताया कि दूर-दूर के मठ-मंदिरों से आए करीब 400 साधु संतों, मंडलेश्वर और महंतों ने भोजन प्रसाद ग्रहण किया। गौरियापुर आश्रम के महंत देवनारायण दास जी ने सभी को दक्षिणा व वस्त्र आदि भेंट किए।

### नारी सशक्तिकरण के प्रशिक्षण में शामिल होंगी प्रतीक्षा त्रिपाठी

**रसूलाबाद।** सांस्कृतिक स्रोत एवं प्रशिक्षण केंद्र उदयपुर राजस्थान, संस्कृति मंत्रालय भारत सरकार द्वारा आयोजित पुनर्श्चर्या पाठ्यक्रम व रचनात्मक पुतलीकला की विरासत में प्रतिभाग करने के लिए यहां से प्रतीक्षा त्रिपाठी का चयन हुआ है। इसमें देश भर के 15 राज्यों व केंद्र शासित प्रदेशों से 117 प्रतिभागी चयनित किए गए। कार्यक्रम में देश भर के 117 शिक्षकों ने विशेष प्रशिक्षण प्राप्त किया। ज्ञात हो कि प्रतीक्षा त्रिपाठी पूर्व में भी (सीसीआरटी) हैदराबाद द्वारा आयोजित कार्यशाला में प्रतिभाग कर चुकी हैं। उन्होंने कक्षा शिक्षण में उनके अब तक के प्रयोगों की एक संक्षिप्त झलक भी (सीसीआरटी) उदयपुर में प्रस्तुत की। राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के परिदृश्य में यह प्रशिक्षण निःसंदेह बच्चों को नैतिक व सांस्कृतिक रूप से समृद्ध करने में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

## न्यूज ब्रीफ

### ई-रिक्शा संचालकों को दी हिदायत

**बिल्हौर।** मंगलवार को थाना प्रभारी सुधीर कुमार द्वारा ककवन रोड चौराहे पर ई रिक्शा संचालकों के साथ वार्ता कर उनको यातायात के नियम को पालन करने के निर्देश दिए गए। कई मौके पर रेलवे क्रॉसिंग की चलते बिल्हौर कस्बे में इन दिनों पल-पल में जाम लग रहा है जिससे स्थानीय लोगों के साथ राहगीरों को भी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। थाना प्रभारी द्वारा ऑटो संचालक और ई-रिक्शा संचालकों को बताया गया यदि उनके कारण आम जनमानस लोगों को जाम की दिक्कत झेलनी पड़ी तो उनके विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाएगी तथा ड्राइविंग लाइसेंस धारा की रूट पर यात्रियों को दो सकेंगे इसके लिए भी कड़े निर्देश दिए गए।

### किशोरी को भगा ले जाने का मुकदमा दर्ज

**चौबेपुर।** क्षेत्र के एक गांव से नाबालिग छात्रा को युवक बहला फुसलाकर अपने साथ भगा ले गया। पीड़ित ने बताया है कि उसकी 16 वर्षीय पुत्री बिठूर स्थित एक विद्यालय में कक्षा 10 की छात्रा है। 4 फरवरी की रात मौका पाकर राज पुत्र रामचंद्र गौतम निवासी तरगांव, थाना घाटमपुर उसकी बेटी को बहला फुसला कर अपने साथ भगा ले गया। प्रभारी निरीक्षक दुर्गेश मिश्रा ने बताया कि आरोपी के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर पड़ताल शुरू की गई है।

### श्रीमद्भागवत कथा का शुभारंभ

**घाटमपुर।** नवेड़ी गांव मे श्रीमद्भागवत महापुराण कथा का मंगलवार को कलश यात्रा के साथ शुरू हो गया। कथा वाचक पंडित शुभम शास्त्री जी महाराज, श्री वृंदावन धाम के द्वारा मंत्रउच्चारण के साथ कथा का शुभारंभ किया। कथा के प्रथम दिन राजा परीक्षित की कथा सुनाई गई। कथा का समापन। एवं पूर्ण आहुति 17 फरवरी मंगलवार को किया जाएगा.। वहीं 18 फरवरी को भव्य श्री रामलीला का भी आयोजन किया गया है। वही समापन पर विशाल भंडारे का भी आयोजन किया गया है।

### अपना दल एस की बैठक में विधायक ने दिए टिप्स

**घाटमपुर।** घाटमपुर विधानसभा में आयोजित अपना दल (एस) पार्टी की मासिक विधानसभा बैठक में घाटमपुर विधानसभा की विधायक सरोज कुरील ने पार्टी के निर्देशानुसार संगठन को और अधिक सशक्त बनाने हेतु पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं के साथ बैठक विचार-विमर्श किया गया। इस मौके पर सर्वप्रथम उपस्थित अपना दल यस के कार्यकर्ताओं ने विधायक सरोज का फूल मालाओं के साथ उनका स्वागत किया। इस दौरान विधायक सरोज कुरील ने कहा कि कार्यकर्ता आगामी होने वाले पंचायत चुनाव एवं विधानसभा चुनाव के लिए कार्यकर्ता अभी से जुट जाएं और संगठन को मजबूत बनाने का काम करे।

### किसानों ने सौंपा छह सूत्री ज्ञापन

**घाटमपुर।** घाटमपुर में किसान संघर्ष समिति के तत्वाधान में तहसील क्षेत्र के लगभग एक सैकड़ा किसानों ने उप जिलाधिकारी कार्यालय पहुंचकर एसडीएम अविचल प्रताप सिंह को डीएम संबोधित ज्ञापन सौंपकर एलिवेटेड हाईवे के लिए चल रही भू अधिग्रहण प्रकिया का विरोध किया है। उन्होंने कहा कि किसानों को बिना जानकारी दिए एलिवेटेड हाईवे के लिए जमीन का चिन्हांकन कार्य पूरा कर लिया गया है। ज्ञापन सौंपकर बाजार रेट में मुआवजा दिलाने समेत कई मांगें रखीं।

# बीमारी से परेशान युवक ने पोल पर चढ़ किया हंगामा

## शिवराजपुर थाना क्षेत्र स्थित बिराईचामऊ गांव का मामला, पहुंची पुलिस

संवाददाता बिल्हौर/शिवराजपुर


युवक के पोल पर चढ़ने की खबर फैलते ही मौके पर भीड़ लग गई। अमृत विचार

**अमृत विचार।** शिवराजपुर थाना क्षेत्र स्थित बिराईचामऊ गांव में उस वक्त हड़कंप मच गया, जब एक युवक जिंदगी से हताश होकर 33,000 वोल्ट की हाईटेंशन लाइन के खंभे पर चढ़ गया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, बिराईचामऊ निवासी शिव कुमार पुत्र राम किशन लंबे समय से कैंसर जैसी गंभीर बीमारी से जूझ रहा है। परिजनों और ग्रामीणों का कहना है कि बीमारी के कारण होने वाला असहनीय शारीरिक दर्द उसे मानसिक रूप से तोड़ चुका था। इसी पीड़ा से तंग आकर वह आत्मघाती कदम उठाने के इरादे से हाईटेंशन लाइन के खंभे पर जा चढ़ा।

जैसे ही युवक के पोल पर चढ़ने की खबर फैली, मौके पर भारी भीड़ जमा हो गई। घटना की संवेदनशीलता को देखते हुए तत्काल बिजली आपूर्ति बंद कराई गई। शिवराजपुर थाना पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंची और युवक को समझा-बुझाकर नीचे उतारने का प्रयास शुरू किया। रेस्क्यू टीम और स्थानीय लोगों ने युवक का हौसला बढ़ाया और उसे सुरक्षित नीचे उतारने के लिए कड़ी मशक्कत की। समाचार लिखे जाने तक पुलिस की टीम युवक को बचाने के प्रयास कर रही थी जबकि मौके पर डीजेएम असरफ मोहम्मद ने विद्युत आपूर्ति कों बंद कराया। शिव कुमार की इस स्थिति को देख उसके परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। ग्रामीणों का कहना है कि कैंसर के इलाज के भारी खर्च और लगातार बढ़ती तकलीफ ने युवक को इस कदर हताश कर दिया कि उसने मौत को गले लगाने की कोशिश की। फिलहाल, युवक सुरक्षित है।

# शिव बारात में मर्यादित रहेगी डीजे की गूंज

संवाददाता बिल्हौर

**अमृत विचार।** महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर कस्बे में निकलने वाली भव्य शिव बारात की तैयारियों को लेकर मंगलवार को पुलिस प्रशासन और आयोजन कमेटी के बीच एक महत्वपूर्ण समन्वय बैठक संपन्न हुई। बैठक में शांति व्यवस्था, ध्वनि प्रदूषण पर नियंत्रण और यातायात प्रबंधन को लेकरूपरेखा तैयार की गई।

**ध्वनि विस्तारक यंत्रों (डीजे) के लिए कड़े नियम:** बैठक की अध्यक्षता कर रहे एसीपी मंजय सिंह ने आयोजन कमेटी को स्पष्ट निर्देश दिए कि सुप्रीम कोर्ट और शासन द्वारा निर्धारित मानकों का कड़ाई से पालन किया जाए। डीजे और साउंड सर्विस की आवाज एक निश्चित मानक से अधिक नहीं होनी चाहिए। अधिकारियों ने जोर दिया कि संगीत और उत्साह ऐसा हो जिससे किसी भी आम नागरिक या मरीज को असुविधा न हो। एसीपी मंजय सिंह ने कहा कि आस्था के इस महापर्व को हर्षोल्लास के साथ मनाएं, लेकिन कानून के दायरे में रहकर। पुलिस प्रशासन पूरी मुस्तैदी के साथ मुस्तैद रहेगा ताकि किसी भी प्रकार की अव्यवस्था न फैले। आयोजन कमेटी ने भी प्रशासन को पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया है।

**तैयार किया गया 'रूट मैप'**

- बिल्हौर के मुख्य मार्गों पर जाम की स्थिति न बने, इसके लिए थाना प्रभारी सुधीर कुमार ने कमेटी के सदस्यों के साथ रूट मैप पर चर्चा की। शिव बारात निर्धारित रूट से ही निकलेगी।

**स्वयंसेवकों की तैनाती**

- कमेटी को निर्देश दिए गए हैं कि वे अपने वालंटियर्स तैनात करें जो पुलिस के साथ मिलकर भीड़ को नियंत्रित करने और यातायात सुचारू रखने में मदद करेंगे।

# भागवत कथा में सुदामा चरित्र का वर्णन

**बिठूर।** काली मंदिर के सिद्ध स्थान पर बनी में संत गोविंद आश्रम दंडी स्वामी के सानिध्य में चल रही भागवत कथा के विराम दिवस पर भागवत व्यास शरदेंदु जी महाराज ने सुदामा चरित्र का मार्मिक वर्णन किया उन्होंने कहा जीव जब ईश्वर से प्रेम करता है तब ईश्वर जीव को भी ईश्वर बना देते हैं जीव का सच्चा मित्र परमपिता ईश्वर ही है। सुदामा ने ईश्वर से निरपेक्ष प्रेम किया तो उन्होंने सुदामा को अपना लिया और अपने जैसा वैभवशाली भी बना दिया। सुदामा पुरी भी द्वारिका जैसी समृद्ध बना दी भगवान तो उनके चरण कमल का स्पर्श करने वाले को अपना स्वरूप दे देते हैं तो धन के दान का तो आश्चर्य ही क्या। आचार्य जी ने परीक्षित मोक्ष तक कथा सुनाई।


अमृत विचार
क्लासीफाइड
विज्ञापन हेतु अमृत विचार कार्यालय में सम्पर्क करें

वर्गीकृत विज्ञापन हेतु अमृत विचार अखबार के कार्यालय में सम्पर्क करें

**सूचना**
मैं सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा बार काउंसिल आफ उत्तर प्रदेश का अधिवक्ता पंजीयन प्रमाणपत्र/ इन्रोलमेंट संख्या-1046 दिनांक 28.03.1978 वास्तव में कहीं खो गया है, यदि किसी को मिलता है तो उसकी सूचना/प्रमाणपत्र मेरे नीचे लिखे पते पर उपलब्ध कराने का कष्ट करें। **सगीर अहमद, एडवोकेट पता-मकान नम्बर 1170, सिरवारा रोड, सिविल लाइन तार बाबू की गली, सुलतानपुर सिटी, सुलतानपुर उ0प्र0, पिन 228001, मो0नं0-9161698247**

**सूचना**
मेरा नाम Meraj Ahmed है। आधार कार्ड नंबर 5753 6597 3209 मे मेरा नाम Meaj Ahmad है। मुझे दोनों नामों से जाना व पहचाना जाता है अब मैंने अपना नाम Meraj Ahmad रख लिया है। Meraj Ahmad s/o Siraj Ahmad निवासी ग्राम मदर बक्श लौकहवा, तहसील तुलसीपुर, जिला बलरामपुर

**सूचना**
मैं SAFATULLAH KHAN पुत्र श्री ALLAH BAX निवासी ग्राम पुरैना बुलन्द, पो0-टेड़वा नवाबाद, जिला-बलरामपुर, उ0प्र0, सबको सूचित करता हूँ कि मैंने अपना नाम बदलकर SAFATULLA ALLABAKSH KHAN कर लिया है, अतः आज से मुझे SAFATULLA ALLABAKSH KHAN के नाम से जाना पहचाना व लिखा जाये।

**सूचना**
मैं **जगजीवन दास** (JAGJEEVAN DAS) **पुत्र जगदीश राय निवासी - मं0 नं0- 266/395, भदेवां 0, बाजार खाला राजेन्द्र नगर लखनऊ उ0 प्र0- 226004,** उपरोक्त दिये गये पते का निवासी हूँ। यह कि मैं निवास स्थान मं0 नं0- 266/395, भदेवां, बाजार खाला राजेन्द्र नगर लखनऊ उ0 प्र0- 226004 है, में स्थाई निवास करता हूँ। जिसे मेरे सभी दस्तावेजों पर संशोधन/त्रुटि सुधार के साथ दर्ज किया जाय।

**सूचना**
मैने अपना नाम ABDUL AHMED ISTIYAQ AHMED से बदलकर ABDUL AHMED रख लिया अब इसी नाम से जाना व पहचाना जाये। S/0-ISTIYAQ AHMED ADD-87 GRAM TIKAWAMAU POST-PUREDALAI,DIST-BARABANKI -225401(U.P.)

**सूचना**
मैं **राम बेटी पत्नी स्व0 रणधीर सिंह निवासिनी ग्राम-सिकौरी, पोस्ट-काकोरी, जनपद लखनऊ,** कुछ दस्तावेजों में त्रुटिवश मेरा नाम रामरती अंकित है, जबकि मेरा सही नाम रामबेटी है। यह कि भविष्य में मेरा सही नाम रामबेटी के नाम से जाना व पहचाना जाये।

**सूचना**
सूचित हो कि मेरा नाम **बब्ली जायसवाल पत्नी शिवम जायसवाल निवासी भूपगंज बाजार पयागपुर पोस्ट पयागपुर जिला बहराइच** है त्रुटिवश मेरे आधार में मेरा नाम बबली जायसवाल पत्नी शिवम जायसवाल लिख गया है जो गलत है मुझे बब्ली जायसवाल पत्नी शिवम जायसवाल के नाम से जाना एवं पहचाना जावें

**सूचना**
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं **सकीना बानो पत्नी मुनौव्वर आयु लगभग 55 आयु वर्ष निवासी अंधे की चौकी, हरदोई रोड, सिकरौरी लखनऊ उ0प्र0** की मूल निवासी हूं। मेरा नाम कुछ दस्तावेजों में त्रुटिवश 'जीनत' लिख गया है जबकि मेरा सही नाम सकीना बानो है। भविष्य में मुझे मेरे सही नाम से ही जाना पहचाना जाए। उपरोक्त विधिक औपचारिकताएं मेरे द्वारा संपन्न की गई हैं। **प्रार्थी सकीना बानो उपरोक्त**

**सूचना**
हम **मकसूद अहमद व इरशाद अहमद पुत्रगण स्व0 अहमद हुसैन निवासीगण-529/391, घोसियाना, रहीम नगर, थाना-महानगर, लखनऊ** यहकि मैं व मेरा भाई इस्लाम व फखरूददीन भवन संख्या-529/391, स्थित-घोसियाना, रहीम नगर, थाना-महानगर, लखनऊ के संयुक्त रूप से स्वामी है। भवन का बटवारा अभी नहीं हुआ है, यदि कोई भवन में स्थित दुकान को क्रय करता है तो वह अवैध होगा। कानूनी रूप से मान्य नहीं होगा।

**सूचना**
मैं रुबीना पुत्री शम्सुद्दीन उम्र 21 वर्ष, निवासिनी ग्राम झंझरा झंझरा थाना मोहम्मदपुर खाला जिला बाराबंकी की निवासिनी है, जिनका वर्तमान पता मल्हौर थाना चिनहट जिला लखनऊ है। आज की तारीख से मैं अपना मुस्लिम धर्म परिवर्तित कर हिन्दू धर्म अपनाने जा रही हूं, जिस कारण मुस्लिम धर्म से हिंदू धर्म परिवर्तित किये जाने के लिए मैने अपना नाम रूबी रख लिया है। भविष्य में मुझे रूबी के नाम से जाना व पहचाना जाए।

**सूचना**
मैं, **कमालुद्दीन अहमद हाशमी, पुत्र मोइनुद्दीन अहमद हाशमी, निवासी ग्राम व पोस्ट जौरास, त्रिवेदीगंज, बाराबंकी, उत्तर प्रदेश, 227131,** मैं कमालुद्दीन अहमद हाशमी उर्फ कमालुद्दीन अहमद के नाम से जाना जाता हूँ। जबकि पासपोर्ट के रिकार्ड में गलती के कारण मेरा नाम कमालुद्दीन अहमद, पुत्र मोइनुद्दीन अहमद हाशमी दर्ज हो गया है। यह कि मेरा नाम कमालुद्दीन अहमद हाशमी है, जो कि पूर्णतः सही है। मेरे आधार कार्ड संख्या 463735990041 में कमालुद्दीन अहमद हाशमी, पुत्र मोइनुद्दीन अहमद हाशमी के रूप में दर्ज है।

**सूचना**
मैं **रामऔतार पुत्र जियावन, निवासी -ग्राम राजापुरमाफी सलोन रायबरेली,** मेरा पुत्र सूरज तथा उसकी पत्नी पूजा का व्यवहार मेरे तथा परिवार के अन्य सदस्यों के प्रति सही नहीं है। उसके इस खराब व्यवहार से दुखी होकर उक्त दोनों को अपनी चल व अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूँ। अब मेरा उससे कोई वास्ता व सरोकार नहीं होगा अपने कृत्यों के वह स्वयं जिम्मेदार होंगे।

**सूचना**
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं मोहम्मद अदनान (MOHAMMAD ADNAN) पुत्र मोहम्मद इसरार, निवासी मोहल्ला इस्लामबाग, जनपद सीतापुर (उ.प्र.) का निवासी हूँ। मेरे ड्राइविंग लाइसेंस संख्या UP34 20240002473 में मेरा नाम गलती से MOHD ADNAN अंकित हो गया है, जबकि मेरे आधार कार्ड व अन्य सभी शैक्षिक अभिलेखों में मेरा सही और पूर्ण नाम MOHAMMAD ADNAN दर्ज है। अतः भविष्य में मुझे मेरे सही नाम MOHAMMAD ADNAN से ही जाना व पहचाना जाए।

**सूचना**
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं **मोहम्मद इरशाद पुत्र मोहम्मद अरशद खान निवासी मोहल्ला किशनपुर राय, थाना व जिला रायबरेली,** अपना नाम मोहम्मद इरशाद खान से बदल कर मोहम्मद इरशाद कर दिया है, भविष्य में मुझे इसी उद्देश्यों हेतु मोहम्मद इरशाद (Mohammad Irshad) के नाम से जाना-पहचाना जाए।

**सूचना**
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं **महफूज इलियास मिर्जा पुत्र स्व0 शरीफ मिर्जा निवासी पी0-नं0-490-197 निकट लोहिया लान स्टार सिटी, आपोज़िट सिल्वर सिटी, न्यू हैदरगंज, लखनऊ,** मेरी पुत्री कु0नमराह इलियास मिर्जा की वास्तविक जन्मतिथि 31.12.2004 है जोकि सही है, किन्तु मेरी पुत्री की जन्मतिथि कुछ दस्तावेज / पासपोर्ट मे 31.12.2004 के स्थान पर त्रुटिवश 31.12.2003 अंकित हो गयी जो कि गलत है मेरी पुत्री कु0नमराह इलियास मिर्जा की जन्मतिथि आज से समस्त दस्तावेजो पासपोर्ट व अन्य सम्बन्धित प्रपत्रो व आधारकार्ड के आधार पर सही जन्मतिथि मानी जाये।


# फर्जी दस्तावेज बनाकर जमीन बेचने वाले दो आरोपी गिरफ्तार

संवाददाता, बिल्हौर

**अमृत विचार।** बिल्हौर तहसील क्षेत्र में फर्जी दस्तावेज तैयार कर धोखाधड़ी से दूसरे की कृषि भूमि बेचने के मामले में पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। पुलिस ने अविरल सिंह और अभिनव मिश्रा को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया, जहां से दोनों को जेल भेज दिया गया।

नानामऊ गांव निवासी निशांत कुमार पुत्र कृष्ण कुमार ने बीते वर्ष दिसंबर माह में बिल्हौर कोतवाली में तहरीर देकर मुकदमा दर्ज कराया था। उन्होंने बताया कि गांव स्थित उनकी कृषि भूमि, आराजी संख्या 502 का मुआयना करने पर उन्हें फर्जीवाड़े की जानकारी हुई। पीड़ित के अनुसार गांव निवासी अविरल पुत्र वीरेंद्र सिंह ने उनकी जगह अपनी फोटो लगाकर कूटरचित दस्तावेज तैयार कराए। इसके बाद अभिनव मिश्रा पुत्र हरिशंकर मिश्र के नाम फर्जी दस्तावेजों के आधार पर जमीन का विक्रय कर दिया गया। मामले में शिवराजपुर निवासी रौनक शुक्ला पुत्र विमल शुक्ला तथा नानामऊ निवासी रवि कुमार पुत्र वेद प्रकाश पर भी धोखाधड़ी में सहयोग करने का आरोप है। पीड़ित का कहना है कि दोनों ने साक्ष्य के रूप में गवाही देकर फर्जीवाड़े को मजबूत किया।

सोमवार को मुखबिर की सूचना पर पुलिस टीम ने नानामऊ से लोधन पुरवा जाने वाले मार्ग पर राम सिंह की चक्की के पास से अविरल सिंह व अभिनव मिश्रा को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने दोनों आरोपियों को विधिक कार्रवाई के बाद न्यायालय में पेश किया, जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया।

# जीवन को परिवर्तित करने वाली है श्रीराम कथा : आचार्य संतोष

संवाददाता, चौबेपुर


आचार्य संतोष जी महाराज।

**अमृत विचार।** राम कथा जीवन को परिवर्तित करने वाली कथा है, जो मनुष्य को अज्ञान से ज्ञान और अहंकार से भक्ति की ओर ले जाती है। श्री राम का संपूर्ण जीवन त्याग, कर्तव्य व मर्यादा का जीवंत उदाहरण है। उक्त प्रवचन सोमवार को कस्बे में चल रही श्री राम कथा में आचार्य संतोष जी महाराज ने भक्तों को सुनाए। इस दौरान आचार्य ने सीता स्वयंवर का रोचक वर्णन कर श्रद्धालुओं को झूमने पर विवश कर दिया।

कस्बा स्थित श्री संकट मोचन हनुमान मंदिर में चल रही श्री राम कथा के छठवें दिन आचार्य संतोष जी महाराज ने राम व सीता विवाह का रोचक वर्णन करते हुए सुनाया कि मिथिला नरेश जनक ने पुत्री सीता के विवाह के लिए स्वयंवर का आयोजन किया। जिसके लिए दरबार में भगवान शिव का धनुष रखा गया और शर्त रखी गई कि जो भी इस धनुष को उठायेगा, उसके साथ ही वह अपनी पुत्री सीता का विवाह करेंगे। समारोह में दूर-दूर से कई राजा व राजकुमार स्वयंवर में शामिल हुए। ॉ राम व लक्ष्मण भी महर्षि विश्वामित्र के साथ यहां पहुंचे। तमाम प्रयास के बावजूद कोई भी शिव के धनुष को हिला तक न सका।

अंत में महर्षि विश्वामित्र ने राजा जनक को चिंतित देख राम से शिव धनुष पर प्रत्यंचा चढ़ाने का इशारा किया। गुरु की आज्ञा का पालन करते हुए भगवान श्री राम ने जैसे ही धनुष की प्रत्यंचा चढ़ाना शुरू किया, धनुष दो भागों में टूट गया। जिसके बाद सीता ने श्री राम को वरमाला पहनाई। इस दौरान आचार्य द्वारा प्रस्तुत श्री रघुवर कोमल, कमल नयन को पहनाओ जयमाला, भजन सुन कर श्रोता झूम उठे। दूसरी ओर कृष्ण गोपाल लीला समिति वृंदावन से पधारे श्याम बिहारी शुक्ला द्वारा रात्रि के समय प्रस्तुत की गई रासलीला का मंचन व मनमोहक झांकियां देख दर्शक भाव विभोर हो गए।

# चंदपुरा में 'कृष्णा क्रिकेट टूर्नामेंट' के उद्घाटन मैच में बीबीपुर ने मारी बाजी

संवाददाता, बिल्हौर


प्रतियोगिता का उद्घाटन मुख्य अतिथि विनय यादव व सपा नेत्री रचना सिंह ने किया।

**अमृत विचार।** ग्रामीण प्रतिभाओं को मंच देने के उद्देश्य से ककवन ब्लॉक के चंदपुरा गांव में सोमवार को 'कृष्णा क्रिकेट टूर्नामेंट' का शानदार शुभारंभ हुआ। प्रतियोगिता का औपचारिक उद्घाटन मुख्य अतिथि बिल्हौर विधानसभा अध्यक्ष विनय यादव और सपा नेत्री रचना सिंह ने फीता काटकर किया।

टूर्नामेंट का पहला मैच बीबीपुर और चाठिन की टीमों के बीच खेला गया। चाठिन के कप्तान धीरज सिंह ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला किया। बीबीपुर की घातक गेंदबाजी और चुस्त फील्डिंग के आगे चाठिन की टीम टिक नहीं सकी और पूरी टीम महज 47 रनों पर सिमट गई। छोटे लक्ष्य का पीछा करने उतरी बीबीपुर की टीम ने कप्तान ऋषभ के नेतृत्व में सधी हुई बल्लेबाजी की। बीबीपुर ने 4 विकेट खोकर आसानी से लक्ष्य हासिल कर लिया और टूर्नामेंट में अपनी पहली जीत दर्ज की।

समारोह को संबोधित करते हुए क्षेत्र के विधानसभा अध्यक्ष विनय यादव ने कहा, ऐसे आयोजनों से ग्रामीण क्षेत्रों के युवाओं को अपनी खेल प्रतिभा दिखाने का अवसर मिलता है। खेल न केवल मनोरंजन है, बल्कि अनुशासन और टीम भावना सीखने का बेहतरीन माध्यम भी है। इस सफल आयोजन में आयोजक सरोज और दीप सिंह के साथ संरक्षक डॉ. के.के., ब्लॉक अध्यक्ष आशीष कटियार, सुनील यादव, शशिकांत पाल, ललित और सोनू का विशेष सहयोग रहा। आने वाले दिनों में क्षेत्र की अन्य टीमों के बीच रोमांचक मुकाबले होंगे।

# प्लानिंग विभाग व जिला स्वास्थ्य टीम ने सीएचसी का किया निरीक्षण

संवाददाता, चौबेपुर

**अमृत विचार।** लखनऊ सचिवालय प्लानिंग विभाग व जिला स्वास्थ्य टीम ने मंगलवार को सीएचसी चौबेपुर का निरीक्षण किया। टीम के लोगों ने मरीजों से बातचीत कर सुविधाओं के बाबत जानकारी ली।

मंगलवार को लखनऊ सचिवालय प्लानिंग विभाग से आई अधिकारी शिखा पाल व आयुष्मान ग्रीवांस अधिकारी (डीजीओ) आशीष दीक्षित ने सबसे पहले अस्पताल में सुविधाओं के बाबत जानकारी ली। निरीक्षण के दौरान सीजर वार्ड में भर्ती दुर्गापुर निवासी प्रीति पत्नी राकेश से उनका हाल-चाल पूछे जाने के साथ अस्पताल द्वारा मुहैया कराई जा रही सुविधाओं के बराबर जानकारी हासिल की। इसी तरह मौके पर मौजूद मुख्यमंत्री जन आरोग्य के लाभार्थी गुलशन तिवारी निवासी गबड़हा से योजना के अंतर्गत प्राप्त हुई सुविधाओं के बाबत पूछा। आयुष्मान वार्ड व आयुष्मान हेल्प डेस्क में मिल रही सुविधाओं, पेयजल हेतु वाटर कूलर, बाईपोलर काट्री मशीन, ओटी मॉनिटर व यहां की सुविधाओं को देखा।

सीएचसी अधीक्षक डॉ यशोवर्धन सिंह ने बताया कि अगले दो दिनों में आयुष्मान वार्ड एसी सुविधा से युक्त हो जाएगा। अधीक्षक ने टीम से आशाओं के परिवार और पंचायत सहायकों को भी मुख्यमंत्री जन आरोग्य योजना का लाभ दिलाने का सुझाव दिया। इस मौके पर ब्लॉक प्रोग्राम मैनेजर मयंक मिश्रा, शुभम, विजय अवस्थी व माया सैनी समेत अस्पताल का स्टाफ मौजूद रहा।

**आयोजन**

**टीम वर्क और सौहार्द को बढ़ाने के लिए मैत्रीपूर्ण मैच भी हुआ जिसमें कश्मीरी युवाओं ने भागीदारी की**

# 'वतन को जानो' राष्ट्रीय एकता एवं अखंडता को सुदृढ़ करने का प्रतीक

संवाददाता बिठूर


मैत्रीपूर्ण मैच में युवाओं ने भाग लिया। अमृत विचार

**अमृत विचार।** पूर्वान्ह आरोहम् हैप्पीनेस होम्स, बिठूर में आयोजित समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में डॉ. उमेश पालीवाल, प्रबंध निदेशक, पीडीपीएल ने कार्यक्रम 'वतन को जानो' का विधिवत उद्घाटन किया। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि के रूप में मुकेश पालीवाल एवं आदित्य तिवारी उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि डॉ. उमेश पालीवाल ने उद्बोधन में युवाओं को औद्योगिक विकास, तकनीकी प्रगति और उद्यमिता की दिशा में आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने कहा कि यह कार्यक्रम राष्ट्रीय एकता को सुदृढ़ करने और कश्मीरी युवाओं को देश की मुख्यधारा से जोड़ने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। समारोह में सभी 140 प्रतिभागियों को कार्यक्रम किट वितरित की गई, जिसमें आवश्यक सामग्री एवं दस्तावेज़ शामिल थे।

कार्यक्रम के समग्र संचालन हेतु अनुपम कुमार कैथवास, जिला युवा अधिकारी, मेरा युवा भारत, कानपुर नगर सोनिका चंद्रा, जिला युवा अधिकारी, मेरा युवा भारत, इटावा प्रतिक साहू, जिला युवा अधिकारी, मेरा युवा भारत, मिर्जापुर उपस्थित रहे। उद्घाटन समारोह के पश्चात, प्रतिभागियों ने भारत के सबसे ऐतिहासिक क्रिकेट स्टेडियमों में से एक, ग्रीन पार्क स्टेडियम का भ्रमण किया। स्टेडियम में टीम कश्मीर XI और शेर-ए-कश्मीर टीम के बीच हुए मैत्रीपूर्ण क्रिकेट मैच का आनंद लिया। यह गतिविधि खेल भावना, टीम वर्क और सौहार्द को बढ़ावा देने के उद्देश्य से आयोजित की गई। कश्मीरी युवाओं ने इस अवसर पर ग्रीन पार्क स्टेडियम के गौरवशाली इतिहास और भारतीय क्रिकेट में इसके योगदान के बारे में जानकारी प्राप्त की। इस मैत्रीपूर्ण क्रिकेट मैच में प्रेम मनोहर गुप्ता सचिव उत्तर प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन बतौर मुख्यातिथि रहे, साथ में रियासत अली निदेशक उत्तर प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन सुजीत श्रीवास्तव नोडल अधिकारी ग्रीन पार्क स्टेडियम बतौर विशिष्ट अतिथि रहे। दोनों ही टीमों को अतिथियों द्वारा पुरस्कृत कर उनका उत्साहवर्धन किया गया। मंच संचालन प्रखर समाजसेवी एवं अधिवक्ता सुशील वाजपेयी जी द्वारा किया गया। कश्मीरी युवा आदान-प्रदान कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य कश्मीर घाटी के युवाओं को देश के विभिन्न सांस्कृतिक, शैक्षिक, औद्योगिक एवं ऐतिहासिक स्थलों से परिचित कराना है। कार्यक्रम का विषय वतन को जानो है, जो राष्ट्रीय एकता एवं अखंडता को सुदृढ़ करने का प्रतीक है। आगामी दिनों में प्रतिभागी कानपुर के विभिन्न महत्वपूर्ण स्थलों का भ्रमण करेंगे, उद्यमिता विकास कार्यशालाओं में भाग लेंगे।


**CARBON SPECIALITIES LIMITED**
CIN: L65929UP1985PLC111401
REGD OFFICE : 7/181 A, Duplex Bunglow Unit No. 4, Swaroop Nagar, Kanpur, UP-208002
Email id: carbonspecialities85@gmail.com Contact: 9838823600 Website: http://carbon.net.in

**EXTRACT OF STATEMENT OF STANDALONE UNAUDITED FINANCIAL RESULTS FOR THE QUARTER ENDED 31st DECEMBER 2025**

(Amount in '000')

| S. No. | PARTICULARS | QUARTER ENDED | | YEAR ENDED |
|---|---|---|---|---|
| | | 31.12.2025 (Unaudited) | 31.12.2024 (Unaudited) | 31.03.2025 (Audited) |
| 1 | Total Income from operations (net ) | 27,783.41 | 9,713.44 | 90,605.90 |
| 2 | Net Profit/ (Loss) for the period ( before Tax/ Extraordinary items) | 18,391.15 | -1,028.90 | 28,869.54 |
| 3 | Net Profit /(Loss) for the period before tax ( after Extraordinary items ) | 18,391.15 | -1,028.90 | 28,869.54 |
| 4 | Net Profit /(Loss) for the period after tax (after Extraordinary items ) | 15,933.25 | 945.35 | 26,330.79 |
| 5 | Total Comprehensive Income/(Loss) for the period [Comprising Profit /(Loss) for the period (after tax) and Other Comprehensive Income ( after tax) | 22,673.60 | -10,321.57 | 70,142.50 |
| 6 | Equity Share Capital ( Face Value of 10/- each ) | 55,573.00 | 55,573.00 | 55,573.00 |
| 7 | Earning Per Share (before extraordinary items) | | | |
| | Basic | 2.87 | 0.17 | 4.74 |
| | Diluted | 2.87 | 0.17 | 4.74 |

**Notes to Results:**
1. The above is an extract of the detailed format of Quarterly Financial Results filed with the Stock Exchanges under Regulation 33 of the SEBI (Listing and Other Disclosure Requirements) Regulations, 2015. The full format of the Quarterly Financial Results is available on the Stock Exchange Website and Company Website.

For Carbon Specialities Ltd.

Prabha Kaya, Managing Director, DIN: 00326278
Pankaj Kaya, Director, DIN: 00295978

Date : 10.02.2026
Place : Kanpur

## सुविचार



अवसर तो सभी को जिंदगी में मिलते हैं किंतु उनका सही वक्त पर सही तरीके से इस्तेमाल कितने कर पाते हैं।

- संतोष गोयल

## कानपुर के प्रमुख समाचार


- हाईवे पर मारपीट कर रहे दो युवकों को कंटेनर ने रौंदा-II
- सेना को स्वदेशी रक्षा प्रौद्योगिकी की शक्ति देगा कानपुर आईआईटी-III
- घूसघोर पंडत और अब ठाकुर हूं मैं -IV



अनुराग हेल्थ केयर प्रा.लि.

•ICU •NICU DIALYSIS • MODULAR OT

दूरबीन विधि से आपरेशन अब कम खर्च में

सीजीएचएस, मेडीक्लेम व आयुष्मान कार्ड मान्य

117/क्यू/702, शारदा नगर, कानपुर

9889538233, 7880306999


## शहर में आज

- **समारोह :** चौबेपुर, संस्कार शाला में आचार्य महासम्मेलन व सम्मान समारोह सुबह 8 बजे।
- **विवाह :** सर्वजातीय सामूहिक विवाह समारोह सजारी कांशीराम कॉलोनी फेस-1 में सुबह 10 से पांच बजे तक।
- **ज्ञापन :** क्रिश्चियन यूनिटी द्वारा इसाई समाज के त्योहारों पर जिलाधिकरी को ज्ञापन सुबह 10 .30 बजे।
- **ज्ञापन :** उद्योग व्यापार मंडल द्वारा व्यापारियों के अधिकारों के निराकरण के लिए डीएम को ज्ञापन सुबह 11 बजे।
- **ज्ञापन :** अस्पताल में बच्ची की जलकर मौत पर कांग्रेस द्वारा मुआवजे की मांग पर डीएम को ज्ञापन 12 :30 बजे।
- **पुण्यतिथि :** सेठ मोतीलाल खेड़िया स्कूल विष्णुपुरी में पं.दीनदयाल उपाध्याय की पुण्य तिथि चार बजे।

## सिटी ब्रीफ

### ग्राम समाज की जमीन पर कब्जे को लेकर हंगामा

**कल्याणपुर।** कल्याणपुर के बैरी अकबरपुर गांव के नितिन कुमार कनौजिया के अनुसार गांव के ही कुछ लोग ग्राम समाज की जमीन पर कब्जे का प्रयास कर रहे हैं। जबकि कई वर्षों से इस जमीन पर होलिका दहन होता आ रहा है। बच्चों के खेलने का भी स्थान है। दबंग पहले ही आधी जगह पर कब्जा कर उस पर अपना शौचालय बनवा चुके हैं। मंगलवार सुबह एक बार फिर दबंगों ने ग्राम समाज की बची आधी जमीन पर भी मजदूर लगाकर निर्माण कार्य शुरू कराया। आरोप है कि यह देखकर लोगों ने विरोध किया तो ग्रामीणों को फर्जी मुकदमे में फंसाने व खुद आत्महत्या कर लेने की धमकी दी। कल्याणपुर के कार्यवाहक थाना प्रभारी रईस अहमद ने बताया कि दोनों पक्षों को समझाकर शांत कराया गया है। राजस्व विभाग की रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।



देवकी से छपेड़ा पुलिया रोड की खोदाई के कारण दुर्दशा है। अमृत विचार



मैकरावर्टगंज में भी सड़क की हालत खस्ता है। अमृत विचार



फव्वारे से खिल रहा फूलबाग चौराहा। अमृत विचार

# उम्मीदों की पोटली नहीं, इस बार चाहिए टोटल ब्रेकथ्रू

## प्रदेश की योगी सरकार से बजट में शहर के लोग मांग रहे स्मार्ट सिटी का रियल रोडमैप

यूपी बजट 2026

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** योगी सरकार के बुधवार को पेश होने वाले चुनावी कहे जा रहे बजट से कानपुर को उम्मीदों की पोटली नहीं, बल्कि विरासत पर विकसित शहर की इमारत खड़ी करने के लिए स्मार्ट ब्रेकथ्रू की जरूरत है। यह कहना है, आम लोगों का। अमृत विचार ने बजट की पूर्व संध्या पर लोगों की राय जानने का प्रयास किया तो कुछ ऐसी ही मांग निकलकर सामने आई। मोतीझील में मिली युवाओं की टोली ने कहा कि शहर की इंडस्ट्रियल विरासत में अब मेट्रो सिटी जैसी सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए 'टोटल रीबूट पैकेज' की जरूरत है।

**औद्योगिक क्षेत्रों के पुनर्विकास के लिए स्पेशल पैकेज जरूरी:** उद्यमियों के अनुसार शहर में औद्योगिक क्षेत्र तो स्थापित हैं और एमएसएमई सेक्टर का विकास हुआ है, लेकिन खस्ताहाल औद्योगिक क्षेत्रों के पुनर्विकास के लिए स्पेशल इंडस्ट्रियल पैकेज मिलना चाहिए, ताकि परिवहन और लॉजिस्टिक सुविधाओं के विस्तार से उत्पादन और माल के आवागमन में आने वाली दिक्कत न उठानी पड़े। शहर को लॉजिस्टिक्स हब के रूप में विकसित करने के लिए ट्रांसपोर्ट नगर और फ्रेट कॉरिडोर से जोड़ने की योजना घोषित की जानी चाहिए। लेदर इंडस्ट्री के लिए कॉमन एफ्लुएंट ट्रीटमेंट प्लांट और एक्सपोर्ट इंसेंटिव की घोषणा की जानी चाहिए।

**पुलों और एलिवेटेड रोड के लिए करें बजटीय प्रावधान :** शहर के आधारभूत ढांचे में सुधार की मांग सामने रखते हुए लोगों ने कहा कि सीएम ग्रिड योजना में तीसरे चरण की सड़कों के लिए धन आवंटन, आउटर रिंग रोड के लिए बजटीय प्रावधान, शुक्लागंज के लिए गंगा पर निर्माणाधीन 4-लेन पुल को समय पर पूरा करने के लिए हाल में 82 करोड़ की पहली किश्त के क्रम में शेष धनराशि जारी होने, जरीब चौकी क्रॉसिंग पर जाम से निजात के लिए यूटिलिटी ट्रांसफर मद में 48 करोड़ रुपये मिले थे, अब पुल निर्माण की धनराशि मिलने के साथ गोल चौराहा-रामादेवी एलिवेटेड रोड योजना के लिए बजट में धनराशि घोषित की जानी चाहिए।




शहर में जाम की समस्या नासूर बन चुकी है। अमृत विचार

### सड़कें बर्बाद, जल्द खत्म हो मेट्रो कॉरिडोर -2 का काम

- शहर में शायद ही कोई ऐसी सड़क बची होगी जो खोदी या उखड़ी नहीं हो। लोगों का कहना है कि मेट्रो ने ट्रैक निर्माण, जल निगम ने सीवर व पेयजल लाइन डालने और केस्को ने केबल डालने के लिए जगह-जगह सड़क खोद डाली हैं। इसके चलते आवाजाही मुश्किल हो गई है। ऐसे में मेट्रो कॉरिडोर-2 (सीएसए से बर्रा) का काम तेजी से पूरा करने के लिए स्पष्ट बजटीय घोषणा किए जाने की जानी चाहिए।

### इन परियोजनाओं के लिए चाहिए बजट

- **360** करोड़ रुपये के जरीब चौकी ओवरब्रिज के लिए खर्च होंगे। 48 करोड़ रुपये मिले हैं।
- **799** करोड़ रुपये ट्रांसगंगा सिटी से वीआईपी रोड को जोड़ने के लिए प्रस्तावित पुल के लिए चाहिए।
- **305** करोड़ रुपये की जरूरत पनकी पड़ाव रेलवे क्रासिंग पर ओवरब्रिज निर्माण के लिए चाहिए। यह ब्रिज फोर लेन बनना है।
- **321** करोड़ रुपये की दरकार फजलगंज से साकेत नगर तक दो लेन फ्लाईओवर के निर्माण के लिए है।



टिकैत राय बारादरी शिव मंदिर।

### बिठूर पर्यटन सर्किट बनेगा गंगा रिवर फ्रंट की उम्मीद

- अटल घाट से पुराने गंगा पुल तक गंगा रिवरफ्रंट डेवलपमेंट परियोजना की बजट में घोषणा और धन आवंटन से वीआईपी रोड पर बढ़ती ट्रैफिक समस्या के समाधान के साथ स्थानीय पर्यटन को भी नया मुकाम मिल सकता है। अधिकतर लोगों के मुताबिक इस बार के बजट में धार्मिक और सांस्कृतिक पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए बिठूर को राज्य स्तरीय पर्यटन सर्किट में शामिल किए जाने की पूरी संभावना है।

### लोगों की जुबानी, शहर की जरूरत



मेट्रो परियोजना का विस्तार एयरपोर्ट तक करने के लिए बजट मिलना चाहिए। साथ ही मेगा लेदर क्लस्टर की स्थापना के लिए धन मिले। कुछ नए औद्योगिक क्षेत्र स्थापित हों ताकि रोजगार मिले। सरसौल के आसपास 100 बेड का अस्पताल बनना चाहिए ताकि लोगों को बेहतर उपचार मिले।

– जितेंद्र प्रताप सिंह, पूर्व जिला पंचायत सदस्य



जाम इस शहर की सबसे बड़ी समस्या है। इसका समाधान करना जरूरी है इसके लिए साकेत नगर से फजलगंज तक, घंटाघर से किदवई नगर तक फ्लाई ओवर का निर्माण होना चाहिए। झकरकटी बस स्टेशन को शहर से बाहर किया जाना चाहिए। साथ ही हैलट अस्पताल में सुविधाओं का विस्तार भी होना चाहिए।

-आयुष द्विवेदी, व्यापारी नेता



हैलट अस्पताल में एम्स जैसी सुविधाओं के विकास के लिए बजट मिलना चाहिए। साथ ही कानपुर के औद्योगिक विकास को गति मिले इसके लिए सार्थक प्रयास हो। यहां नए औद्योगिक क्षेत्र की स्थापना और शहर में जाम की समस्याओं के समाधान के लिए आधा दर्जन फ्लाईओवर मंजूर किए जाएं।

– रोहित टंडन, उद्यमी



शहर में जाम सबसे बड़ी समस्या है। इसके समाधान के लिए मालरोड से हैलट अस्पताल होते हुए साकेत नगर, किदवई नगर से टाटमिल होते हुए मालरोड तक फ्लाईओवर की स्थापना चाहिए। मेट्रो के एयरपोर्ट तक विस्तार के लिए बजट का प्रावधान सरकार को करना चाहिए।

-राजेंद्र गुप्ता, अध्यक्ष संकल्प समर्पण संस्था

### एक तिहाई शहर में पानी की लाइन नहीं, पार्क पड़े उजाड़

- अभी भी शहर के करीब 40 प्रतिशत इलाकों में पेयजल लाइन नहीं है। यह समस्या बताते हुए लोगों ने कहा कि सीवर और जलभराव की समस्या दूर करने के लिए इस बार केंद्रीय बजट में धनराशि का आवंटन किया गया है, ऐसे में प्रदेश सरकार भी बजट और कार्य योजना घोषित करके बड़ी आबादी को सीवर-पानी की राहत दे सकती है। इसी तरह शहर के साढ़े छह सौ पार्कों को हराभरा करने के लिए भी धन की जरूरत है। इनमें साढ़े चार सौ पार्क उजड़े पड़े हैं। बमुश्किल 100 ही पार्क विकसित है। पार्क सुंदरीकरण मद में धनराशि देकर सरकार शहर का पर्यावरण सुधारने के साथ लोगों को आराम से वक्त गुजारने की सुविधा सुलभ करा सकती है।

# पनकी औद्योगिक क्षेत्र में स्थापित होगा ट्रीटमेंट प्लांट, मंजूरी मिली

उद्योग बंधु की बैठक

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** उद्यमियों की समस्याओं के त्वरित निराकरण के उद्देश्य से मंडलायुक्त के. विजयेन्द्र पांडियन की अध्यक्षता में मंडलीय उद्योग बंधु की बैठक हुई। उद्यमियों ने औद्योगिक क्षेत्रों में सीवर लाइन डाले जाने की मांग की। मंडलायुक्त ने समस्याओं के समाधान का आदेश दिया।

यूपीसीडा के उप महाप्रबंधक ने बताया कि पनकी औद्योगिक क्षेत्र (साइट-1 से 5) के एसटीपी का एस्टीमेट उत्तर प्रदेश जल निगम (नगरीय) ने तैयार कर शासन को भेजा था जिसे स्वीकृति मिल चुकी है। जल निगम (नगरीय) द्वारा दादा नगर, अपट्रान स्टेट एवं बजरंगबली औद्योगिक क्षेत्र में सीवर संबंधी समस्या के समाधान के लिए एस्टीमेट तैयार किया जा रहा है।

केस्को के अधीक्षण अभियंता ने बताया कि दादानग में सब-स्टेशन की स्थापना के भूमि उपलब्ध हो गई है। फीटा के महामंत्री उमंग अग्रवाल ने फजलगंज क्षेत्र में सीवर संबंधी समस्या उठाया। एलएमएल चौराहे से भौंती बाईपास तक ग्रीन बेल्ट विकसित किये जाने के संबंध में केडीए के अधिशाषी अभियंता ने बताया कि सर्विस लेन के समानांतर फेंसिंग एवं ग्रीन बेल्ट निर्माण का एस्टीमेट तैयार किया गया है।

रूमा औद्योगिक क्षेत्र की जल निकासी समस्या पर यूपीसीडा अधिकारियों ने बताया कि नगर निगम द्वारा नाले की सफाई कर दी गई है, किंतु कुछ किसानों द्वारा पुनः मेड़ बनाकर नाले के जल का उपयोग सिंचाई में किये जाने से जल प्रवाह बाधित हो रहा है। इस पर मण्डलायुक्त ने यूपीसीडा, पुलिस एवं नगर निगम की संयुक्त टीम द्वारा स्थलीय निरीक्षण कर दोषियों के विरुद्ध कार्यवाही के निर्देश दिये।

दादा नगर से विजय नगर की ओर जाने वाली सड़क को मोटरेबल किए जाने के संबंध में जल निगम द्वारा बताया गया कि 95 मीटर मार्ग पर पेयजल पाइपलाइन कार्य हेतु पुलिस विभाग से ट्रैफिक डायवर्जन की एनओसी प्रक्रियाधीन है। एनओसी प्राप्त होते ही एक माह में कार्य पूर्ण करा लिया जाएगा। इस अवसर पर पीएआईए के प्रांतीय अध्यक्ष मनोज बंका, शिवकुमार गुप्ता, सुनील गुप्ता, बृजेश अवस्थी, विनय अग्निहोत्री, दिनेश बरासिया, आलोक अग्रवाल, सतीश प्रकाश, लाडली प्रसाद, अंकुर अंशवानी, संदीप अवस्थी आदि रहे।



उद्यमियों के साथ बैठक करते मंडलायुक्त के. विजयेन्द्र पांडियन। अमृत विचार

- उद्यमियों ने मंडलायुक्त को बताईं अपनी समस्याएं, औद्योगिक क्षेत्रों में जल्द बढ़ेंगी सुविधाएं
- पनकी के अग्निशमन केंद्र का प्रशासनिक भवन बनाने की उठाई गई आवाज

# मंधना एलिवेटेड ट्रैक निर्माण जून से

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** उत्तर प्रदेश में पेश होने वाले बजट में इस बार अनवरगंज से मंधना तक एलिवेटेड ट्रैक निर्माण के लिए धन आंवटित होगा। ऐसी उम्मीद रेलवे अधिकारियों को है।

पूर्वोत्तर रेलवे गोरखपुर के इज्जतनगर मंडल के अधिकारी ने बताया कि उत्तर प्रदेश सरकार से लगभग 36 करोड़ रुपये मिलने की उम्मीद है। ये धनराशि आवंटित हो गयी तो जून तक कार्य शुरु हो जाएगा। एलिवेटेड ट्रैक के बीच आने वाले मकानों का मुआवजा देने का कार्य भी एक माह में पूरा कर लिया जाएगा। इस एलिवेटेड ट्रैक निर्माण की 80 प्रतिशत औपचारिकताएं पूरी हो चुकी हैं, कई चरणों में जिला प्रशासन एवं रेलवे अफसरों के बीच योजना पर मंथन हो चुका है, सर्वे भी हो चुका है, छत्रपति शाहू जी महाराज विवि के पास अटल नाम से रेलवे स्टेशन का निर्माण भी मई में शुरु हो जाएगा।

बताते चलें कि फर्रुखाबाद रेल मार्ग के दोनों ओर कानपुर शहर की आबादी तेजी से बढ़ रही है और ट्रेनों की संख्या भी दिन प्रतिदिन बढ़ रही है जिससे अनवरगंज से मंधना के मध्य पड़ने वाली 18 रेलवे क्रासिंग ज्यादातर बंद रहती है और भीषण जाम लगता है। एलिवेटेड ट्रैक बनने के बाद जाम की समस्या खत्म हो जाएगी।

# ...तो हैलट में हो जाएंगे पांच हजार बेड

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** हैलट अस्पताल में नए सिरे से वार्ड बनेंगे। इससे बेडों की संख्या दोगुनी हो जाएगी। वार्ड पांच से 16 तक को तोड़कर मल्टीस्टोरी बिल्डिंग बनाने के लिए जीएसवीएम मेडिकल कॉलेज प्रशासन ने प्रस्ताव शासन को भेज रखा है। प्राचार्य डॉ. संजय काला के अनुसार साल 1942 के भवन के जीर्णोद्धार में भी लगभग नया बनाने जितना ही खर्च आएगा। इसीलिए नए भवन का प्रस्ताव किया गया है, मल्टीस्टोरी बिल्डिंग में तीन बेसमेंट होंगे और नौ मंजिला भवन बनाया जाएगा।

इसके लिए दो हजार बेड प्रस्तावित हैं। अभी अस्पताल में 2354 बेड हैं। इससे 700 बेड ट्रॉमा सेंटर के हो जाएंगे। नई बिल्डिंग बनने के बाद अस्पताल में पांच हजार बेड हो जाएंगे। हैलट को 337 स्टाफ नर्स मिलने वाली हैं। इससे यूनिट भी शुरू हो सकती है।

यूपी बजट-2026

## स्वास्थ्य सुविधाओं के तकनीकी उन्नयन लिए स्मार्ट उपकरणों से लेकर शोध-अनुसंधान मद में बजट की दरकार

# मेडिकल कॉलेज को कुछ बड़ा मिलने की आस

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** जीएसवीएम मेडिकल कॉलेज को इस बार प्रदेश के बजट में बड़ी धनराशि मिलने के साथ नई घोषणाओं की उम्मीद है। कॉलेज के सामने सबसे बड़ी समस्या स्वास्थ्य सुविधाओं के तकनीकी उन्नयन की है, जिसके लिए स्मार्ट उपकरणों से लेकर शोध-अनुसंधान की जरूरत है, जो मौजूदा सालाना बजट से बिल्कुल भी संभव नहीं है। अभी कॉलेज को मिलने वाले सालाना करीब 300 करोड़ के बजट का 80 फीसदी हिस्सा सिर्फ वेतन-भत्तों पर ही खर्च हो जाता है। हैलट अस्पताल की खस्ताहाल ओपीडी विस्तार मांग रही है, तो अंग्रेजों के जमाने के वार्ड आधुनिकीकरण की बाट जोह रहे हैं।

शोध और अनुसंधान के लिए मेडिकल कॉलेज और आईआईटी के बीच एमओयू हो चुका है, सरकार ने 50 करोड़ दिए हैं। लेकिन इसका फायदा मिलने में अभी वक्त लगेगा, इसकी वजह यह है कि आईआईटी में अभी अस्पताल निर्माणाधीन है, जबकि मेडिकल कॉलेज में डॉक्टर स्मार्ट क्लास रूम में एआई आधारित शिक्षण-प्रशिक्षण शुरू करना चाहते हैं, पर इस सुविधा के लिए बजट चाहिए। इसी तरह डॉक्टर रिसर्च ग्रांट में वृद्धि और वैश्विक कॉन्फ्रेंस में भागीदारी के लिए गतिशील अनुमति प्रक्रिया चाहते हैं। योजना एक मंजिला ओपीडी के स्थान पर छह मंजिला बनाने की है, ताकि मरीजों और तीमारदारों को बेहतर सुविधा मिल सके। आसीयू सुविधा बढ़ाने तथा डॉक्टरों, नर्सों तथा अन्य मेडिकल स्टाफ की नियुक्ति के प्रस्ताव को भी बजट में हरी झंडी दिखाई जा सकती है। उधर, जेके कैंसर अस्पताल ने भी चिकित्सा सुविधा वृद्धि के लिए बजट बढ़ाए जाने की उम्मीद लगा रखी है।




हैलट अस्पताल को बजट से उम्मीद। अमृत विचार



शासन को हैलट अस्पताल के आधुनिकीकरण, पीजी गर्ल्स हास्टल, डॉक्टरों की आवासीय सुविधा बढ़ाने के साथ नया बहुमंजिला ओपीडी ब्लाक, पृथक शोध और अनुसंधान भवन, उपकरणों के लिए बजट बढ़ाने संबंधी प्रस्ताव भेजे गए हैं, उम्मीद है कि बजट में शासन से चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सुविधाओं के उन्नयन और विस्तार के लिए उचित आवंटन प्राप्त होगा।

-डॉ. संजय काला, प्राचार्य जीएसवीएम मेडिकल कॉलेज।

### जल्द मिलेगी किडनी ट्रांसप्लांट सुविधा

हैलट में किडनी के गंभीर मरीजों को जल्द ही ट्रांसप्लांट की सुविधा मिलेगी। इसके लिए ब्रेन डेड अप्रूवल कमेटी के साथ अन्य सभी प्रक्रिया पूरी हो चुकी है, केवल शासन की मंजूरी का इंतजार है। किडनी ट्रांसप्लांट सुविधा उपलब्ध होने के बाद लिवर ट्रांसप्लांट सहूलियत की सौगात जल्दी ही मिलेगी, इसके लिए भी जरूरी प्रक्रिया पाइप लाइन में है।

## सिटी ब्रीफ

### डांस क्लास संचालक ने हड़पे 85 हजार

**कानपुर।** गोविंदनगर में डांस सिखाने के नाम पर क्लास संचालक पर 85 हजार रुपये हड़पने और धमकी देने का मुकदमा दर्ज हुआ है। बर्रा निवासी शिखर दुबे के अनुसार रतनलालनगर के एक डांस इंस्टीट्यूट के निदेशक वरुण कुमार ने उनकी 7 वर्षीय बेटी को डांस सिखाने और घर से ले जाने की सुविधा देने के नाम पर 18 हजार रुपये फीस और तीन हजार रुपये ड्रेस के लिए जमा कराया था। इसके बाद कार्यक्रम के नाम पर कई बार में 85 हजार रुपये लिए। रुपये हड़पने के बाद न तो बेटी को ढंग से डांस सिखाया और न ही आने-जाने की सुविधा दी। उन्होंने रुपये मांगे तो टरकाते रहे। अब धमका रहे हैं। गोविंदनगर के कार्यवाहत थाना प्रभारी अभय सिंह ने बताया कि मामले की जांच कर आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

### अचानक ब्रेक मारने से हादसा, दोनों पैर टूटे

**कानपुर।** गुजैनी हाईवे पर सोमवार रात डंपर चालक ने अचानक ब्रेक मार दी, जिससे पीछे से आ रही कोरियर वैन टकरा गई। कोरियर वैन आगे से क्षतिग्रस्त हो गई। उसके चालक का दोनों पैर टूट गया। सूचना पर पुलिस ने घायल को अस्पताल में भर्ती कराया। क्रेन की मदद से डंपर व कोरियर वैन को हटवाकर यातायात सुचारू कराया। हादसे के चलते करीब आधे घंटे जाम की स्थिति रही। आंबेडकरनगर के नयगांव, जहानगीरगंज निवासी हरिशंकर मिश्रा कोरियर वैन चालक हैं। उन्होंने बताया कि गुडगांव से कोरियर लेकर कोलकाता जा रहे थे। गुजैनी हाईवे पर डंपर चालक ने अचानक ब्रेक लगा दी, जिससे हादसा हुआ। डंपर चालक मौके से भाग निकला। कार्यवाहक गोविंदनगर थानाप्रभारी ने बताया कि घायल चालक की तहरीर पर मुकदमा दर्ज किया गया है।

### वर-वधू की फोटो खींचने पर फोटोग्राफर को पीटा

**कल्याणपुर।** रावतपुर के एक गेस्ट हाउस में वैवाहिक समारोह में वर-वधु की फोटो खींचने की बात पर भड़के बारातियों ने फोटोग्राफर को दौड़ा-दौड़ा कर पीटा और कैमरा तोड़ दिया। फोटोग्राफरों ने पुलिस को तहरीर दी है। आदर्श विहार निवासी राजनारायण व अभिषेक बीती आठ फरवरी को रावतपुर स्थित एक गेस्ट हाउस में शादी समारोह में फोटो खींचने गए थे। जहां डीजे पर नाच रहें करीब डेढ़ दर्जन युवक लगातार उनपर फोटो खींचने का दबाव बना रहे थे। जब फोटोग्राफर दूल्हा-दुल्हन की तस्वीर लेने के लिए आगे बढ़े तो युवकों ने रोककर गाली-गलौज की। विरोध पर युवकों ने अभिषेक व राजनारायण को दौड़ाकर पीटा और कैमरा भी तोड़ दिया। रावतपुर थाना प्रभारी ने बताया कि रिपोर्ट दर्जकर कार्रवाई की जाएगी।

# प्लाट का सौदा कर 10 लाख रुपये हड़पे, अब धमका रहा

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**200** वर्गगज प्लाट दिखाकर आरटीजीएस माध्यम से कराया भुगतान

- आरोपी दंपति व बेटे के खिलाफ पुलिस कमिश्नर के निर्देश पर दर्ज की गई एफआईआर

**अमृत विचार।** चकेरी में युवक ने दंपती व उनके बेटे पर प्लाट बेचने का झांसा देकर 10 लाख रुपये ठगने का आरोप लगाया है। पीड़ित ने बैनामा करने के लिए कहा, तो आरोपियों ने पहले टरकाया फिर धमकी दी। पुलिस कमिश्नर से शिकायत कर पीड़ित ने आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है।

अयोध्या विहार निवासी हर्ष सिंह के अनुसार वह एक प्लाट की तलाश में थे। कई प्लाट देखा भी था। इसी बीच जुलाई 2025 में उनकी मुलाकात जाजमऊ के तिवारीपुर निवासी नीरज कुमार व उसके पिता शंकर प्रसाद से हुई। उन दोनों ने भरोसा दिलाया कि अच्छा प्लाट दिलाएंगे। पीड़ित से कहा कि वह अपना 200 वर्गगज का प्लाट बेचना चाहते हैं। जो नीरज की मां इंदु देवी के नाम है। इस पर पिता-पुत्र ने प्लाट दिखाया और 23 लाख में सौदा तय किया।

पीड़ित के अनुसार 26 अगस्त 2025 को आरोपी नीरज के खाते में दस लाख रुपये आरटीजीएस के माध्यम से भेजे। रकम मिलने के बाद आरोपियों ने तीन माह में बैनामा कर देने की बात कही। समय बीतने के बाद जब पीड़ित ने बैनामा करने के लिए टोका तो आरोपी टालमटोल करने लगे। 31 अक्टूबर 2025 को वह आरोपियों के घर गए और बैनामा करने को कहा। इस पर शंकर प्रसाद, इंदु देवी समेत उनके बेटे नीरज ने बैनामा करने से मना कर अभद्रता करने लगे। जब अपने पैसे मांगे तो जान से मारने की धमकी दी और भगा दिया। आरोप है कि पुलिस से शिकायत करने के बाद कार्रवाई न होने पर उन्होंने पुलिस कमिश्नर रघुबीर लाल से शिकायत की। थाना प्रभारी अजय प्रकाश मिश्र ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कर जांच की जा रही है।

www.amritvichar.com पर भी खबरें पढ़ें

# ऑनलाइन फ्रॉड से बचने को सावधानी बरतें

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- अपना कंप्यूटर छोड़ने से पूर्व उसे पूरी तरह बंद कर संतुष्ट हों
- बिना सत्यापन किसी भी अनजान ई-मेल को भी नहीं खोलें



सेफर इंटरनेट डे पर कार्यशाला आयोजित हुई। अमृत विचार

**अमृत विचार।** व्यक्तिगत जानकारी जैसे पासवर्ड, ओटीपी और बैंक विवरण किसी भी परिस्थिति में साझा न करें। सोशल मीडिया पर सोच-समझकर पोस्ट एवं साझा करें तथा साइबर बुलिंग, ऑनलाइन धोखाधड़ी और फर्जी खबरों से सावधान रहें। मजबूत पासवर्ड का उपयोग करें और समय-समय पर उसे बदलते रहें।

मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभागार में 'सेफर इंटरनेट डे के अवसर पर साइबर सुरक्षा विषयक कार्यशाला आयोजित की गई जिसकी अध्यक्षता जिलाधिकारी जितेंद्र प्रताप सिंह ने की। कार्यशाला का उद्देश्य इंटरनेट के सुरक्षित, जिम्मेदार और सकारात्मक उपयोग के प्रति जागरूकता बढ़ाना रहा। संचालन जिला सूचना विज्ञान अधिकारी और ई-डिस्ट्रिक्ट मैनेजर द्वारा किया गया। कार्यक्रम में कलेक्ट्रेट के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

प्रतिभागियों को बताया गया कि कार्यालयी व्यवस्था के अंतर्गत ऑफिस ई-मेल का प्रयोग केवल आधिकारिक कार्यों के लिए करने, अनजान ई-मेल या अटैचमेंट खोलने से पूर्व सत्यापन करने तथा फिशिंग कॉल और संदिग्ध संदेशों से सतर्क रहने के निर्देश दिए गए। जिलाधिकारी ने टू-फैक्टर ऑथेंटिकेशन अपनाने, कंप्यूटर छोड़ते समय सिस्टम लॉक करने तथा गोपनीय दस्तावेजों की सुरक्षा सुनिश्चित करने पर विशेष बल दिया।

इसके अतिरिक्त अधिकृत सॉफ्टवेयर एवं वेबसाइट के उपयोग, पब्लिक वाई-फाई पर संवेदनशील कार्य से परहेज, नियमित एंटीवायरस अपडेट और किसी भी साइबर घटना की तत्काल सूचना आईटी विभाग को देने की प्रक्रिया समझाई गई। ई-डिस्ट्रिक्ट मैनेजर ने सोशल मीडिया पर बिना अनुमति प्रसारित फोटो या वीडियो हटवाने के लिए पोर्टल https://StopNCII.org की जानकारी भी दी। कार्यक्रम में अपर जिलाधिकारी (भू-अधिग्रहण) संतोष कुमार राय, जिला सूचना विज्ञान अधिकारी अंजन कुमार गोस्वामी तथा ई-डिस्ट्रिक्ट मैनेजर संदीप कुमार यादव सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

# हाईवे पर मारपीट कर रहे दो युवकों को कंटेनर ने रौंदा

## कल्याणपुर में फास्ट फूड की दुकान पर कहासुनी होने के बाद नारामऊ में झगड़ा

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- शिवराजपुर में कंटेनर छोड़कर भाग निकला चालक
- हादसे का शिकार एक युवक की नहीं हुई शिनाख्त


सूरज कुमार।


पोस्टमार्टम हाउस में घटना के बारे में जानकारी देती पत्नी इंद्रावती।

**अमृत विचार।** बिठूर में सोमवार देर रात दो पक्ष जीटीरोड पर भिड़ गए। मारपीट करते-करते बीच सड़क पर आ गए। तभी अचानक सामने आ जाने पर तेज रफ्तार कंटेनर ने दोनों को रौंद दिया। दोनों युवकों की मौके पर ही मौत हो गई। हादसा देखकर मारपीट कर रहे अन्य लोग वहां से भाग निकले। एक युवक की शिनाख्त होने पर पुलिस ने परिजनों को खबर दी और दोनों शवों को पोस्टमार्टम भेजा। घरवालों में चीख-पुकार मच गई।

कल्याणपुर स्थित आईआईटी गेट के पास रहने वाला 30 वर्षीय सूरज कुमार समीप ही फास्ट फूड की दुकान पर काम करता था। साथ में उसकी पत्नी इंद्रावती भी काम करती थी। परिवार में तीन बच्चे रोशनी, ज्ञानू व शिवा हैं। इंद्रावती ने बताया कि सोमवार देर रात दुकान मालिक प्रेम नारायण गुप्ता का शराब के नशे में धुत ग्राहकों से विवाद हो गया था। कहासुनी के बाद मारपीट की नौबत आने पर लोगों ने बीचबचाव कर सभी को अलग किया।

इंद्रावती के अनुसार मामला शांत होने पर वह बच्चों को लेकर घर चली गईं। दुकान बंद होने पर मालिक प्रेम नारायण सूरज को लेकर दोबारा मारपीट करने के लिए आईआईटी से नारामऊ पहुंच गए। उन्हें पता चल गया था कि नशेबाज वहीं के रहने वाले हैं। वहां दोनों पक्षों में जीटी रोड पर मारपीट होने लगी। हाईवे पर ही दोनों पक्षों में लात-घूसे और डंडे चलने लगे।

मारपीट करते-करते सभी लोग बीच सड़क पर आ गए, तभी तेज रफ्तार कंटेनर ने सूरज और एक अन्य युवक को रौंद दिया। सड़क पर गिरते ही दोनों पहियों के नीचे आ गए। दोनों की मौके पर ही मौत हो गई। हादसा देखकर अन्य लोग मौके से भाग निकले। राहगीरों की सूचना पर पहुंची बिठूर पुलिस ने दोनों शवों को पोस्टमार्टम भेजा। सूरज की शिनाख्त होने पर परिजनों को खबर दी, जबकि दूसरे युवक की पहचान के प्रयास किए जा रहे हैं। इंद्रावती के अनुसार जब उसके पति देर रात तक घर नहीं आए थे तो उसने गायब होने की खबर 112 डायल पर दी थी। इस पर पुलिस ने उन्हें फोटो दिखाकर शिनाख्त कराई। हादसे का पता चलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। हादसे के बाद दुकान मालिक फरार है। पुलिस ने इंद्रावती की तहरीर पर जांच कर रही है।

### हाथों में ईंट-पत्थर देख लोग सिर्फ देखते रहे

- पुलिस को पता चला है कि मारपीट करने वाले नशे में थे। हाथ में ईंट-पत्थर भी उठाए थे, जिस कारण किसी राहगीर ने बीच-बचाव करने की हिम्मत नहीं की। बीच सड़क मारपीट होने के कारण कई दुपहिया वाहन चालक भी गिरते बचे। बिठूर पुलिस की सूचना पर शिवराजपुर में पुलिस ने कंटेनर को पकड़ लिया। चालक जीटी रोड के किनारे कंटेनर खड़ा कर भाग निकला था।

### दूसरे युवक की शिनाख्त कराने में जुटी पुलिस

- एसीपी कल्याणपुर आशुतोष कुमार ने बताया कि दोनों पक्ष शराब के नशे में मारपीट कर रहे थे। बीच सड़क पर पहुंच गए थे, तभी सामने से आए तेज गति रफ्तार कंटेनर की चपेट में आ गए। दूसरे की शिनाख्त के प्रयास में पुलिस जुटी है।

### फंदे से लटककर महिला ने दी जान


**कानपुर।** हादसे में ई-आटो क्षतिग्रस्त होने से दुखी महिला ने फांसी लगा कर जान दे दी। दो साल पहले पति ने भी आत्महत्या की थी। परिजनों के अनुसार ऑटो ही कमाई का जरिया था। पुलिस ने जांच-पड़ताल कर शव भिजवाया।

दबौली निवासी स्नेहलता वर्मा ने बताया कि उनका दो खंड का मकान है। जिसमें भूतल पर छोटा बेटा विजयराज अपनी पत्नी दीपाली व बेटी लाडो के साथ रहता है। पहली मंजिल पर बड़ी बहू 37 वर्षीय अंजली, बेटी अद्रिका व बेटे रक्षित के साथ रहती थी। दूसरी मंजिल पर वह खुद रहती हैं। विजय ने बताया कि सोमवार को बच्चे स्कूल गए थे, मां बर्रा निवासी बहन के घर पर थी। घर पर भाभी अंजली व उनकी पत्नी थीं। दीपाली छत पर कपड़े डालने गई थीं तो दरवाजा बंद पाया। काफी देर खटखटाने पर भी कोई जवाब नहीं मिला तो अनहोनी की आंशका से उन्हें सूचना दी। विजय ने पुलिस को जानकारी दी। मौके पर पहुंचे पुलिसकर्मी पड़ोसी की छत से उतरकर दरवाजा खोला तो सामने दुपट्टे के सहारे भाभी का शव लटका मिला। विजय के अनुसार भाभी के पास ई-ऑटो था। जिसे ड्राइवर चलाता है। पांच दिन पहले ऑटो हाईवे पर दुर्घटनाग्रस्त हो गया था। जिससे वह काफी परेशान थीं। विजय के अनुसार दो साल पहले उनके बड़े भाई ने आत्महत्या की थी। उसके बाद भाभी ही किसी तरह बच्चों की परिवरिश कर रही थीं।

# 480 निजी अस्पताल पंजीकृत, संख्या हजारों

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- बिठूर के निजी अस्पताल के एनआईसीयू में अग्निकांड के बाद जारी की गई सूची



**अमृत विचार।** बिठूर के राजा नर्सिंग होम के अंदर वार्मर मशीन में नवजात की जलकर मौत होने के बाद जिला प्रशासन और स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी अब अलर्ट हुए। जिला प्रशासन ने पंजीकृत निजी अस्पतालों व नर्सिंग होम की सूची अब सार्वजनिक कर दी है। जारी की गई सूची में पंजीकृत निजी अस्पताल व नर्सिंग होम 480 है, लेकिन पूरे जिले में करीब एक हजार से अधिक निजी अस्पतालों व नर्सिंग होम का संचालन किया जा रहा है।

शहर के कल्यानपुर, गोविंद नगर, बर्रा, नौबस्ता, बिठूर, किदवई नगर, रामादेवी, महाराजपुर, बिल्हौर, घाटमपुर, बिधून समेत आदि जगहों पर धड़ल्ले से निजी अस्पतालों व नर्सिंग होम का संचालन किया जा रहा है। इनमे से कई निजी अस्पताल मानक के विपरित और अवैध रूप से संचालित किए जा रहे हैं। बिठूर स्थित राजा नर्सिंग में बच्ची की जलकर मौत हुई है, वहां पर एनआईसीयू की अनुमति नहीं थी, फिर भी संचालन कर मरीजों व तीमारदारों से रुपये वसूले जा रहे हैं।

वहीं, कल्यानपुर के एक अस्पताल में भी बिना अनुमति के आईसीयू का संचालन होने पर वहां पर एक युवक की भी मौत हो गई थी। वहीं, कई निजी अस्पतालों व नर्सिंग होमों पर लापरवाही से मरीजों की मौत के मामले भी सामने आ चुके है। इनपर कार्यवाही करने के लिए जिलाधिकारी जितेंद्र प्रताप सिंह ने सीएमओ डॉ.हरिदत्त नेमी व नोडल अधिकारी डॉ.रमित रस्तोगी को सख्त निर्देश दिए है।

सीएमओ डॉ.हरिदत्त नेमी ने बताया कि 423 निजी हॉस्पिटल व नर्सिंग पंजीकृत है। 50 बेड से अधिक वाले 57 निजी हॉस्पिटल है। 50 बेड से अधिक वाले 36 निजी हॉस्पिटल आयुष्मान के लिए पंजीकृत है। जबकि 50 बेड से कम वाले 177 निजी हॉस्पिटल व नर्सिंग होम आयुष्मान के लिए पंजीकृत है। जिले में जो हॉस्पिटल बिना पंजीकरण के संचालित होंगे, उनके खिलाफ मानक के तहत कार्यवाही सुनिश्चित की जाएगी। साथ ही संबंधित निजी हॉस्पिटल पर सील की कार्रवाई की जाएगी।

# बाइक की टक्कर से गार्ड की मौत

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- ड्यूटी जाते समय हुआ हादसा चालक बाइक छोड़कर भागा


अजय कुमार कुशवाहा।

**अमृत विचार।** महाराजपुर में तेज रफ्तार बाइक सवार ने अधेड़ की साइकिल में जोरदार टक्कर मार दी। गंभीर घायल अधेड़ को तत्काल अस्पताल पहुंचाया गया, जहां इलाज के दौरान डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने बाइक कब्जे में ली है। हादसे की खबर पर परिजनों में कोहराम मच गया।

चकेरी के अहिरवा निवासी 56 वर्षीय अजय कुमार कुशवाहा एक निजी कालेज में गार्ड थे। परिवार में पत्नी मंजू, तीन बेटे शुभम, शिवम व प्रतीक और बेटी रचना है। बेटे शुभम ने बताया कि पिता नाइट ड्यूटी करते थे। रोज की तरह सोमवार रात करीब आठ बजे घर से काम के लिए निकले थे। वह महाराजपुर केआईटी कालेज के पास पहुंचे थे, तभी पीछे से आए बाइक सवार ने उनकी साइकिल में जबरदस्त टक्कर मार दी। ठोकर लगने पर पिता साइकिल से उछलकर करीब दस मीटर दूर जा गिरे। राहगीर मदद के लिए पहुंचे। इस बीच युवक बाइक छोड़कर भाग निकला। गंभीर घायल पिता को कालेज कर्मचारियों ने 112 डायल पर पुलिस को सूचना देकर समीप के अस्पताल पहुंचाया। जहां से कांशीराम ले गए, वहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। पुलिस ने बाइक कब्जे में लेकर चालक का पता लगा रही है। महाराजपुर थाना प्रभारी ने बताया कि बाइक नंबर के आधार पर पता लगाया जा रहा है।

# रमईपुर में वाहन फंसे, सागर हाईवे पर जाम

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- एक्सप्रेस रोड, झकरकटी पुल, जरीब चौकी में भी वाहन उलझे

**अमृत विचार।** रमईपुर चौराहे पर वाहन फंसने से सागर हाईवे पर भीषण जाम लगा, जिसे छुड़ाने में पुलिस को पसीने आ गये। कई घंटे मशक्कत के बाद जाम खुल सका। शहर में भी एक्सप्रेस रोड, झकरकटी पुल, जरीब चौकी समेत कई स्थानों पर वाहन उलझे रहे।

मंगलवार सुबह 6 बजे रमईपुर चौराहा फिर हाईवे पर जाम का कारण बना। जहानाबाद से मझावन की ओर आने वाले वाहनों, हाईवे पर घाटमपुर और कानपुर नगर की ओर से चल रहे वाहन आपस में रमईपुर चौराहे पर फंस गये जिससे हाईवे जाम हो गया। इस जाम में सैकड़ों डंपर, एंबुलेंस, दो पहिया व चार पहिया वाहन फंसे रहे।

देर शाम रामादेवी चौराहा से भौंती तक वाहनों की लंबी लाइन लगी रही। दो पहिया एवं चार पहिया वाहन सवारों ने सर्विस लेन से निकलने की कोशिश की तो सर्विस लेन भी फंस गई। देर शाम टाटमिल का जाम अफीम कोठी पहुंच गया। घंटाघर पुल पर दोनों ओर के वाहन उलझे रहे। एक्सप्रेस रोड पर दुकानें आधी सड़क तक लगी होने के कारण घंटाघर से एक्सप्रेस रोड तक लोग जाम में फंसे रहे। कुछ वाहन सवारों ने गलत दिशा में आने की कोशिश की, जिससे जाम और बढ़ा। देर शाम बेकनगंज में रहमानी मार्केट के पास सड़क तक वाहनों के खड़े होने से घंटों जाम लगा रहा जिससे लोगों को रास्ता बदलना पड़ा।



सजेती पुलिस के हाथ लगे तीन केबल चोर। अमृत विचार

राष्ट्रीय संगोष्ठी

## विश्व दलहन दिवस पर भारतीय दलहन अनुसंधान संस्थान में विशेषज्ञों ने सुधार पर दिया जोर

# दलहन के बीजों में गुणवत्ता लाने की जरूरत

कार्यालय संवाददाता, कानपुर




राष्ट्रीय संगोष्ठी में विशेषज्ञों ने शोधार्थियों को अहम बातें बताईं। अमृत विचार

**अमृत विचार।** भारतीय दलहन अनुसंधान संस्थान में मंगलवार को विश्व दलहन दिवस पर पल्सेस, प्लेनेट एंड पीपल : सस्टेनेबल लाइवलीहुड एंड न्यूट्रिशनल सिक्योरिटी अंडर चेंजिंग क्लाइमेट सिनेरियो विषय पर राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन हुआ। दलहन पर शोध कर रहे वैज्ञानिकों को आईएसपीआरडी ने पुरस्कृत किया।

संस्थान की ओर से प्रकाशित एक स्मारिका व कुछ अन्य प्रकाशनों माइक्रोबियल टेक्नोलॉजीज फॉर ग्रेन लेगुम्स और हैंडबुक ऑन पेस्टिसाइड यूजेज इन पल्सेस का विमोचन किया गया। निदेशक डॉ. जीपी दीक्षित ने कहा कि चना, मूंग जैसी दलहनी फसलों में हम पर्याप्त सफलता हासिल कर चुके हैं। अब हमारा ध्यान अरहर और उड़द के उत्पादन को बढ़ाने पर है। भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद के अध्यक्ष डॉ. मंगला राय ने बताया कि जलवायु परिवर्तन बहुत तेजी से हो रहा है, ऐसे वातावरण में दालों का महत्व और भी बढ़ जाता है। दलहनी खेती के लिए ज्यादा पानी की आवश्यकता नहीं पड़ती है और यह मृदा की उर्वरता को बनाए रखते हुए नाइट्रोजन को स्थिर रखता है।

चेयरपर्सन डॉ. त्रिलोचन महापात्रा ने कहा कि देश में दालों का उत्पादन प्रतिवर्ष बढ़ना अच्छी बात है। क्योंकि दालों में प्रचुर मात्रा में प्रोटीन पाया जाता है, जो स्वास्थ्य के लिए बहुत लाभकारी है। अभी मांग बढ़ने पर हमें अन्य देशों से दालों का आयात करना पड़ रहा है, लेकिन हम जिस प्रकार योजना बद्ध तरीके से शोध कर रहे हैं, आने वाले समय में दलहन में आत्मनिर्भरता में अच्छे परिणाम मिलेंगे। अध्यक्ष ने कहा कि सीड हब पर बहुत अच्छा काम हो रहा है। इससे बीजों की उपलब्धता पहले से कहीं ज्यादा सुलभ हो चुकी है, लेकिन इस क्षेत्र में अभी भी काफी चुनौतियां हैं, प्रजनक बीज उत्पादन की दिशा में और काम करने की जरूरत है।

उन्होंने कहा कि बीजों की गुणवत्ता में और सुधार लाना होगा। मृदा में पाया जाने वाला जिंक, सल्फर, पोटाश, आयरन आदि की मात्रा निरंतर घट रही है, जिससे फसलों की गुणवत्ता प्रभावित हो रही है। इसका बुरा असर मानव स्वास्थ्य पर पड़ रहा है। वैज्ञानिकों को सुझाव दिया कि वह अपने शोध में दलहनी खेती के इस महत्वपूर्ण आयाम पर विशेष ध्यान दें।

आईएसपीआरडी के अध्यक्ष डॉ एसके चतुर्वेदी ने गुणवत्ता युक्त बीज पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध कराने की दिशा में और प्रयास करने पर बल दिया। इस दौरान आईएसपीआरडी सचिव डॉ.नरेंद्र कुमार, डॉ मीनल राठोर, डॉ. रेखारानी समेत आदि रहे।

### पांच वर्षों में 10 मिलियन टन उत्पादन की जरूरत

- निदेशक डॉ. जीपी दीक्षित ने बताया कि भारत में दालों का सबसे ज्यादा उत्पादन होता है और उपभोग भी। क्योंकि अधिकांश जनसंख्या शाकाहारी है, निसंदेह प्रत्येक वर्ष दालों का उत्पादन बढ़ रहा है, लेकिन आने वाले पांच वर्षों में हमें 10 मिलियन टन और दलहन उत्पादन करने की जरूरत है। इस दिशा में हम पर्याप्त शोध कार्य कर रहे हैं, अभी हाल में ही हमने विकसित कृषि संकल्प अभियान के अंतर्गत दलहनी खेती कर रहे किसानों से व्यापक संपर्क अभियान चलाया और वर्तमान स्थिति का पर्याप्त आंकड़ा एकत्र किया है, पिछले दिनों सरकार द्वारा दलहन पर राष्ट्रीय मिशन लॉन्च किया गया है, जिसके तहत कई महत्वपूर्ण शोध प्रस्ताव संस्थान द्वारा तैयार किये गये हैं।

# हमीरपुर के 3 चोर धरे गए 4 लाख का माल बरामद

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- रिश्तेदारों के यहां पहुंचकर करते थे रेकी और फिर वारदात
- सजेती पुलिस को मिली कामयाबी गैंगस्टर की कार्रवाई होगी

**अमृत विचार।** सजेती पुलिस ने दक्षिण जोन में केबल चोरी करने वाले गिरोह का खुलासा कर तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। शातिरों के पास से करीब चार लाख माल बरामद हुआ। जिसमें केबल, पांच बंडल तार, केबल के टुकड़े, कटर, रेकी में प्रयुक्त बाइक व 3580 रुपये बरामद हुए।

डीसीपी साउथ दीपेंद्र नाथ चौधरी ने बताया कि सजेती व साढ़ क्षेत्रों में लगातार केबल चोरी की घटनाएं हो रही थीं। अभी हाल में 18 जनवरी को दर्ज हुए मुकदमे में जांच से पता चला कि शातिर क्षेत्र में ही हैं। सोमवार को मुखबिर की सूचना पर बरीपाल क्रॉसिंग से आनूपुर मोड़ के बीच जॉल बिछाकर तीनों को माल समेत पकड़ लिया गया। पूछताछ में आरोपियों ने अपने नाम सियापाल, सत्येंद्र और शमशाद निवासी हमीरपुर के भरुआसुमेरपुर इमलिया बताया।

पुलिस के अनुसार शमशाद पहली बार आया था। उसका आपराधिक इतिहास नहीं मिला। जबकि सियापाल आठ और सत्येंद्र पर आर्म्स एक्ट, एनडीपीएस, चोरी, आबकारी व मारपीट समेत अन्य धाराओं में मुकदमे दर्ज हैं। पुलिस के अनुसार आरोपी रिश्तेदारों के यहां आकर रेकी करते फिर चोरी की वारदात को अंजाम देते। डीसीपी साउथ ने बताया कि आरोपियों पर गैंगस्टर की कार्रवाई भी की जाएगी।

## सिटी ब्रीफ

### काला नमक व चावल के प्रचार पर मंथन

**कानपुर।** कृषि अनुसंधान को सशक्त बनाने के उद्देश्य से राष्ट्रीय पादप जैव प्रौद्योगिकी संस्थान नई दिल्ली के पूर्व निदेशक डॉ .नागेंद्र कुमार सिंह व राष्ट्रीय अजैविक तनाव प्रबंधन संस्थान, बारामती के पूर्व निदेशक डॉ .एनपी सिंह ने भ्रमण किया। डॉ .नागेंद्र ने कहा कि काला नमक व चावल अपनी विशिष्ट सुगंध व गुणवत्ता के लिए जाना जाता है। उन्नत किस्मों से किसानों की आय में वृद्धि की जा सकती है। काला नमक व चावल के प्रचार पर मंथन हुआ। यहां कानपुर के निदेशक डॉ .राघवेंद्र सिंह व प्रधान वैज्ञानिक डॉ .अजय कुमार सिंह आदि रहे।

### जनविरोधी नीतियों पर 12 को आम हड़ताल

**कानपुर।** सेवानिवृत्त कर्मचारी एवं पेंशनर्स एसोसिएशन की मंगलवार को जल संस्थान के यूनियन कार्यालय में बैठक हुई। बीएल गुलाबिया ने बताया कि सरकार की जन विरोधी नीतियों के विरोध में किसान, मजदूर, कर्मचारी समेत सभी लोग 12 फरवरी को आम हड़ताल कर ज्ञापन देंगे। प्रदेश अध्यक्ष अमर नाथ यादव व महामंत्री ओपी त्रिपाठी ने सभी पेंशनरों से विरोध करने का आह्वान किया। इस दौरान अशोक कुमार मिश्रा, बेंचे लाल कुशवाहा, आरपी श्रीवास्तव, चंदहास सिंह चौहान, रविन्द्र कुमार समेत आदि रहे।

### एलीवेटेड हाईवे का टेंडर 25 को खुलेगा

**कानपुर।** नौबस्ता से महोबा होते हुए कबरई तक 112 किलोमीटर लंबे एलीवेटेड हाईवे का निर्माण भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) कराएगा। निर्माण के लिए एनएचएआई ने टेंडर जारी किए थे, जो 10 फरवरी को खुलना था, लेकिन किसी कारण वह आज नहीं खुल सका है। एनएचएआई के परियोजना निदेशक पंकज यादव ने बताया कि इस एलीवेटेड हाइवे की टेंडर प्रक्रिया 25 फरवरी को संपन्न की जाएगी। इसके लिए तैयारी पूरी कर ली गई है।

### भाषण प्रतियोगिता में देवांश प्रथम

**कानपुर।** सीएसजेएमयू के शिक्षा विभाग ने मंगलवार को भारतीय पर्व परंपरा में पर्यावरण संरक्षण पर भाषण प्रतियोगिता कराई। विभागाध्यक्षा डॉ. तनुजा भट्ट ने कहा कि पर्व संस्कृति के वाहक हैं, उल्लास के साथ मनाने से हम अपनी संस्कृति से जुड़ते हैं। भाषण प्रतियोगिता में देवांश प्रथम, अर्श आलम व सुनयना सिंह ने द्वितीय और मयंक द्विवेदी ने तृतीय स्थान याया। यहां डॉ. बीएन मिश्रा, डॉ. कल्पना अग्निहोत्री, डॉ. प्रियंका मौर्या, प्रिया तिवारी रहीं।

# वक्फ का पंजीयन 15 फरवरी तक उम्मीद पोर्टल पर करा लें

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** शहरकाजी मौलाना मुफ्ती मोहम्मद साकिब अदीब मिस्बाही ने कहा है कि केंद्र सरकार के उम्मीद पोर्टल पर वक्फ रजिस्ट्रेशन की अंतिम तिथि 15 फरवरी 2026 है। तमाम लोग इस भ्रम में हैं कि पंजीयन की अंतिम तिथि 5 जून है, ये पूरी तरह भ्रामक है, किसी किस्म के बहकावे या भ्रम या लापरवाही किए बगैर 15 फरवरी तक वक्फ जायदाद का रजिस्ट्रेशन यकीनी बनाएं।



शहरकाजी।

शहरकाजी ने कहा कि 5 जून 2026 तक रजिस्ट्रेशन की मियाद है गुमराह-कुन है। उम्मीद पोर्टल पर 15 फरवरी 2026 तक आईडी बन जाएगी उसी को अपने विवरण अपलोड करने का आगे अवसर दिया जाएगा। याद रखें कि मुतवल्ली या वक्फ के जिम्मेदारान के द्वारा अपने वक्फ का विवरण अपलोड करने की अंतिम तिथि 15 फरवरी 2026 है जबकि 15 फरवरी 26 से 15 अप्रैल 26 तक अपलोड किए गए विवरण को उत्तर प्रदेश वक्फ बोर्ड लखनऊ द्वारा चेक करने का काम किया जाएगा और उसमें खामियों व त्रुटियों को दूर किया जाएगा और 5 जून 2026 तक वक्फ बोर्ड द्वारा उम्मीद पोर्टल पर अपलोड किए गए अवकाफो को अप्रूव किया जाएगा। नायब शहरकाजी कारी मो. सगीर आलम हबीबी ने प्रदेश के तमाम वक्फ मुतवल्ली व वक्फ के जिम्मेदारों से कहा है कि 15 फरवरी तक पोर्टल पर पंजीयन कराकर कानूनी या इंतजामी दुश्वारियों से बचें, ताकि संपत्तियों की रक्षा की जा सके।

# दिल की सटीक जानकारी देगा स्पेमी केयर एप

**एआई की मदद**

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** लोगों में अचानक से हार्ट अटैक आने व हार्ट फेल्योर के मामले प्रतिवर्ष बढ़ रहे हैं। कई लोगों के खेलते, दौड़ते, जिम करते, बैठे हुए व बोलते समय हार्ट अटैक आने के वीडियो भी वायरल है। ऐसे में दिल का विशेष ख्याल रखने के लिए एलपीएस कार्डियोलॉजी संस्थान ने एक एआई युक्त एप तैयार किया है, जिससे दिल की स्थिति की सटीक जानकारी होगी और कब दिल दगा दे सकता है या किस वजह से कमजोर पड़ रहा है, यह भी पता चलेगा। ऐसे में हृदय रोग से ग्रस्त मरीजों की जान बचाना आसान होगा।


एलपीएस कार्डियोलॉजी संस्थान में ईसीजी, इको, एंजियोग्राफी आदि जांचों को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) से जोड़ने की प्रक्रिया चल रही है। इसके लिए कार्डियोलॉजी ने यूज ऑफ आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस इन कार्डियक साइंसेस का ड्राफ्ट तैयार करके शासन को भेजा है। ड्राफ्ट के नोडल आफिसर डॉ. अवधेश कुमार शर्मा ने बताया कि संस्थान ने एक एआई युक्त एप तैयार किया है, जो पांच वर्ष तक दिल के स्वास्थ्य के बारे में जानकारी देगा।

विशेषज्ञों ने इसे स्पेमी केयर नाम दिया है। संस्थान में एप के लिए विभिन्न स्टेज पर हृदय रोगियों का डाटा बेस तैयार किया जा रहा है। अभी तक 25 हजार हृदय रोगियों का डाटा तैयार किया गया है। इसे लगातार अपडेट कर मरीजों की संख्या बढ़ाई जाएगी। ईसीजी और इको का एआई डाटा कुछ हद तक तैयार हो गया है। स्पेमी केयर पर शासन का भी फोकस है। एप की मदद से हार्ट अटैक से होने वाली मौतों के आंकड़ों को प्रदेश में कम किया जा सकेगा।

**गोल्डन ऑवर में बच सकेगी जान :** रिपोर्ट देखकर मरीज की स्थिति पूरी तरह से स्पष्ट होगी। इसके बाद मरीजों का इलाज आसानी से किया जा सकेगा। वहीं, दिल की धमनियों में जमा खून का थक्का खोलने के लिए सीएचसी व पीएचसी पर जरूरी दवा भी उपलब्ध की जाएगी। इससे गोल्डन ऑवर में ही मरीज की जान बचाई जा सकेगी।

**पल भर में पता चलेगी कंडीशन**

- प्रथम चरण में एप में 25 हजार मरीजों की केस हिस्ट्री अपलोड कर दी गई है। बताया कि एआई, ईसीजी की रिपोर्ट देखकर तुरंत करंट कंडीशन बताएगा। इको से आने वाले दिनों में होना वाली हार्ट की स्थिति पता स्पष्ट रूप से चल सकेगा। एंजियोग्राफी की रिपोर्ट देखकर एआई स्टेंट के संबंध में जानकारी भी उपलब्ध कराएगा। इसके अलावा आने वाले दिनों में दिल के स्वास्थ्य का आंकलन कर संबंधित मरीज सावधानी भी बरत सकता है। एप ईसीजी की रिपोर्ट मिलते ही दिल के स्वास्थ्य की पूरी कुंडली खोल देगा।



**25** हजार हृदय रोगियों का डाटा तैयार

**05** वर्ष की दिल की मिलेगी जानकारी

**सीएचसी-पीएचसी से जोड़ा जाएगा एप**

डॉ .अवधेश के मुताबिक एआई युक्त इस एप से यह भी रिपोर्ट मिल जाएगी कि आने वाले पांचों साल में दिल की सेहत कैसी रहेगी। इससे जल्द ही जिले के सीएचसी और पीएचसी से जोड़ने की तैयारी की जा रही है। सीएचसी व पीएचसी में ईसीजी की जांच की सुविधा उपलब्ध रहेगी। गंभीर मरीज की जांच करने के बाद रिपोर्ट की फोटो एप पर अपलोड की जाएगी

## उप सेनाध्यक्ष ले.जनरल पुष्पेंद्र सिंह ने एआई और ड्रोन युद्ध की क्षमताओं को परखा

# सेना को स्वदेशी रक्षा प्रौद्योगिकी की शक्ति देगा कानपुर आईआईटी

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** ड्रोन, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, साइबर सुरक्षा और इलेक्ट्रॉनिक वारफेयर में आईआईटी कानपुर स्वदेशी समाधान को बढ़ावा देकर देश की सैन्य ताकत को और सुदृढ़ बनाएगा। इसकी एक झलक संस्थान में भारतीय सेना के उप सेनाध्यक्ष लेफ्टिनेंट जनरल पुष्पेंद्र सिंह के दौरे में मिली।

उपसेनाध्यक्ष के संस्थान दौरे का उद्देश्य रक्षा आधुनिकीकरण में एआई, साइबर सुरक्षा और ड्रोन तकनीक (यूएवी) जैसी नई तकनीकों में सहयोग बढ़ाना और स्वदेशी रक्षा क्षमता को मजबूत करना था। कैंपस आगमन पर उप सेनाध्यक्ष का स्वागत संस्थान के निदेशक प्रो. मणिंद्र अग्रवाल, डीन (अनुसंधान एवं विकास) प्रो. तरुण गुप्ता तथा नोडल फैकल्टी प्रभारी प्रो. कांतेश बालानी ने किया।



भारतीय सेना के उप सेनाध्यक्ष लेफ्टिनेंट जनरल पुष्पेंद्र सिंह ने कानपुर आईआईटी का दौरा कर स्वदेशी रक्षा प्रौद्योगिकी को करीब से परखा। अमृत विचार

उप सेनाध्यक्ष लेफ्टिनेंट जनरल पुष्पेंद्र सिंह के साथ हुई महत्वपूर्ण चर्चाओं में भारतीय सेना में तकनीक-आधारित आधुनिकीकरण के लिए आईआईटी और भारतीय सेना के बीच संयुक्त सहभागिता की आवश्यकता पर जोर दिया गया। प्रो. मनींद्र अग्रवाल ने कहा कि आर्टिफीशियल इंटेलिजेंस, ऑटोनोमस सिस्टम्स और इलेक्ट्रॉनिक युद्ध जैसी उभरती तकनीकें सैन्य संचालन के तरीकों को तेजी से बदल रही हैं, जिससे रक्षा तकनीकों का आधुनिकीकरण आवश्यक हो गया है। संस्थान साइबर सुरक्षा और मानव-रहित ऑटोनोमस सिस्टम्स जैसे क्षेत्रों में अग्रणी अनुसंधान कर रहा है और वास्तविक सैन्य आवश्यकताओं के अनुरूप नवोन्मेषी समाधान प्रदान करने में सक्षम है।

उप सेनाध्यक्ष ने एयरोस्पेस इंजीनियरिंग विभाग के अंतर्गत प्रो. अभिषेक के नेतृत्व में संचालित हेलीकॉप्टर एवं वीटीओएल प्रयोगशाला तथा प्रो. सुभ्रमण्यम साडेरला के नेतृत्व में यूएवी प्रयोगशाला का भ्रमण किया, जहां उन्हें ड्रोन प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में की गई प्रगति से अवगत कराया गया। सीथ्रीआई हब में उपसेनाध्यक्ष ने संस्थान के मुख्य प्रौद्योगिकी अधिकारी डॉ. रस द्विवेदी तथा मुख्य रणनीति अधिकारी डॉ. आनंद हांडा के साथ मिलकर नवीनतम साइबर सुरक्षा विकास पर चर्चा की। उप सेनाध्यक्ष ने कहा कि भारतीय सेना और आईआईटी के बीच बढ़ती सहभागिता निकट भविष्य में अत्याधुनिक स्वदेशी रक्षा प्रौद्योगिकियों के विकास का मार्ग खोलेगी।



मर्चेंट चेंबर सभागार में दीप प्रज्ज्वलित कर संगोष्ठी की शुरुआत करते उप महाप्रबंधक रजनीश कुमार। अमृत विचार

# पेंशनर्स बैंक की इमारत की मजबूत नींव

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- मर्चेंट चेंबर में एसोसिएशन की ओर से पेंशनर्स संगोष्ठी

**अमृत विचार।** आप सभी पेंशनर्स बैंक की नींव की वो ईंट हैं, जिस पर ये इमारत खड़ी होकर आज करोड़ो का फायदा दे रही है, आप द्वारा लगाया गया पौधा फल-फूल रहा है। स्टेट बैंक आफ इंडिया के उप महाप्रबन्धक रजनीश कुमार ने ये बात कही।

मंगलवार को एसबीआई पेंशनर्स एसोसिएशन द्वारा एसबीआई पेन्नर्सधारकों व पारिवारिक पेन्नर्सधारकों के लिये मर्चेन्ट चेम्बर सभागार, सिविल लाइन्स में भारतीय स्टेट बैंक, प्रशासनिक कार्यालय द्वारा पेंशनर्स संगोष्ठी "तरंग" का आयोजन किया गया। सर्वप्रथम गतवर्ष में दिवंगत हुये साथियों को दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि अर्पित की गयी। मुख्य प्रबन्धक रत्नेश कुमार पाठक, लखनऊ से आये मण्डल अध्यक्ष दिनेश चन्द्रा, महामंत्री अतुल स्वरुप, प्रदीप मल्होत्रा, सुरेश कपूर, अतुल अग्रवाल, सुरेन्द्र सुखीजा ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया । इस अवसर पर आंचलिक सचिव सुरेश कपूर ने बहुप्रतीक्षित पेन्शनर्स को बैंक प्रांगण में ऑफिस आवंटित करने की मांग को दोहराया और एक अतिरिक्त डॉक्टर की तुरन्त नियुक्ति करने की मांग की। इस अवसर पर बैंक की डाक्टर प्रीति आहूजा, डाक्टर अवध दूबे एवं डाक्टर डीके. जयपुरिया को पुष्पगुच्छ देकर सम्मानित किया। मण्डल महामंत्री अतुल स्वरुप ने विचार रखे। आंचलिक अध्यक्ष अतुल अग्रवाल ने आभार व्यक्त किया। पूर्व उपमहाप्रबन्धक अशोक गर्ग, रणजीत कुमार सहायक महाप्रबंधक राजीव पचौरी, आशीष मिश्रा, गुन्जन अग्रवाल, अशोक चतुर्वेदी, सुरेन्द्र सुखीजा, राहुल निगम, विजय अवस्थी, केके अग्रवाल, मुकेश वर्मा, रोहित साहू एवं प्रताप सिंह रहे।



शहर में दौड़ रहीं हैं ई-बसें। फाइल फोटो।

# एक क्लिक पर जानिए ई-बस की लोकेशन

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- शहरवासियों को अब स्टापेज पर बस का इंतजार करने के लिए खड़ा नहीं रहना पड़ेगा

**अमृत विचार।** शहरवासियों के लिए खुशखबरी है, अब आप ऑन लाइन ट्रैकिंग सिस्टम से ये पता कर सकते हैं कि जिस ई बस से आपको सफर करना है, वह अभी कहां पहुची है। इससे घंटों बस का इंतजार करने के बजाए हर कोई बस आने के थोड़ी देर पहले स्टॉपेज पर पहुंचकर बस पकड़ सकेगा।

कानपुर नगर के विभिन्न रुटों पर ई सिटी बसें संचालित हो रही हैं, अब इन सिटी बसों की लोकेशन ऐप के माध्यम से ली जा सकती है। ई-बसों की समय सारिणी को ई-सिटी बस यूपी ऐप पर अपलोड कर दी गई है। इसमें बसों की लाइव लोकेशन के साथ ही स्टॉपेज पर उनके आने और जाने का समय ट्रैक किया जा सकता है। कानपुर में प्रतिदिन 50 से 70 हजार लोग इन्हीं बसों से सफर करते हैं। ये बसें कानपुर शहर के अलावा कानपुर देहात अकबरपुर, रनिया, बिंदकी, घाटमपुर, जहानाबाद तक दौड़ रही हैं।

कानपुर सिटी ट्रांसपोर्ट सर्विसेज लिमिटेड के प्रबंधक संचालन अभिनव निगम का कहना है कि कानपुर में 84 ई बसें संचालित हो रही हैं। प्रयागराज में कानपुर की 9 ई बसें महाकुंभ में भेजी गई हैं, जो जल्द ही कानपुर वापस लाई जाएंगी और फिर इन बसों के लिए भी नया रूट खोला जाएगा।

**यात्री ऐसे पता करें बसों का लाइव लोकेशन**

- कानपुर सिटी ट्रांसपोर्ट सर्विसेज लिमिटेड ने ई सिटी बस यूपी ऐप विकसित किया है। प्ले स्टोर पर जाकर इस ऐप को डाउनलोड किया जा सकता है। ऐप डाउनलोड करने के बाद कानपुर समेत 15 जिलों के आप्शन आएंगे। इसमें कानपुर नगर सिलेक्ट करने पर एम-पास और लाइव ट्रैकिंग का ऑप्शन खुलेगा। लाइव ट्रैकिंग पर किस स्थान से किस स्थान पर जाना है कि डिटेल भरते ही उस रूट पर चल रही सभी ई-बसों की डिटेल सामने आ जाएगी। इसके अलावा यह भी पता चल जाएगा।

# झांसी रेलमार्ग पर भीमसेन से खैरार तक बनेंगे 5 अंडरपास

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** कानपुर-झांसी रेलमार्ग पर भीमसेन से खैरार तक रेलवे ने पांच अंडरपास बनाने को मंजूरी दी है। यातायात की सुविधा एवं सुरक्षा को और अधिक सुदृढ़ करने के उद्देश्य से अंडरपास निर्माण कार्य किया जाएगा।

उत्तर मध्य जोन के जनसंपर्क अधिकारी मनोज कुमार सिंह ने बताया कि भीमसेन-खैरार रेल खंड पर फाटक संख्या S-10 किमी संख्या 1325/5-6, ईचौली–अकोना के मध्य अंडरपास बनाया जाएगा, जिसके लिए यह फाटक 11 फरवरी से यातायात के लिए बंद कर दिया जाएगा। निर्माण अवधि के दौरान इस समपार से होकर गुजरने वाले वाहन वैकल्पिक रूप से समीपवर्ती समपार फाटक संख्या S-13 से संचालित किया जाएगा। अंडरपास निर्माण कार्य पूर्ण होने के उपरांत सड़क यातायात को पुनः नवनिर्मित अंडरपास के माध्यम से सुचारु रूप से संचालित किया जाएगा। इसी प्रकार अन्य स्थानों पर भी अंडरपास बनेंगे ताकि ग्रामीण रेलवे लाइन को सीधे पार करने के बजाए अंडरपास से निकलें।

# भ्रष्टाचार की शिकायत, निगम ने थमाया नोटिस

**उल्टा दांव**

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- साकेत नगर में नाली निर्माण पर सवाल उठाने वालों को 15 दिन में रैंप-गेट हटाने का आदेश
- पीड़ित लोग अब मुख्यमंत्री और जिलाधिकारी से शिकायत कर इंसाफ की लगाएंगे गुहार

**अमृत विचार।** नगर निगम जोन-3 के (वार्ड-18) साकेत नगर में नाली निर्माण में धांधली की शिकायत करना स्थानीय निवासियों को भारी पड़ता दिख रहा है। मुख्यमंत्री पोर्टल (आईजीआरएस) पर घटिया सामग्री से निर्माण की शिकायत करने वाली मनीषा व अन्य पड़ोसियों को अब निगम ने 'अतिक्रमण हटाओ' नोटिस जारी कर 15 दिन में रैंप व गेट हटाने का अल्टीमेटम दिया है। अधिशासी अभियंता, जोन-3 की ओर से 9 फरवरी 2026 को जारी नोटिस में सरकारी फुटपाथ/नाली पर पक्का निर्माण कर अतिक्रमण का आरोप लगाया गया है।

शिकायतकर्ताओं का कहना है कि उन्होंने 17 व 30 दिसंबर को ऑनलाइन शिकायत कर बताया था कि नाली निर्माण में पीली ईंटें, डस्ट और घटिया सामग्री का प्रयोग किया जा रहा है, नाली टेढ़ी-मेढ़ी बनाई गई है और कई स्थानों पर प्लास्टर तक अधूरा है। आरोप है कि बिना स्थलीय जांच और शिकायतकर्ताओं से बातचीत किए पोर्टल पर निस्तारण रिपोर्ट लगा दी गई। इसके बाद जांच के बजाय उल्टा वर्षों पुराने रैंप-गेट को अतिक्रमण बताकर नोटिस थमा दिया गया।

एक फरवरी को भी गंदगी को लेकर शिकायत की गई थी। निवासियों का तर्क है कि जो निर्माण लंबे समय से मौजूद था, वह भ्रष्टाचार की शिकायत के बाद अचानक अतिक्रमण कैसे हो गया। उनके पास निर्माण की गुणवत्ता से जुड़े वीडियो साक्ष्य होने का दावा भी किया गया है। मोहल्ले के लोग अब वीडियो और दस्तावेजी साक्ष्यों के साथ मुख्यमंत्री व जिलाधिकारी से मिलकर मामले की निष्पक्ष जांच की मांग करने की बात कही।

वहीं नगर निगम जोन तीन के अधिशासी अभियंता राजेश कुमार ने बताया कि स्थानीय की शिकायत और नगर निगम की ओर से जारी किए नोटिस की जांच कराने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी। अगर, मामले में कर्मचारियों की मिलीभगत पाई जाएगी तो उनके खिलाफ भी विभागीय कार्रवाई होगी।

**हो गई शुरुआत** — बृजेंद्र स्वरूप पार्क में 10 दिन चलेगी प्रदर्शनी, मंत्री राकेश सचान ने खरीदे वस्त्र

# खादी प्रदर्शनी के 107 स्टालों पर देखिए स्वदेशी की वैरायटी

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** बृजेन्द्र स्वरूप पार्क के लॉन नंबर-2 में मण्डल स्तरीय खादी एवं ग्रामोद्योग प्रदर्शनी का शुभारम्भ उत्तर प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री राकेश सचान ने किया। यह प्रदर्शनी 10 दिन यानी 18 फरवरी तक चलेगी, जिसमें 107 स्टालों पर खादी की विभिन्न वैरायटी देखने को मिलेगी।

मंगलवार को प्रदर्शनी का उद्घाटन सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम एवं निर्यात प्रोत्साहन/खादी एवं ग्रामोद्योग/हथकरघा एवं वस्त्रोद्योग/रेशम विभाग के मंत्री राकेश सचान ने किया। उप्र खादी तथा ग्रामोद्योग बोर्ड की ओर से मण्डल स्तरीय खादी एवं ग्रामोद्योग प्रदर्शनी का शुभारम्भ किया गया। प्रदर्शनी में खादी तथा ग्रामोद्योग बोर्ड, जिला उद्योग केन्द्र एवं स्वयं सहायता समूहों द्वारा निर्मित उत्पादों के विक्रय एवं प्रदर्शन हेतु खादी, ग्रामोद्योग एवं माटीकला से संबंधित कुल 107 स्टॉल लगाए गए हैं।



खादी प्रदर्शनी का उद्घाटन करने के बाद खादी खरीदते कैबिनेट मंत्री राकेश सचान। अमृत विचार

उप्र.सरकार की मंशा के अनुरूप खादी एवं ग्रामोद्योग इकाइयों के व्यापक प्रचार-प्रसार के उद्देश्य से मण्डल स्तर पर प्रतिवर्ष इस प्रकार की लघु प्रदर्शनियों का आयोजन किया जा रहा है, जिससे ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में स्थापित इकाइयों के उत्पादों को बाजार उपलब्ध कराया जा सके। प्रदेश सरकार के मंत्री राकेश सचान ने अपने संबोधन में कहा कि खादी वस्त्रों के साथ ग्रामोद्योग एवं माटीकला के उत्पादों की अधिकाधिक खरीद करें, जिससे दूर-दराज से आए उद्यमियों की आजीविका में वृद्धि हो सके।

उन्होंने कहा कि खादी केवल वस्त्र नहीं, बल्कि एक विचार है। यूपी में कोई भी व्यक्ति बेरोजगार न रहे और युवा एवं महिलाएं उद्यम स्थापित कर रोजगार देने वाले बनें, जिससे ग्रामीण क्षेत्रों से पलायन रुके और रोजगार सृजन को बढ़ावा मिले। मंत्री द्वारा पॉपकॉर्न मशीन, दोना-पत्तल मशीन एवं विद्युत चलित चाक प्राप्त करने वाले लाभार्थियों से परिश्रमपूर्वक कार्य कर स्वावलम्बी बनने का आह्वान किया गया तथा बताया गया कि शीघ्र ही युवाओं के लिए नई योजनाएं प्रारम्भ की जाएंगी। मंत्री ने प्रधानमंत्री द्वारा दिए गए नारे "खादी फॉर फैशन, खादी फॉर नेशन का भी उल्लेख किया।

उप्र खादी ग्रामोद्योग महासंघ के अध्यक्ष सुरेश गुप्ता को परिक्षेत्रीय ग्रामोद्योग अधिकारी अशोक कुमार शर्मा की ओर से प्रतीक चिह्न एवं अंगवस्त्र भेंट कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर विधायक अरुण पाठक, अध्यक्ष जिला पंचायत कानपुर स्वप्निल वरुण, सतीश महाना के प्रतिनिधि सुरेन्द्र अवस्थी, अभय कुमार त्रिपाठी, अखिलेश कुमार अग्निहोत्री (जिला ग्रामोद्योग अधिकारी, कानपुर देहात), अशोक मिश्रा, मोहम्मद नसीम अहमद, बालकृष्ण देवड़ा, संजय अग्रवाल, योगेन्द्र पाल, मनोज पाठक, राजीव द्विवेदी, वरुण जौहरी, हरेंद्र निषाद, राकेश गुप्ता, राजेश कुमार, विवेक त्रिवेदी एवं आशीष सिंह आदि मौजूद रहे।

## सिटी ब्रीफ

### कल पं. दीन दयाल उपाध्याय पुण्यतिथि

**कानपुर।** सीएसजेएमयू में पं. दीन दयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि पर एक दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन बुधवार को किया जाएगा, जिसका विषय एकात्म मानववाद से राष्ट्रवाद का उद्भव निर्धारित किया गया है। उद्देश्य पं. उपाध्याय के विचारों, विशेषकर एकात्म मानववाद की अवधारणा व राष्ट्रवाद के वैचारिक विकास पर सार्थक विमर्श करना है। संगोष्ठी में इंडिया फाउंडेशन, नई दिल्ली के अध्यक्ष डॉ. राम माधव सहभागिता करेंगे। साथ ही सुप्रीम कोर्ट के एडवोकेट दिलीप कुमार दुबे व राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ से प्रांत संचालक भवानी भीख तिवारी रहेंगे।

### नशा मुक्ति अभियान की जानकारी दी

**कानपुर।** सीएसजेएमयू द्वारा एनएसएस यूनिट–1 (अटल इकाई) का सात दिवसीय विशेष शिविर ग्राम बाराथनपुरवा, बिठूर में 10 फरवरी से आयोजित किया गया, जो 16 फरवरी तक चलेगा। शिविर का उद्घाटन ग्राम प्रधान सुनीता पाल ने किया। कार्यक्रम अधिकारी डॉ. ममता तिवारी ने सभी स्वयंसेवकों को राष्ट्रीय सेवा योजना के उद्देश्य, महत्व व सात दिवसीय शिविर की कार्ययोजना की जानकारी दी। शिविर में नशा मुक्ति अभियान, टीकाकरण जागरूकता, नेत्र परीक्षण शिविर, बालिकाओं की स्वच्छता, जल संरक्षण, विद्यालय परिसर व ग्राम की सफाई जैसे सामाजिक व जनकल्याण से जुड़े कार्यक्रम आयोजित किए। शिविर में सीएसजेएमयू के विभिन्न विभागों के करीब 50 स्वयंसेवकों ने सहभागिता की।

### स्थापना दिवस पर प्रतियोगता हुई

**कानपुर।** सीएसजेएमूय के स्थापना दिवस समारोह सप्ताह के तहत मंगलवार को शारीरिक शिक्षा विभाग ने वालीबॉल व रस्साकशी खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया। दोनों प्रतियोगिताओं में विश्वविद्यालय परिसर स्थित विभिन्न विभागों के 120 छात्रों ने प्रतिभाग किया। वालीबॉल प्रतियोगिता में शारीरिक शिक्षा विभाग ने प्रथम स्थान व यूआईटी विभाग ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। वहीं, रस्साकशी प्रतियोगिता में विश्वविद्यालय के स्कूल ऑफ फार्मेसी ने प्रथम व शारीरिक शिक्षा विभाग ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। वहीं, भौतिकी विभाग द्वारा आयोजित कार्यक्रम में मलेशिया की प्रो. शिखा अवस्थी ने अपने अनुभव साझा करते हुए विस्तार से चर्चा की।

### होटल प्रबंधन में कई तरह की संभावनाएं

**कानपुर।** सीएसजेएमयू में स्कूल ऑफ होटल मैनेजमेंट ने मंगलवार को केंद्रीय विद्यालय-2 अर्मापुर में एक कार्यशाला व करियर काउंसलिंग सत्र का आयोजन किया। उद्देश्य इंटरमीडिएट कक्षा के विद्यार्थियों को होटल प्रबंधन शिक्षा, उपलब्ध पाठ्यक्रमों व इस क्षेत्र में उज्ज्वल भविष्य की संभावनाओं की जानकारी देना रहा। स्कूल ऑफ होटल मैनेजमेंट के निदेशक सौरभ त्रिपाठी ने संचालित पाठ्यक्रमों, होटल प्रबंधन क्षेत्र में रोजगार, उद्यमिता और अंतरराष्ट्रीय अवसरों पर जानकारी दी। बताया कि होटल प्रबंधन केवल होटल तक सीमित न होकर पर्यटन, एविएशन, क्रूज, इवेंट मैनेजमेंट, हॉस्पिटैलिटी स्टार्टप्स और सरकारी क्षेत्रों में भी व्यापक संभावनाएं प्रदान करता है।

# दवा खिला बच्चों को बनाएंगे तंदुरुस्त

कार्यालय संवाददाता, कानपुर


राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस पर दवा का सेवन करती छात्राएं। अमृत विचार

- शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में संचालित किया जाएगा राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस

**अमृत विचार।** चुन्नीगंज, राजकीय बालिका विद्यालय में मंगलवार को जिलाधिकारी जितेंद्र प्रताप सिंह ने राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस की शुरुआत बच्चों को पेट के कीड़े मारने की दवा खिलाकर की। उन्होंने बच्चों को कृमि संक्रमण से होने वाले दुष्प्रभावों व उससे बचाव की जानकारी दी। साथ ही बच्चों से संवाद किया। कहा कि नियमित कृमि मुक्ति से बच्चों का शारीरिक और मानसिक विकास बेहतर होता है। यह अभियान स्वस्थ समाज की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है।


मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. हरिदत्त नेमी ने बताया कि अभियान जिले के सभी शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों के सरकारी, गैर-सरकारी और निजी विद्यालयों व आंगनवाड़ी केंद्रों में संचालित किया जा रहा है। स्वास्थ्य विभाग की टीमें निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार बच्चों को दवा उपलब्ध करा रही हैं। अभियान के तहत एक वर्ष से दो वर्ष तक के बच्चों को आधी गोली, दो वर्ष से तीन वर्ष तक के बच्चों को एक गोली पीसकर और तीन वर्ष से 19 वर्ष तक के बच्चों को एक गोली चबाकर दी जाएगी।

किसी प्रकार की असुविधा होने पर टोल फ्री नंबर 18001803024 पर संपर्क किया जा सकता है। 10 फरवरी को जो बच्चे दवा लेने से छूटते हैं, उन्हें 13 फरवरी को मॉपअप राउंड में दवा दी जाएगी। बताया कि कृमि मुक्ति का मतलब है कि बच्चों को पेट में पलने वाले हानिकारक परजीवी कीड़ों से बचाना और कीड़ों को खत्म करना है। यह दवा कीड़ों को मारकर बच्चों के पोषण और समग्र स्वास्थ्य में सुधार करती है। इस दौरान एसीएमओ डॉ.रमित रस्तोगी, डिप्टी सीएमओ डॉ. कैलाश चंद्र, प्रधानाचार्य मंगलम गुप्ता, डीसीपीएम योगेंद्र सिंह पाल, डीईआईसी मैनेजर अजित सिंह, डीपीएम अश्वनी गौतम समेत स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी व कर्मचारी रहे।

# आशा की देह बनी चिकित्सा जगत की धरोहर

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- कानपुर से पीलीभीत मेडिकल कॉलेज को मिली पांचवीं देह
- मेडिकल कॉलेज को समर्पित की गई महिला की पहली देह


युग दधीचि देहदान अभियान के प्रमुख मनोज सेंगर को मिला सर्टीफिकेट। अमृत विचार

**अमृत विचार।** युग दधीचि देहदान अभियान के तहत कानपुर से पीलीभीत मेडिकल कालेज को पांचवां शरीर दिया गया है। मेडिकल कालेज को ये पहला महिला शरीर है जो समर्पित किया गया है।

युग दधीचि देहदान अभियान के प्रमुख मनोज सेंगर एवं माधवी सेंगर ने देहदान महायज्ञ में 317वीं आहुति के रूप में दुर्गादेवी रोड, गांधी नगर कानपुर निवासी 72 वर्षीय आशा तिवारी की पार्थिव देह राजकीय मेडिकल कॉलेज पीलीभीत को समर्पित की गई, पीलीभीत मेडिकल कॉलेज को यह पांचवीं देह युग दधीचि देहदान अभियान द्वारा कानपुर से लाकर समर्पित की गई है।

**18 वर्ष बाद पूरा हुआ ख्वाब :** 18 साल पहले वर्ष 2008 में आशा जी ने देहदान शपथपत्र भरा था एवं बीच बीच में परिवार को सख्त ताकीद करती रहतीं थीं कि उनका देहदान अवश्य कराया जाए। सोमवार 9 फरवरी 2026 को देर शाम संक्षिप्त बीमारी के बाद उनका निधन हो गया। इसपर परिजनों द्वारा अभियान प्रमुख मनोज सेंगर को सूचना देकर देहदान संकल्प पूरा कराने का आग्रह किया गया। सेंगर दंपति ने मंगलवार की शाम को दिवंगत आशा जी का पार्थिव देह के साथ पीलीभीत मेडिकल कॉलेज पहुंचे जहां प्राचार्या डॉ संगीता अनेजा, एनाटॉमी विभागाध्यक्ष डॉ अर्चना सिंह, उप प्राचार्य डॉ अरुण सिंह, डॉ फरीद जी एवं अन्य सहयोगी चिकित्सकों द्वारा देह को सम्मान सहित स्वीकार किया गया।

### चिकित्सकीय दृष्टि से महत्वपूर्ण

- मेडिकल कालेज प्राचार्या डॉ संगीता अनेजा ने सेंगर दंपति का आभार व्यक्त करते हुए बताया कि कॉलेज को पहला महिला शरीर दान में मिला है जो चिकित्सकीय दृष्टि से अति महत्वपूर्ण है, यहां उपस्थित छात्रों ने दिवंगत देहदानी को पुष्प चढ़ाते हुए श्रद्धांजलि समर्पित की। कानपुर में देह समर्पण के समय स्व. आशा तिवारी के देवर अरुण प्रकाश तिवारी, बहन ऊषा अवस्थी, देवरानी साधना तिवारी एवं बड़ी संख्या में इष्टमित्र उपस्थित रहे।

### पीलीभीत मेडिकल कालेज को समर्पित देह

- 17 अक्टूबर 2024 दीन दयाल नगर के राम प्यारे शुक्ल
- 05 मार्च 2025 गांधी ग्राम जीटी रोड के प्रेम चंद पाठक
- 01 अगस्त 2025 फतेहपुर निवासी राम शंकर गुप्ता
- 16 अगस्त 2025 कानपुर देहात के शंकर लाल
- 10 फरवरी 2026 गांधी नगर की आशा तिवारी

# पहले घूसखोर पंडत, अब 'ठाकुर हूं मैं'

## सोशल मीडिया पर जातीय मुद्दों की राजनीति में बयानों की तलवारबाजी

विशेष संवाददाता, कानपुर


आस्था सिंह।

**अमृत विचार।** शहर के एक निजी बैंक के भीतर महिला कर्मचारियों के बीच हुआ विवाद उसी ठौर शांत हो गया था, लेकिन करीब एक महीने बाद सोशल मीडिया में इस घटनाक्रम का वीडियो आया तो इसे जाति का मुद्दा बनाकर तूल दे दिया गया। हालांकि "अमृत विचार" इस वीडियो की पुष्टि नहीं करता है।

वायरल वीडियो एक निजी बैंक का बताया जा रहा है। इसमें महिला कर्मचारी आस्था सिंह गुस्से में चिल्लाती हुई कह रही है कि "ठाकुर हूं मैं...ऐसी की तैसी कर दूंगी।" यह वीडियो तेज़ी से वायरल हुआ तो सोशल मीडियावीर सक्रिय हो गए। किसी ने इसे शेरनी की दहाड़ बताया तो कोई बैंक कर्मचारी का अभद्र व्यवहार बताने लगा। मामला बढ़ते देखकर आस्था सिंह ने सोशल मीडिया पर सफाई दी। उन्होंने बताया कि उस दिन वह किसी ग्राहक से बहस नहीं कर रही थी। जिनसे विवाद हुआ, वह बैंक की ही कर्मचारी ऋतु त्रिपाठी थीं, जो अपने पति ऋषि के साथ आई थीं। ऋतु ने इस्तीफा दिया था और रिलीव के सभी कागजात तुरंत चाहती थीं। बैंक का समय खत्म हो रहा था तो उन्होंने कुछ इंतजार करने को कहा, इस पर वह भड़क गईं।

उनके पति ऋषि ने अभद्र भाषा का इस्तेमाल करते हुए कहा कि हेकड़ी निकाल दूंगा, सारी गर्मी निकाल दूंगा। यह भी पूछा किस जाति की हो ? इस पर मुझे गुस्सा आया और मैंने कहा कि "ठाकुर हूं मैं और इसका मुझे गर्व है।" आस्था ने खेद जताया है कि उन्हें गुस्सा नहीं करना चाहिए था, लेकिन अभद्र भाषा बर्दाश्त नहीं कर सकती हूं। और जय श्रीराम कहकर बात खत्म कर दी। इसके बाद ऋतु त्रिपाठी पक्ष से भी सोशल मीडियावीरों ने मोर्चा संभाल लिया। एक महीने पहले बैंक कर्मचारियों की खत्म हो चुकी नोक-झोंक और विवाद सोशल मीडिया पर ब्राह्मण-ठाकुर संग्राम में तब्दील हो गया।

### सोशल मीडिया से सड़क पर उतरी राजनीति

- इसके पहले अभिनेता मनोज वाजपेई की फिल्म "घूसखोर पंडत" के मुद्दे पर इसे ब्राह्मणों का अपमान बताते हुए सोशल मीडिया से शुरू हुई राजनीति सड़कों पर उतर आई थी। इसी तरह यूजीसी मुद्दे पर भी जातीय संगठन सोशल मीडिया के बाद सड़कों पर उतर गए थे। जानकारों का कहना है कि सोशल मीडिया पर जातीय संगठनों का संग्राम इधर कुछ ज्यादा ही बढ़ गया है। महिला आयोग की सदस्य अनीता गुप्ता का कहना है कि इस माहौल में सोशल मीडिया के लिए नियमावली जरूरी है। इसके लिए जवाबदेही भी तय होनी चाहिए।

### आस्था सिंह बोलीं, सच सामने आना चाहिए

- आस्था सिंह ने पूरे मामले की निष्पक्ष जांच की मांग की है। उनका कहना है कि सच सामने आना चाहिए। ऋतु की बहन भी उनके साथ आई थीं। वाशरूम से निकलते वक्त उनसे मेरी कुछ बात हुई थी, लेकिन ऋतु के पति ने बखेड़ा खड़ा कर दिया। अधूरा वीडियो वायरल कर छवि खराब करने की कोशिश की।

## जीवन में प्रेम आ जाय तो मोक्ष की चाह नहीं

**कानपुर।** मोतीझील लॉन-2 में श्री बांके बिहारी जी परिवार समिति द्वारा आयोजित श्रीमद्भागवत कथा के तीसरे दिन कथा व्यास भागवत रत्न आचार्य श्री मृदुल कृष्ण गोस्वामी जी महाराज ने प्रेम पर व्याख्यान दिया। बताया कि प्रेम, गुणरहित व कामना रहित प्रति क्षण बढ़ने वाला होता है। लेकिन प्राणियों और पदार्थों से प्रेम होने पर यह काम और लोभ को जन्म देकर उत्पीड़क हो जाता है।

वहीं, परमात्मा से प्रेम होने पर शुद्ध और पवित्र हो जाता है। गोस्वामी तुलसीदास ने भी श्री रामचरित मानस में परमात्मा से उनके प्रेम के बारे में लिखा है। कथा में भक्त श्रीकृष्ण व राधा के गीतों पर झूम उठे।

इस दौरान संजय गुप्ता, पंकज बंका, राम किशन अग्रवाल, विनोद मुरारका, अनुपम अग्रवाल, राजेंद्र गुप्ता, राम कृष्ण गुप्ता, कृष्ण कुमार तुलस्यान, अंकुर सिंघल व विजय पाल आदि रहे।


नानाराव पार्क में कथा के दौरान नंद के घर आनंद मनाते श्रद्धालु। अमृत विचार

## नंद घर आनंद भयो जय कन्हैया लाल की

**कानपुर।** नानाराव पार्क फूलबाग में श्री सालासर महिला मंडल व श्री सावरिया महिला मंडल द्वारा आयोजित कथा मे चौथे दिन कथा व्यास कृष्ण चंद्र शास्त्री ने सूर्यवंश के विस्तार की कथा सुनाई। कान्हा के जन्मोत्सव की झांकी ने मन मोह लिया। कृष्ण के जन्मोत्सव की कथा विस्तार से कही। उन्होंने कहा जब आकाशवाणी हुई ,अरे दुष्ट कंस देवकी का आठवा लाल तेरा होगा काल, इस आकाश वाणी को सुनकर कंस ने देवकी और वसुदेव को कारागार मे बंद कर दिया। आगे देवकी के छः पुत्रों को दुष्ट कंस ने मार दिया सातवे को माया के द्वारा रोहिणी के गर्भ में स्थापित कर दिया। आठवी संतान के रूप मे भगवान् श्री कृष्ण ने बारह बजे रात्री में जन्म लिया। वसुदेव जी सूप मे लिटाकर गोकुल ले कर गए पहरेदार सब सो गये। द्वार सब खुल गए। यमुना ने रास्ता प्रदान कर दिया। कृष्ण जन्म की झांकी के मंचन के दौरान नंद घर आनंद भयो जय कन्हैया लाल की की गूंज से वातावरण गूंज उठा। इस अवसर मनोज सोनी, सचिन सोनी, संतोष सोनी, सरिता सोनी, सवित्री सोनी, रितु सोनी,विनिता सोनी, भारती उपस्थित रहीं।

# नौकरी के लिए आवेदन की राह आसान करेगा सेवायोजन विभाग

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- गूगल शीट से होगा सर्वे, कंपनी व युवा की प्रोफाइल होगी मैच
- 15 फरवरी से शुरू होगा सर्वे महाविद्यालय भी शामिल होंगे

**अमृत विचार।** युवाओं को नौकरी के आवेदन के समय अब परेशान नहीं होगा होगा। सेवायोजन विभाग विशेष अभियान चलाने जा रहा है। इस अभियान के तहत युवाओं और कंपनी की नौकरी दोनो के ही एक साथ प्रोफइल मैच कराए जाएंगे। ऐसे में साक्षात्कार के दौरान युवाओं को परेशान नहीं होना होगा। विभाग की ओर से यह अभियान 15 फरवरी से शुरू होने जा रहा है।

सेवायोजन विभाग की ओर से हर महीने रोजगार मेलों को लगाया जाता है। इन मेलों में युवा कंपनियां के प्रतिनिधियों को साक्षात्कार देते हैं। इस स्थिति में युवाओं और कंपनी की ओर से ऑफर की गई जॉब का कई बार प्रोफाइल मैच नहीं करता। इस स्थिति में नौकरी न मिलने पर युवाओं में भी नकारात्मकता आती है। इस स्थिति को दूर करने के लिए विभाग की ओर से अब मेलों से पहले एक सर्वे किया जाएगा। इस सर्वे के तहत गूगल शीट में युवा और कंपनियों की ऑफर जॉब दोनों को भरवाया जाएगा। इसके बाद फिल्टर कर प्रोफाइल मैच होने वाली जॉब पर ही युवाओं को साक्षात्कार दिलाया जाएगा। इससे युवाओं की मेलों के दिन होने वाली परेशानी दूर होगी। सहायक निदेशक सेवायोजन उज्जवल कुमार सिंह ने बताया कि इस सुविधा की शुरुआत 15 फरवरी से शुरू हो जाएगी। युवाओं को सोशल मीडिया के माध्यम से यह गूगल शीट हासिल हो सकेगी। महाविद्यालयों को भी इसके लिए संपर्क किया जा रहा है।

## झपट्टा से स्कूटी सवारों ने मोबाइल फोन छीना

**कानपुर।** बर्रा के दामोदर नगर में स्कूटी सवारों ने झपट्टा मारकर मोबाइल लूट लिया। आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगालकर पुलिस आरोपियों की तलाश में जुटी है।

दामोदरनगर निवासी बृजेंद्र कुमार मिश्र 2 फरवरी को चंद्रलोक गेस्ट हाउस के पास पैदर जा रहे थे, तभी स्कूटी सवारों ने झपट्टा मारकर मोबाइल लूट लिया। स्कूटी पर पीछे बैठे युवक ने मोबाइल फोन छीना, इसके बाद वैष्णो माता मंदिर की तरफ भाग निकले। सूचना पर पहुंची पुलिस ने पूछताछ की। बर्रा थाना प्रभारी रवींद्र कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कर सीसीटीवी फुटेज खंगाला जा रहा है।

## मनमोहक प्रस्तुति


बृजेंद्र स्वरूप पार्क में आयोजित खादी ग्रामोद्योग विभाग की प्रदर्शनी में बच्चियों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम के जरिए हर किसी का मन मोह लिया। उनकी रंगारंग प्रस्तुति पर तालियों की गड़गड़ाहट से वातावरण गूंज उठा। • अमृत विचार

**बढ़ते कदम** | दयानंद गर्ल्स पीजी कॉलेज में आयोजित रोजगार मेले में 500 छात्राओं ने किया प्रतिभाग

# रोजगार मेला में ढाई सौ छात्राएं शॉर्टलिस्ट

कार्यालय संवाददाता, कानपुर


मुख्य अतिथि ने फीता काटकर मेले की शुरुआत की। अमृत विचार

**अमृत विचार।** छात्राएं आत्मनिर्भर बनने के लिए पारंपरिक करियर से हटकर चुनौतीपूर्ण क्षेत्रों में पहचान बनाकर आर्थिक सशक्तिकरण की ओर अग्रसर हैं। मंगलवार को दयानंद गर्ल्स पीजी कॉलेज में आयोजित रोजगार मेले में यही नजारा दिखा। सेवायोजन कार्यालय, आईआईएफए प्लेसमेंट और एएमपी के संयुक्त तत्वाधान में लगे मेले में 500 छात्राओं ने भागीदारी की।

विशिष्ट अतिथि अनंता स्वरूप ने कहा कि छात्राएं कंपनियों और उद्योगों के साथ सीधे संवाद कर अपनी योग्यता तथा कौशल के मुताबिक करियर बना सकती हैं। पहले भी रोजगार मेलों में छात्राओं ने रोजगार हासिल किया है। सहायक सेवायोजन अधिकारी हिमांशु यादव ने योजनाओं की जानकारी देते हुए कहा कि उद्देश्य युवाओं को रोजगार के अधिकतम अवसर प्रदान करना है। प्राचार्या प्रो. वंदना निगम ने कहा कि हमारा उद्देश्य छात्राओं को करियर के प्रति जागरूक कर सही मार्गदर्शन करना है। मेले में 18 कंपनियों, बैंकों, प्रतिष्ठानों, शिक्षा समूहों ने भाग लिया। कुल 578 रिक्तियों के सापेक्ष 250 से अधिक उम्मीदवारों को विभिन्न पदों के लिए शॉर्टलिस्ट किया गया। कार्यक्रम संयोजिका एवं प्लेसमेंट सेल इंचार्ज डॉ. क्षमा त्रिपाठी ने धन्यवाद, संचालन डॉ. अलका सिंह ने किया। कॉलेज की निर्देशिका प्रो. अर्चना वर्मा, प्रो. सुगंधा तिवारी, प्रो. अलका सिंह, कृष्णेन्द्र श्रीवास्तव रहे।

### वीएसएसडी कॉलेज में 57 विद्यार्थी शॉर्टलिस्ट

- **कानपुर।** नवाबगंज स्थित वीएसएसडी कॉलेज में मंगलवार को ऑप्टिफ्लो टेक्नोलॉजीज ने एक प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन किया। इस प्लेसमेंट ड्राइव में बीसीए, बीए, एमए व बीकॉम संकाय के विद्यार्थियों ने भाग लिया। चयन प्रक्रिया के बाद 57 विद्यार्थियों को विभिन्न पदों के लिए शॉर्टलिस्ट किया गया। उपलब्ध पदों में टेलीकॉलर, सेल्स एवं मार्केटिंग एग्जीक्यूटिव, सोशल मीडिया मार्केटर, ग्राफिक डिजाइनर, वीडियो एडिटर व पीएचपी इंटर्नशिप शामिल रहीं। कंपनी प्रतिनिधियों ने बताया कि शॉर्टलिस्ट किए गए विद्यार्थियों का अंतिम परिणाम 15 दिनों के भीतर घोषित किया जाएगा। महाविद्यालय की प्राचार्य प्रो .नीरू टंडन ने चयनित विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

### दिव्यांगजनों के लिए कल खुलेंगे बड़ी कंपनियों के द्वार

- **कानपुर।** दिव्यांगजनों को समाज की मुख्यधारा से जोड़कर आत्मनिर्भर बनाने के लिए योगी सरकार के 'दिव्यांगजन रोजगार अभियान 2.0' के तहत गुरुवार को पांडु नगर स्थित जिला परियोजना प्रबंधन इकाई (कौशल विकास) में विशेष रोजगार मेला लगाया जाएगा। इसमें जिले भर के 200 से अधिक दिव्यांग अभ्यर्थी भाग लेंगे। जिला प्रशासन ने मेले में 50 उम्मीदवारों की नियुक्ति का लक्ष्य रखा है। प्रदेश के जो शीर्ष पांच जिले इस अभियान में उत्कृष्ट प्रदर्शन करेंगे, उनके जिलाधिकारी और टीम को मुख्यमंत्री द्वारा प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया जाएगा।

### मल्टीनेशनल कंपनियों का जमावड़ा

- मेले में ऑटोमोबाइल सेक्टर की टाटा मोटर्स और सैंडन विकास ग्रुप, आईटी और बीपीओ कंपनियां कोजेंट ई–सर्विसेज और साइफ्यूचर लिमिटेड, सर्विसेज और लॉजिस्टिक्स सेक्टर की कैनविन तथा असॉर्ट स्टाफिंग सर्विसेस भाग लेंगी।

### चयन के लिए पात्रता

- 18 से 35 वर्ष के 12वीं पास, आईटीआई, डिप्लोमा या स्नातक अभ्यर्थी भाग ले सकते हैं। अभ्यर्थियों की पहले काउंसग की जाएगी। इसके बाद दस्तावेज सत्यापन और कंपनियों के प्रतिनिधियों के साथ साक्षात्कार होगा। रोजगार संगम पोर्टल पर पंजीकृत युवाओं को प्राथमिकता दी जाएगी।

> दिव्यांग भाई–बहनों को बड़ी कंपनियों में सम्मानजनक और स्थायी रोजगार दिलाने के लिए 12 फरवरी का रोजगार मेला सेतु बनेगा। जिला प्रशासन पूरी पारदर्शिता और संवेदनशीलता के साथ तय कर रहा है कि एक भी पात्र अभ्यर्थी अपनी शारीरिक बाधाओं के कारण पीछे न छूटे।
>
> –दीक्षा जैन, मुख्य विकास अधिकारी

## सिटी डायरी


उद्घाटन करते एमएसएमई मंत्री राकेश सचान। अमृत विचार

### किडजी प्रीस्कूल का मंत्री ने किया उद्घाटन

**कानपुर।** जूही डिपो विनोबा नगर किडजी प्री स्कूल की शुरुआत को हुई। लघु सूक्ष्म एवं मध्यम उद्यम मंत्री राकेश सचान ने स्कूल का उद्घाटन किया। छोटे बच्चों के लिए जी नेटवर्क ग्रुप की सबसे प्रसिद्ध किडजी प्रीस्कूल का शुभारंभ शिक्षा क्षेत्र के लिए बड़ी उपलब्धि है। स्कूल के निदेशक प्रणव सिंह एवं आकांछा सिंह ने बताया अब छोटे बच्चों के लिए भारत की सबसे प्रसिद्ध किडजी प्रीस्कूल की शाखा का शुभारंभ कर दिया गया है। यहां 2 वर्ष के बच्चों को प्ले ग्रुप में में खेल- खेल के माध्यम से शिक्षा दी जाएगी। कैबिनेट मंत्री राकेश सचान स्कूल परिवार के सभी सदस्यों को बधाई दी। किडजी प्री स्कूल में बच्चों के लिए खिलौने, प्लेइंग एरिया एवं अत्याधुनिक शिक्षण सामग्री उपलब्ध है। इस अवसर पर संध्या सिंह , संजय सिंह एवं योगेश सचान, सौरभ सचान आदि उपस्थित रहे।


बासमंडी में हज आजमीन का टीकाकरण।

### हज पर जाने वालों को ड्रॉप पिलाई, टीकाकरण भी

**कानपुर।** कानपुर से इस साल हज पर जाने वालों का गरीब नवाज हाल बासमंडी में टीकाकरण किया गया। तंजीम खुद्दाम आजमीन-ए-हज की ओर से हज कमेटी ऑफ इंडिया के निर्देश पर हज आजमीन के लिए शिविर लगाया गया। डिप्टी सीएमओ डॉ राजेश्वर एवं डॉ. मोहम्मद आसिफ के नेतृत्व में डॉक्टर्स की टीम ने 322 हज आजमीन जिनमें पुरुष एवं महिलाएं दोनों शामिल थीं।

न्यूज ब्रीफ

### मारपीट के दोषियों को मिली सजा

**उन्नाव, अमृत विचार :** गाली गलौज व मारपीट के 21 साल पुराने मुकदमे में सीजेएम की कोर्ट ने 3 आरोपियों को 6-6 माह की सजा सुनाई है। बता दें कि अजगैन कोतवाली क्षेत्र के कन्हईखेड़ा गांव निवासी एक व्यक्ति ने 8 मई-2004 को जमुना लोध, श्याम व लक्ष्मी कांत पर उससे व उसके भाई से गालीगलौज व मारपीट करने की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। मंगलवार को मुकदमे की अंतिम सुनवाई में कोर्ट ने तीनों को दोषी ठहराते हुए 6-6 माह की सजा सुनाई।

### बाइक चोर को सजा

**उन्नाव, अमृत विचार :** सदर कोतवाली पुलिस ने 14 अप्रैल-2013 को क्षेत्र के नसरुद्दीन मोहल्ला निवासी इमरान को चोरी की बाइक के साथ पकड़कर जेल भेजा था। आईओ बलवीर सिंह ने साक्ष्य एकत्र कर 24 अप्रैल-2013 को कोर्ट में चार्जशीट पेश की थी। तभी से केस न्यायालय में विचाराधीन था। मंगलवार को मुकदमे की अंतिम सुनवाई के दौरान न्यायाधीश ने शासकीय अधिवक्ता शाश्वत राम पांडेय की दलील व साक्ष्य के आधार पर इमरान को दोषी ठहराते हुए 4 माह की सजा सुनाई है।

### ई-रिक्शा की टक्कर से महिला घायल

**सफीपुर, अमृत विचार :** सफीपुर कोतवाली क्षेत्र के खोखापुर गांव निवासी विपिन (28) मंगलवार को मां रामपति (55) व पिता गंगाराम को लेकर सफीपुर मुंसिफ कोर्ट आया था। कचहरी के सामने वह बाइक रोक कर माता-पिता को उतार रहा था तभी पीछे से आए ई-रिक्शा ने उसकी बाइक में टक्कर मार दी। इसमें रामपति घायल हो गई।

# डीएम ने दवा खाकर किया फाइलेरिया मुक्ति अभियान का आग़ाज़

## राजकीय इंटर कॉलेज से राष्ट्रीय कृमि मुक्त दिवस व एमडीए/आईडीए कार्यक्रम शुरू

कार्यालय संवाददाता, उन्नाव

**अमृत विचार:** जिले को फाइलेरिया जैसी गंभीर व लाइलाज बीमारी से मुक्त करने के लिए मंगलवार को राजकीय इंटर कॉलेज से राष्ट्रीय कृमि मुक्त दिवस व एमडीए/आईडीए कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ।

डीएम गौरांग राठी व सीडीओ कृतिराज ने खुद फाइलेरिया रोधी दवाओं का सेवन कर जिलावासियों को सुरक्षा का संदेश दिया। कार्यक्रम के दौरान डीएम ने स्कूल के बच्चों को अपने हाथों से एल्बेंडाजोल की दवा खिलाई। कहा कि फाइलेरिया एक घातक व लाइलाज बीमारी है। जो मादा क्यूलेक्स मच्छर से


जीजीआईसी में छात्रा को फाइलेरिया की दवा खिलाते डीएम गौरांग राठी।

फैलती है। डीएम ने स्पष्ट किया कि स्वास्थ्य विभाग द्वारा दी जा रही यह दवा पूरी तरह सुरक्षित है और इसका कोई दुष्प्रभाव नहीं है। सरकार ने वर्ष 2027 तक देश से फाइलेरिया उन्मूलन का कड़ा लक्ष्य रखा है। इसके तहत जिले के चार चयनित ब्लॉकों बीघापुर, गंजमुरादाबाद, पुरवा व सुमेरपुर में विशेष सक्रियता बरती जाएगी। इन ब्लॉकों की करीब 7.31 लाख आबादी को कवर करना है। आशा व आंगनवाड़ी कार्यकर्ता घर-घर जाकर एल्बेंडाजोल, डीईसी व आइवरमेक्टिन ट्रिपल ड्रग का सेवन कराएंगी। किसी भी आपात स्थिति या मामूली प्रतिकूल प्रभाव से निपटने के लिए चारों ब्लॉकों में रैपिड रिस्पांस टीम का गठन किया गया है। इस दौरान सीएमओ डॉ. हरिनंदन प्रसाद, अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. जेआर सिंह, जिला विद्यालय निरीक्षक सुनील दत्त, जिला मलेरिया अधिकारी डॉ. अर्चना मिश्रा सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

### राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस पर स्कूलों में बच्चों को खिलाई गई दवा

**संवाददाता शुक्लागंज (उन्नाव) :** राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस के अवसर पर मंगलवार को नगर के अधिकांश स्कूलों में स्वास्थ्य विभाग की ओर से विशेष अभियान चलाया गया। इस दौरान स्वास्थ्य कर्मियों की टीमों ने विद्यालयों में पहुंचकर छात्रों को कृमिनाशक दवा एल्बेंडाजोल खिलाई तथा कृमि संक्रमण से बचाव के बारे में जानकारी दी। बच्चों को स्वच्छता, हाथ धोने और साफ पानी पीने के महत्व के बारे में भी जागरूक किया गया। प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉ. राजेश चंद्रा ने बताया कि 10 फरवरी को राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस के तहत सभी स्कूलों और आंगनबाड़ी केंद्रों पर बच्चों को निःशुल्क दवा दी जा रही है। जो बच्चे किसी कारणवश निर्धारित तिथि पर दवा नहीं ले सकेंगे, उन्हें 13 फरवरी को मॉप-अप दिवस पर दवा खिलाई जाएगी। उन्होंने बताया कि कृमि संक्रमण से एनीमिया, थकावट, कुपोषण और कमजोरी जैसी समस्याएं हो सकती हैं। स्वास्थ्य पर्यवेक्षक अभिलाष पटेल के अनुसार पहले दिन नगर के 16 विद्यालयों में बच्चों को दवा वितरित की गई। अभियान आगामी दिनों में भी जारी रहेगा। साथ ही 10 से 28 फरवरी तक फाइलेरिया उन्मूलन अभियान भी चलाया जाएगा।


राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस पर छात्रा को खिलाई जाती दवा।

# सड़क हादसे में घायल श्रमिक की मौत

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

**अमृत विचार:** फैक्ट्री से लौटते समय सड़क हादसे में घायल हुए श्रमिक की इलाज के दौरान मौत हो गई। इस पर परिजनों ने फैक्ट्री गेट पर शव रखकर जमकर हंगामा किया। प्रबंधन के साथ हुए समझौते के बाद परिजन शांत हुए।

बता दें कि दही थानाक्षेत्र के गांव तारगांव के मजरा झब्बाखेड़ा निवासी रामू (32) पुत्र राम प्रकाश दही औद्योगिक क्षेत्र की साइट-2 स्थित एक फैक्ट्री में मशीन ऑपरेटर था। परिजनों के मुताबिक बीती 6 फरवरी को वह सुबह ड्यूटी गया था। 3 दिन बाद 8 फरवरी को घर लौटते समय दही थानाक्षेत्र के पुरवा मार्ग पर जाफर खेड़ा गांव के पास अज्ञात वाहन की


फैक्ट्री गेट पर हंगामा करते परिजन। ● अमृत विचार

- परिजनों ने फैक्ट्री के गेट पर शव रखकर किया हंगामा

टक्कर से वह गंभीर घायल हुआ था। पुलिस ने उसे बिछिया सीएचसी भेजा था। लेकिन परिजन उसका इलाज एक निजी अस्पताल में करा रहे थे। जहां मंगलवार दोपहर उसकी मौत हो गई। इस पर परिजन शव लेकर ग्रामीणों के साथ फैक्ट्री गेट पर पहुंच गए। वहीं शव रखकर हंगामा करने लगे। इसकी सूचना पर पहुंची पुलिस ने फैक्ट्री प्रबंधन से संपर्क कर पत्नी संतोषी के नाम 2.75 लाख की चेक व 25 हजार रुपये अंतिम संस्कार के लिए दिलाये तब मामला शांत हुआ।

# ऑनलाइन फ्राड से बचने को 'साइबर हाइजीन' जरूरी

कार्यालय संवाददाता, उन्नाव

**अमृत विचार:** डिजिटल युग में जहां तकनीक जीवन को सुगम बना रही है वहीं साइबर अपराध की चुनौतियां भी बढ़ी हैं। इसी क्रम में डीएम गौरांग राठी के निर्देशन में मंगलवार को कलक्ट्रेट के पन्नालाल सभागार में सुरक्षित इंटरनेट दिवस पर कार्यशाला का आयोजन हुआ। स्मार्ट तकनीक, सुरक्षित विकल्प थीम पर आधारित इस कार्यशाला की अध्यक्षता एडीएम सुशील कुमार गोंड ने की।

कार्यशाला को संबोधित करते हुए जिला सूचना विज्ञान अधिकारी चित्रा शर्मा ने बताया कि वर्तमान में अपराधी तकनीक का दुरुपयोग कर डीप फेक एआई वॉइस स्कैम व डिजिटल अरेस्ट जैसे नए तरीकों



पन्नालाल हाल में सुरक्षित इंटरनेट की कार्यशाला में मौजूद एडीएम व अन्य।

से लोगों को ठग रहे हैं। उन्होंने जोर दिया कि इंटरनेट का उपयोग करते समय अत्यधिक सावधानी व साइबर हाइजीन का पालन करना जरूरी है। अपर जिला सूचना विज्ञान अधिकारी नवप्रभात रंजन ने कार्यशाला के उद्देश्यों पर बताया कि एआई के सुरक्षित व जिम्मेदार उपयोग के प्रति लोगों को संवेदनशील बनाना प्राथमिकता है। कहा कि सोशल मीडिया अकाउंट हैकिंग व फिशिंग जैसे खतरों से बचने के लिए तकनीकी रूप से प्रशिक्षित होना जरूरी है। एडीएम ने कहा कि, आज हमारे सभी रिकॉर्ड ऑनलाइन हैं। जिनकी सुरक्षा की पहली जिम्मेदारी

- सुरक्षित इंटरनेट दिवस पर कार्यशाला का आयोजन

हमारी खुद की है। बढ़ते साइबर क्राइम को देखते हुए समय-समय पर जारी सुरक्षा निर्देशों का पालन करें। अफसरों ने बताया कि यदि कोई साइबर ठगी का शिकार होता है तो वह बिना देर किए टोल-फ्री हेल्पलाइन नंबर 1930 पर कॉल करें या www.cybercrime.gov.in पोर्टल पर अपनी शिकायत ऑनलाइन दर्ज कराएं। इस अवसर पर एडीएम न्यायिक अमिताभ यादव, सिटी मजिस्ट्रेट राजीव राज, जिला प्रोबेशन अधिकारी क्षमानाथ राय, जिला सूचना एवं पर्यटन अधिकारी संतोष कुमार सिंह सहित अन्य मौजूद रहे।

# आपरेशन के बाद युवक की हुई मौत, गलत ऑपरेशन का आरोप

**उन्नाव, अमृत विचार:** ऑपरेशन के बाद भी रक्तस्राव बंद न होने से युवक की मौत हो गई। परिजनों ने निजी अस्पताल के डॉक्टर पर लापरवाही बरतने व गलत आपरेशन का आरोप लगाया है। इस पर पुलिस ने शव पोस्टमार्टम लिए भेजा है।

बता दें कि बिहार थानाक्षेत्र के बसंतखेड़ा गांव निवासी काली चरण (45) पुत्र स्व.अयोध्या प्रसाद खेती करता था। बेटे शिवम ने बताया कि पिता भगंदर (फिस्टुला) से ग्रसित थे। इस पर उन्होंने थानाक्षेत्र के एक निजी अस्पताल के चिकित्सक से परामर्श लिया। उसकी सलाह पर वह निजी अस्पताल में भर्ती हुआ। इसके बाद 11 जनवरी को डॉक्टर

- पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा

ने उसका आपरेशन किया लेकिन इसके बाद भी उसे आराम नहीं मिला। डॉक्टर ने उसके पिता को डिस्चार्ज कर दिया। बेटे के मुताबिक गलत आपरेशन व निजी अस्पताल की लापवाही से मंगलवार को पिता की मौत हुई है। कालीचरण की मौत से पत्नी सुनीता, बेटा शिवम व बेटी कुमकुम, करीना व कोमल रो-रोकर बेहाल रहीं। परिजनों के आरोप पर पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा और रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई करने की बात कही है।

# मांगों को लेकर व्यापारी सड़क पर

कार्यालय संवाददाता, उन्नाव

**अमृत विचार:** उप्र उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के बैनर तले व्यापारियों ने अपनी समस्याओं व मांगों को लेकर जिलाधिकारी कार्यालय पर प्रदर्शन किया। जिला अध्यक्ष रजनीकांत श्रीवास्तव के नेतृत्व में व्यापारियों ने मुख्यमंत्री को संबोधित 5 सूत्रीय ज्ञापन सिटी मजिस्ट्रेट राजीव राज को सौंपा।

ज्ञापन सौंपते समय जिलाध्यक्ष रजनीकांत श्रीवास्तव ने कहा कि व्यापारी देश की अर्थ व्यवस्था की रीढ़ है। वह बिना किसी वेतन के सरकार के लिए टैक्स एकत्र करते हैं। ऐसे में सरकार का यह नैतिक कर्तव्य है कि वह व्यापारियों को भी सरकारी कर्मचारियों की भांति


सिटी मजिस्ट्रेट को ज्ञापन देते उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के पदाधिकारी।

- मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन सिटी मजिस्ट्रेट को सौंपा

निशुल्क स्वास्थ्य बीमा का लाभ प्रदान करे। इस दौरान व्यापार मंडल ने राज्य सरकार द्वारा दिए जा रहे दुर्घटना बीमा को 10 से बढ़ाकर 25 लाख रुपये करने की मांग की। इस दौरान जिला महामंत्री शैलेंद्र गुप्ता, जिला वरिष्ठ महामंत्री राजेश सिंह, इश्तियाक गौरी, नगर अध्यक्ष संजय शुक्ला, नगर महामंत्री मनोज गुप्ता, जिला युवा प्रभारी जितेंद्र दीक्षित, जिला सचिव अजय श्रीवास्तव, जिला युवा अध्यक्ष संजय त्रिपाठी, नगर युवा अध्यक्ष सुमित गुप्ता आदि मौजूद रहे।

### भटकते मिले बच्चे को परिजनों को सौंपा

**उन्नाव, अमृत विचार :** भटकते मिले 11 वर्षीय बच्चे को दही पुलिस ने उसके परिजनों का पता लगाकर उनके सुपुर्द किया। महज 8 घंटे में पुलिस टीम ने कानपुर निवासी परिजनों का पता लगाकर बच्चा उन्हें सुपर्द किया तो रो-रोकर बेहाल परिजनों ने राहत की सांस ली। बता दें कि बीती रात करीब 9:45 बजे दही थानाक्षेत्र की पीआरवी को ग्रामीणों से सूचना मिली कि क्षेत्र के अलगनगढ़ गांव के पास एक बच्चा भटकता मिला है। इस पर पुलिस बच्चे को थाने लाई। जहां पूछताछ में उसने अपना नाम राहुल (11) पुत्र महेश निवासी पुरुवाखेड़ा चौकी कोरिया थाना सेन पश्चिमी पारा कानपुर बताया। इस पर पुलिस ने कंट्रोल रूम व चिल्ड्रेन हेल्पलाइन को सूचना दे टीम गठित की। एसओ दही ने फोर्स के साथ सी-प्लान ऐप की मदद से बच्चे के पिता महेश कुमार व मां सावित्री देवी पता लगाकर मंगलवार को बच्चे को उन्हें सौंप दिया।

### शिवरात्रि के लिए शिवालयों में शुरू हुईं तैयारियां

**संवाददाता शुक्लागंज (उन्नाव), अमृत विचार :** नगर व ग्रामीण क्षेत्रों में महाशिवरात्रि पर्व को लेकर तैयारियां तेज हो गई हैं। शिवरात्रि पर हर वर्ष शिवालयों में भारी भीड़ उमड़ती है जिसे देखते हुए मंदिर समितियों व व्यवस्थापकों ने सफाई व रंग-रोगन का कार्य शुरू करा दिया है। राजमार्ग स्थित प्राचीन दुर्गा मंदिर व बालूघाट स्थित गायत्री मंदिर में विशेष रूप से व्यवस्थाएं की जा रही हैं। क्योंकि यहां श्रद्धालुओं की अधिक भीड़ रहती है। बालूघाट के आनंदेश्वर मंदिर में रंग-रोगन चल रहा है। वहीं रामनगर स्थित पुतीलाल शिव मंदिर, कन्हई मंदिर, दुर्गा मंदिर, देवारा के वीरभद्रेश्वर मंदिर, गोपीनाथ पुरम के नित्येश्वर मंदिर व चंपापुरवा शिव मंदिर में सफाई कार्य जारी है। लोधेश्वर धाम में जलाभिषेक के लिए श्रद्धालु गंगातट से गंगाजल भरकर लाते हैं। इसे देखते हुए घाटों पर सुरक्षा व व्यवस्थाओं को लेकर भी तैयारियां चल रही हैं। ताकि श्रद्धालुओं को कोई असुविधा न हो।



आनंदेश्वर मंदिर में किया जा रहा रंग-रोगन। ● अमृत विचार

### पुस्तकों के साथ समाचार पत्र भी पठन-पाठन की संस्कृति का हिस्सा बनेंगे

**उन्नाव, अमृत विचार :** बेसिक शिक्षा परिषद के विद्यालयों में पढ़ने वाले छात्रों में अध्ययन की अभिरुचि विकसित करने के उद्देश्य से अब पुस्तकों के साथ-साथ समाचार पत्र भी विद्यालय की पठन पठान संस्कृति का हिस्सा बनेंगे। विकासखंड सफीपुर के कंपोजिट विद्यालय रनियामऊ में शिक्षक अमित तिवारी ने बताया कि जिलाधिकारी द्वारा जारी आदेश के अनुसार बच्चों को नियमित अखबार पढ़ाया जाएगा। इससे अपने आसपास व देश दुनिया की गतिविधियों की जानकारी बच्चों को मिलेगी। एआरपी ऋतु त्रिवेदी ने कहा कि अखबार बच्चों को सोचने, समझने व प्रश्न करने की आदत डालता है। बीईओ अनीता साह ने बताया कि बच्चों में पढ़ने की रुचि बढ़ाने व मोबाइल व अन्य डिजीटल उपकरणों पर निर्भरता कम करने को विद्यालयों में समाचार पत्र पढ़ने की व्यवस्था की जा रही है। शिक्षक संजीव संख्वार, ज्ञानेंद्र कुशवाहा, देवेन्द्र त्रिपाठी, संतोषी देवी, अनूप साहू, सुधीर कुशवाहा, कृपा शंकर, कुलदीप शर्मा आदि ने इसे शासन की एक अच्छी पहल बताते हुए कहा कि इससे छात्रों में भाषा व शब्दावली भी सुधारने का मौका मिलेगा।


छात्रों से समाचार पत्र पढ़वाते शिक्षक अमित तिवारी।

### मोबाइल की तलाश में ट्रेन से उतरे युवक का शव रेल पटरी किनारे मिला

**शुक्लागंज, उन्नाव, अमृत विचार :** मोबाइल की तलाश में ट्रेन से उतरे युवक का शव सहजनी और मगरवारा रेलवे स्टेशन के बीच रेल पटरी किनारे मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। मंगलवार सुबह करीब पौने आठ बजे कीमैन ने सहजनी रेलवे क्रॉसिंग के गेटमैन को लखनऊ से कानपुर की ओर जाने वाली अप लाइन किनारे युवक का शव पड़े होने की जानकारी दी। इसके बाद रेलवे पुलिस को सूचना दी गई। मामला कोतवाली गंगाघाट क्षेत्र से संबंधित होने पर स्थानीय पुलिस को बुलाया गया। चौकी प्रभारी मूलचंद्र पाठक ने मौके पर पहुंचकर जांच की और कागजों में मिले नंबरों पर संपर्क करने पर मृतक की पहचान 32 वर्षीय अरुण उर्फ अन्नू मूल निवासी ग्राम दता चौकी जिला अलीगढ़ तथा वर्तमान निवासी शिवराम पार्क, निहाल बिहार (नई दिल्ली) के रूप में हुई। मृतक की मां राजबाला ने बताया कि एक वर्ष पूर्व पति की मृत्यु के बाद वह बेटे के साथ गया में पिंडदान कर बनारस होते हुए घर लौट रही थीं। ट्रेन में बेटे का मोबाइल चार्जिंग पर लगा था, जिसे किसी यात्री ने गिर जाने की बात कही। कानपुर के पास ट्रेन धीमी होने पर अरुण मोबाइल तलाशने के लिए उतर गया और मां को आगे जाने को कहा। मंगलवार सुबह उसकी मौत की सूचना मिली। परिजनों ने घटना में अनहोनी की आशंका जताई है। कोतवाली प्रभारी ने बताया कि तहरीर मिलने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### प्रतियोगिता समापन पर विजेता सम्मानित

**उन्नाव, अमृत विचार :** राजकीय इंटर कॉलेज में खेल दिवस का आयोजन हुआ। इसमें मुख्य अतिथि नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि भानु मिश्रा व डीआईओएस सुनील दत्त की उपस्थिति में छात्रों ने प्रतियोगिता में भाग लिया। इस अवसर पर कबड्डी, खो-खो, निबंध, बैडमिंटन, कुर्सी दौड़, चित्रकला व भाषण प्रतियोगिता आयोजित हुई। इसमें विजेताओं को डीआईओएस ने प्रमाणपत्र व सील्ड देकर सम्मानित किया। यह जानकारी राजकीय इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य परमात्मा शरण ने दी।

# 6 जोन व 11 सेक्टर में बांटा गया जिला

कार्यालय संवाददाता, उन्नाव

**अमृत विचारः** माध्यमिक शिक्षा परिषद की हाईस्कूल व इंटर की 18 फरवरी से शुरू होने वाली परीक्षा के लिए जिले को 6 जोन व 11 सेक्टर में बांटा गया और नकल विहीन परीक्षा कराने के लिए 122 केंद्रों पर स्टेटिक मजिस्ट्रेट नियुक्त किए गए।

जिलाधिकारी द्वारा जोनल, सेक्टर व स्टेटिक मजिस्ट्रेट की नियुक्त करने की सूचना जब डीआईओएस कार्यालय स्थित कंट्रोल रूम से संबंधित अधिकारियों को मोबाइल फोन से दी गई और कहा गया कि 12 फरवरी को सभी स्टेटिक मजिस्ट्रेट आवंटित परीक्षा केंद्र पहुंचकर अपने समक्ष केंद्र व्यवस्थापकों को प्रश्नपत्रों के कार्टून बॉक्स प्राप्त करें तथा उन्हें स्ट्रांग रूम में सीसीटीवी कैमरे की निगरानी में सुरक्षित रखवायें। इसकी जानकारी जैसे ही मंगलवार को फोन पर कंट्रोल रूम से संबंधित अधिकारियों को दी गई वैसे ही कई ने कहा कि उनकी तो ड्यूटी दूसरी जगह लगी है वह कैसे ड्यूटी करेंगे तो किसी ने कहा कि पैसा मिलता नहीं तो 18 फरवरी से 12


कंट्रोल रूम से सूचना देते कर्मचारी। ● अमृत विचार

- बोर्ड परीक्षा में ड्यूटी का फोन आते ही तर्क-वितर्क करने लगे अधिकारी

मार्च तक वह कैसे इतनी दूर ड्यूटी करेंगे। इस संबंध में डीआईओएस सुनील दत्त ने कहा कि वह एक ग्रुप बनाएंगे जिसमें सभी मजिस्ट्रेट के नंबर को जोड़कर डीएम के आदेश की एक पीडीएफ फाइल बनाकर डाल देंगे। ताकि वह अपने आदेश निकाल लें और उस अनुसार वह ड्यूटी संबंधित परीक्षा केंद्रों पर करें।

# खेलकूद में छात्रों ने दिखाया दमखम

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

**अमृत विचारः** राजकीय महाविद्यालय उन्नाव के प्रांगण में वार्षिक क्रीड़ा समारोह आयोजित हुआ। उद्घाटन महाविद्यालय की प्राचार्या प्रो. मीता अरोड़ा ने दीप प्रज्जवलन के साथ किया।

100 मीटर दौड़ छात्र वर्ग में अतुल यादव (प्रथम), करन (द्वितीय), अंकित (तृतीय), छात्रा वर्ग में शिवानी (प्रथम), गुलप्सा (द्वितीय), मानसी (तृतीय) व 200 मीटर दौड़ छात्र वर्ग में अतुल यादव (प्रथम), करन (द्वितीय), शोभित (तृतीय) व छात्रा वर्ग में नंदिनी (प्रथम), शिवानी (द्वितीय), गुलप्सा (तृतीय) और लम्बी कूद छात्र वर्ग में अतुल यादव (प्रथम), नमन रावत (द्वितीय),


उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले पुरस्कृत छात्रों के साथ प्राचार्या। ● अमृत विचार

- राजकीय महाविद्यालय में वार्षिक क्रीड़ा समारोह का आयोजन

करन (तृतीय) व छात्रा वर्ग में नंदिनी (प्रथम), अर्चना यादव (द्वितीय), आंचल (तृतीय) ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। क्रीड़ा-समारोह के विजेताओं को मेडल व ट्राफी देकर पुरस्कृत किया गया।

इसमें महाविद्यालय की प्राचार्य व मुख्य अतिथि प्रो. मीता अरोड़ा को आल इंडितया सिविल सेवा प्रतियोगिता में रजत-पदक पाने के लिये राष्ट्रीय सेवा योजना अधिकारी डा. रितेश सिंह ने अंगवस्त्र व पुष्प गुच्छ देकर सम्मानित किया।

अंतिम यात्रा

राजकीय सम्मान के साथ किया गया अंतिम संस्कार, मुखाग्नि से पूर्व दिया गया गार्ड ऑफ ऑनर

# पंचतत्व में विलीन हुए पूर्व सांसद देवी बक्श सिंह

संवाददाता शुक्लागंज (उन्नाव)

**अमृत विचारः** उन्नाव जनपद का राजनीतिक क्षितिज मंगलवार को उस समय शोकाकुल हो उठा जब तीन बार के पूर्व सांसद देवी बक्श सिंह को मिश्रा कालोनी स्थित पक्के घाट पर राजकीय सम्मान के साथ अंतिम विदाई दी गई। मुखाग्नि से पूर्व उन्हें पुलिस बल द्वारा गार्ड ऑफ ऑनर प्रदान किया गया। अंतिम संस्कार के दौरान घाट पर गमगीन माहौल रहा और बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधियों, पार्टी पदाधिकारियों व नागरिकों ने उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की।

मंगलवार सुबह से ही उनके


मिश्रा कॉलोनी घाट पर पूर्व सांसद को दिया जाता गार्ड ऑफ ऑनर। ● अमृत विचार

आवास पर अंतिम दर्शन के लिए लोगों का तांता लगा रहा। समर्थक, शुभचिंतक व क्षेत्रीय नागरिक नम आखों से अपने प्रिय नेता को अंतिम विदाई देने पहुंचे। करीब 11 बजे उनके आवास से शवयात्रा निकली। दिवंगत सांसद के पार्थिव शरीर को भाजपा के ध्वज से आच्छादित किया गया था। जो उनके पार्टी के प्रति समर्पण, निष्ठा व त्याग का प्रतीक रहा। शवयात्रा में गंगाघाट कोतवाल अजय सिंह व पीआरवी वाहन सबसे आगे चल रहे थे। करीब साढ़े 11 बजे शवयात्रा मिश्रा कालोनी स्थित पक्के घाट पहुंची। यहां पुलिस लाइन से पहुंचे कमांडर सुरेंद्र पाल सिंह के नेतृत्व में 4 सिपाहियों ने पूर्व सांसद को औपचारिक गार्ड ऑफ ऑनर दिया। सलामी के साथ ही वातावरण श्रद्धा व सम्मान से भर उठा। इसके बाद वैदिक रीति-रिवाजों के साथ अंतिम संस्कार की प्रक्रिया शुरू हुई। सांसद के छोटे पुत्र उदयवीर सिंह ने चिता को मुखाग्नि दी। इस दौरान उपस्थित लोगों की आंखें नम थीं और वातावरण शोक में डूबा रहा।

अंतिम यात्रा व संस्कार में भाजपा जिलाध्यक्ष अनुराग अवस्थी, सदर विधायक पंकज गुप्ता, पूर्व जिलाध्यक्ष आनंद अवस्थी, जिला महामंत्री विपिन मिश्रा, केडी त्रिवेदी, सूर्य कुमार बाजपेई, अवनीश शुक्ला, मोहनलाल शर्मा, आदित्य त्रिपाठी, अवधेश दीक्षित, रामचंद्र वर्मा, राज नारायण मिश्रा, गणेश शंकर मिश्रा, उमा गुप्ता, सुन्दरलाल तिवारी, बालेश शर्मा, अवनीश शुक्ला, जितेन्द्र सिसोदिया, डॉ एसपी सिंह, भगवती रावत, विकास मिश्रा, विनय तिवारी, श्रवण कुमार सिंह, दुर्गेश भरद्वाज, चंद्रकांता जोशी, राजेश सहित अनेक जनप्रतिनिधि व गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। लखनऊ विद्या भारती संगठन के पदाधिकारी भी श्रद्धांजलि देने पहुंचे।

### काउंसिलिंग प्रक्रिया के तहत हो शिक्षामित्रों का स्थानांतरण

**उन्नाव, अमृत विचार :** उप्र प्राथमिक शिक्षामित्र संगठन का प्रतिनिधि मंडल जिलाध्यक्ष सुधाकर तिवारी व कुलदीप शुक्ला के नेतृत्व में बीएसए शैलेश पांडे के प्रतिनिधि खंड शिक्षाधिकारी बिछिया संजय कुमार से मिला और 5 सूत्रीय मांग रखते हुए स्थानांतरण किये जाने की मांग की। कहा कि जो शिक्षामित्र स्थानान्तरण नहीं लेना चाहते हैं उनका आवेदन न लिया जाए। नगर व वार्ड का विकल्प खोला जाए। न्याय पंचायत, ब्लाक व जिला का विकल्प खोला जाए। जिले के सभी विद्यालयों के शिक्षामित्रों की सूची जारी की जाए व शिक्षामित्रों का स्थानान्तरण, समायोजन काउन्सलिंग प्रक्रिया से किया जाए। प्रतिनिधि मंडल में दीप नारायण, संतोष द्विवेदी आदि मौजूद थे।



जो मन को नियंत्रित नहीं करते, मन उन्हें नियंत्रित कर लेता है और उनके लिए वह शत्रु के समान कार्य करता है।

–श्रीकृष्ण

## महज एसओपी नहीं पर्याप्त

कई राज्यों के बजट से भी अधिक के डिजिटल धोखाधड़ी को सुप्रीम कोर्ट द्वारा 'सरासर डकैती' मानते हुए इससे बचाव के लिए केंद्र सरकार को पूरे देश में एक मानकीकृत संचालन प्रक्रिया अथवा एसओपी लागू करने का निर्देश स्वागत योग्य है। बेशक, बैंक यदि संदिग्ध लेनदेन पर ग्राहकों को सतर्क करते और साइबर अपराधों की पहचान तथा जांच के लिए अंतर-एजेंसी समन्वय मजबूत रखते तो आंकड़े अलग दिखते। डिजिटल फ्रॉड के मामलों में सिर्फ तकनीक दोषी नहीं है, बल्कि जनता की अल्पज्ञता, लोभ–लालच और भय का भी इसमें बड़ा योगदान है। जल्दी धन प्राप्ति, आसान निवेश या तत्काल लाभ के लालच में वह कई बार चेतावनी संकेतों की अनदेखी करता है। साइबर जागरूकता का अभाव भी लोगों को ऐसी धोखाधड़ी का शिकार बनाता है। जागरूकता अभियान, विद्यार्थियों के लिए साइबर सुरक्षा शिक्षाएं और आम नागरिकों को साधारण फ्रॉड के तरीकों से परिचित कराना अब अत्यंत आवश्यक है।

दुर्भाग्य है कि इस खेल में बैंक भी शामिल दिखे। बैंकों को केवल लेनदेन का 'ब्रोकरेज हब' होने के बजाए ग्राहकों की सुरक्षा के लिए सक्रिय निगरानी और अलर्ट सिस्टम लागू करना चाहिए। यदि बैंक संदिग्ध अचानक बड़ी रकम निकासी या अनजान स्रोतों से फंड ट्रांसफर को समय पर नहीं चिन्हित करता तो यह उसकी कार्यगत विफलता है। अदालत ने भी माना कि बैंक अनजाने में अथवा मिलीभगत से ऐसे फ्रॉड को बढ़ावा दे रहे हैं। अदालत को केंद्र सरकार द्वारा एक एसओपी या एक मानकीकृत संचालन प्रक्रिया इसका अकसीर इलाज है, इस पर भी सवाल यह कि क्या किसी एक एसओपी के जरिये इतने बड़े और विविध स्तर पर होने वाले साइबर और डिजिटल वित्तीय अपराध को रोका जा सकता है? आरबीआई ने पहले ही इस तरह की मानकीकृत संचालन प्रक्रिया तैयार कर रखी है, पर अपराध आज भी बेशुमार हैं। नये सिरे से व्यापक एसओपी तैयार करना एक स्वागतयोग्य सकारात्मक कदम है, लेकिन इसका प्रभाव तभी होगा जब इसे तकनीकी सक्षमता और व्यवहारिक तौर पर कड़ाई से लागू किया जाए। केवल कागजी मानकीकृत संचालन प्रक्रिया बनाकर लागू करने से समस्या का समाधान नहीं होने वाला। इस एसओपी को वित्तीय संस्थानों, बैंक अधिकारियों, टेलीकॉम पोर्टलों और साइबर पुलिस के बीच वास्तविक समय में डेटा साझा करने और त्वरित कार्रवाई की क्षमता के साथ जोड़ा जाना चाहिए। जैसा कि कोर्ट ने सुझाया है, एआई आधारित अलर्ट सिस्टम को निगरानी में शामिल करना इस दिशा में एक महत्वपूर्ण तकनीकी उपाय है।

डिजिटल साधनों के विस्तार के अनुरूप डिजिटल प्राइवेसी के उल्लंघन के खिलाफ पर्याप्त कानून और सुरक्षा ढांचा विकसित नहीं हो पाया है। लाखों लोग एक ही फोन नंबर या ईमेल से कई प्लेटफॉर्म पर जुड़े हैं, जिससे फ्रॉड करने वालों को उपयोगकर्ता के प्रोफाइल तक आसानी से पहुंच मिल जाती है। आवश्यकता है कि डेटा सुरक्षा कानून को अधिक स्पष्ट, उपयोगकर्ता-केंद्रित और सख्त बनाया जाए और इसका पालन भी सुनिश्चित हो। एसओपी के कड़ाई से पालन से कुछ मामलों को तो रोका जा सकता है, लेकिन यह पूर्ण समाधान नहीं है।

### प्रसंगवश

## मेले के झूले: सुरक्षा पर उठते गंभीर सवाल

हरियाणा के सूरजकुंड अंतर्राष्ट्रीय मेले में झूला टूटने की घटना ने एक बार फिर साबित कर दिया कि हमारे यहां मनोरंजन भी जान जोखिम में डालकर ही किया जाता है। जिस मेले को संस्कृति, कला और पर्यटन का उत्सव कहा जाता है, वही मेला एक पल में चीखों, अफरातफरी और मातम में बदल गया। झूले के अचानक टूटकर गिरने से एक पुलिस इंस्पेक्टर की मौत हो गई और तेरह लोग गंभीर रूप से घायल हुए। यह सिर्फ़ एक दुर्घटना नहीं, बल्कि उस व्यवस्था का परिणाम है, जहां सुरक्षा सबसे आख़िरी प्राथमिकता बन चुकी है।

मेलों में झूले आकर्षण का केंद्र रहे हैं। बच्चों की हंसी, युवाओं का उत्साह और परिवारों की उम्मीदें सब कुछ इन झूलों से जुड़ा होता है, लेकिन जब यही झूले मौत का कारण बन जाएं, तो सवाल केवल तकनीकी खराबी का नहीं रहता, बल्कि पूरे प्रशासनिक ढांचे की लापरवाही उजागर हो जाती है। सूरजकुंड हादसा उस लापरवाही की परिणति है, जिसे सालों से 'चलने दो' कहकर नज़रअंदाज़ किया जा रहा है।



डॉ. प्रियंका सौरभ

लेखिका

सबसे बड़ा सवाल यह है कि आखिर ऐसे झूलों की अनुमति कैसे दी जाती है? क्या इनके फिटनेस सर्टिफिकेट की कोई गंभीर जांच होती है, या फिर कुछ काग़ज़ों और हस्ताक्षरों से ही सब कुछ 'मैनेज' कर दिया जाता है? हर बड़े मेले से पहले प्रशासन सुरक्षा के दावे करता है। ड्यूटी पर पुलिस, एंबुलेंस, दमकल वाहन, लेकिन झूलों की तकनीकी जांच अक्सर औपचारिकता भर बनकर रह जाती है। जिस मशीन पर दर्जनों ज़िंदगियां झूल रही हों, उसकी गुणवत्ता, मेंटेनेंस और ऑपरेटर की ट्रेनिंग पर कोई सख़्त निगरानी क्यों नहीं होती?

यह पहली बार नहीं है, जब किसी मेले या मनोरंजन पार्क में झूला गिरने से मौतें हुई हों। देश के अलग-अलग राज्यों में समय-समय पर ऐसे हादसे होते रहे हैं। कहीं बच्चों की जान गई, कहीं महिलाएं घायल हुईं, कहीं पूरा परिवार उजड़ गया। हर बार वही कहानी दोहराई जाती है। जाँच के आदेश, मुआवज़े की घोषणा और कुछ दिनों का शोर। फिर सब कुछ भुला दिया जाता है, अगली दुर्घटना तक।

सूरजकुंड हादसे में एक पुलिस इंस्पेक्टर की मौत होना, इस त्रासदी को और गंभीर बना देता है। जो व्यक्ति जनता की सुरक्षा के लिए तैनात था, वही स्वयं व्यवस्था की लापरवाही का शिकार हो गया। यह घटना प्रतीक है उस विडंबना की, जहां सुरक्षा देने वाला भी सुरक्षित नहीं है। सवाल यह है कि अगर एक अधिकारी की जान यूं ही चली गई, तो आम नागरिक की सुरक्षा की क्या गारंटी है?

प्रशासन अक्सर ठेकेदारों पर दोष मढ़कर पल्ला झाड़ लेता है। कहा जाता है कि झूला निजी संचालक का था, मेंटेनेंस उसकी ज़िम्मेदारी थी, लेकिन क्या प्रशासन की ज़िम्मेदारी यहीं खत्म हो जाती है? क्या बिना कड़ी जांच के किसी भी ठेकेदार को मौत के झूले लगाने की खुली छूट दी जा सकती है? अगर हां, तो फिर हादसे के बाद सिर्फ़ ठेकेदार को दोषी ठहराना एक तरह का धोखा ही है।

मेले अस्थायी होते हैं, लेकिन लापरवाही स्थायी। सुरक्षा मानकों को 'अतिरिक्त खर्च' समझा जाता है और मुनाफ़े को सबसे ऊपर रखा जाता है। झूले पुराने होते हैं, कई बार दूसरे राज्यों से लाकर बिना समुचित जांच के लगा दिए जाते हैं। ऑपरेटर अक्सर अप्रशिक्षित होते हैं, जिन्हें न मशीन की तकनीक की समझ होती है और न आपात स्थिति से निपटने की ट्रेनिंग। दुखद यह भी है कि हादसे के बाद प्रशासन की संवेदनशीलता केवल मुआवज़े की घोषणा तक सीमित रह जाती है। मृतक के परिवार को कुछ लाख रुपये देकर समझ लिया जाता है कि जिम्मेदारी पूरी हो गई, लेकिन क्या किसी की जान की कीमत कुछ लाख रुपये हो सकती है?

## अब व्यापारिक साझेदारी में खाड़ी देशों की बारी





दिग्विजय सिंह

कानपुर

जब दुनिया के बड़े देश अपने प्रभुत्व और वर्चस्व के लिए सीमाओं के साथ व्यापार और टैरिफ युद्ध में उलझे हैं, तब भारत लगातार तेजी से अपने व्यापारिक बाजार में विविधता का रंग भरने में जुटा है। वह अब किसी एक देश या क्षेत्र पर आयात और निर्यात के लिए निर्भर नहीं रहना चाहता है। यही वजह है कि भारत ट्रेड डील्स के जरिए नए-नए बाजार और सप्लाई लाइन खोज रहा है। यूरोपीयन यूनियन से मदर ऑफ डील और अमेरिका से महाडील फाइनल होने के बाद अब भारत की नजरें खाड़ी देशों पर हैं। इसके लिए भारत पश्चिमी एशिया के छह देशों के समूह खाड़ी सहयोग परिषद (सऊदी अरब, संयुक्त अरब अमीरात, कतर, कुवैत, ओमान और बहरीन) के साथ मुक्त व्यापार समझौता (एफटीए) करने की कवायद में जुट गया है। दोनों पक्ष मुक्त व्यापार समझौते पर बातचीत शुरू करने के लिए नियम और शर्तों पर हस्ताक्षर कर चुके हैं।

इससे लंबे समय से अटकी बातचीत को फिर से आगे बढ़ाने का रास्ता मिल गया है। नियम-शर्तों में प्रस्तावित मुक्त व्यापार समझौते का दायरा, बातचीत का स्वरूप और तौर-तरीका तय किया गया है। इससे यह साफ हो गया है कि व्यापार समझौते में किन सेक्टर्स को शामिल किया जाना है, फिर बातचीत उसी दिशा में आगे बढ़ेगी। भारत और खाड़ी सहयोग परिषद के बीच मुक्त व्यापार समझौते को लेकर साल 2006 और 2008 में पहले भी दो दौर की बातचीत हो चुकी है, लेकिन परिषद द्वारा सभी देशों और आर्थिक समूहों के साथ वार्ता स्थगित करने का फैसला लिए जाने के बाद तीसरा दौर नहीं हो पाया था।

इस तरह साल 2011 से रुके हुए समझौते के लिए अब फिर से बातचीत शुरू हो रही है। यह समझौता होने से भारत और खाड़ी देशों के बीच वस्तुओं, सेवाओं और निवेश का प्रवाह तेज और आसान हो जाएगा। भारत मई 2022 में संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के साथ पहले ही मुक्त व्यापार समझौता कर चुका है। भारत और ओमान भी बीते वर्ष दिसंबर में व्यापक आर्थिक भागीदारी समझौते पर हस्ताक्षर कर चुके हैं। ऐसे में खाड़ी सहयोग परिषद के साथ प्रस्तावित व्यापार समझौते को अगली कड़ी के तौर पर देखा जा रहा है।

> भारत ट्रेड डील्स के जरिए नए–नए बाजार और सप्लाई लाइन खोज रहा है। यूरोपीयन यूनियन से मदर ऑफ डील और अमेरिका से महाडील फाइनल होने के बाद अब भारत की नजरें खाड़ी देशों पर हैं।

खाड़ी देशों से व्यापारिक समझौता होने का मतलब है कि पाकिस्तान, बांग्लादेश जैसे भारत विरोधी देशों की कमर और टूट जाएगी, क्योंकि खाड़ी देशों के बाजारों में भारतीय उत्पादों की पहुंच काफी आसान हो जाएगी। अभी बांग्लादेश बड़े पैमाने पर खाड़ी देशों में रेडीमेड गारमेंट्स, निटवेयर, जूट उत्पाद, चमड़े के उत्पाद और कृषि उत्पादों का निर्यात करता है, तो पाकिस्तान चावल, वस्त्र, फल, सब्जियां, मांस, चमड़े के उत्पाद और खेल के सामान की आपूर्ति करता है। खाड़ी देशों के बाजारों में जहां तक भारत की पहुंच की बात है, तो वित्तीय वर्ष 2024-25 के दौरान खाड़ी सहयोग परिषद के साथ भारत का कुल द्विपक्षीय व्यापार 178.56 अरब डॉलर का रहा था, जो भारत के वैश्विक व्यापार का 15.42 प्रतिशत है।

इसमें भारत से 56.87 अरब डॉलर का निर्यात किया गया, जबकि आयात 121.68 अरब डॉलर था। इसमें दो राय नहीं कि खाड़ी सहयोग परिषद के साथ भारत का व्यापार लगातार बढ़ रहा है। भारत के कारोबारी वहां बड़े पैमाने पर चावल, वस्त्र, मशीनरी, इंजीनियरिंग साजो-सामान, रत्न और आभूषण का निर्यात करते हैं, जबकि वहां से भारत को कच्चा तेल, प्राकृतिक गैस-एलएनजी, पेट्रोकेमिकल्स और सोने जैसी कीमती धातुएं आती हैं। खाड़ी सहयोग परिषद के साथ मुक्त व्यापार समझौते में भारत की सबसे बड़ी चिंता व्यापार घाटा कम करना है। उम्मीद की जा रही है कि इस समझौते के बाद व्यापार घाटा न सिर्फ कम होगा, बल्कि हमारे दक्ष युवाओं को वहां रोजगार और तेजी से मिलेगा।

ऑपरेशन सिंदूर के बाद पाकिस्तान लगातार कोशिश कर रहा है कि किसी तरह मुस्लिम राष्ट्रों को भारत से दूर करे, लेकिन भारतीय कूटनीति के आगे उसकी चाल कामयाब नहीं हो पा रही है। सितंबर 2025 में सऊदी अरब और पाकिस्तान ने एक 'सामरिक पारस्परिक रक्षा समझौता' किया था। इसके बावजूद सऊदी अरब चाहता है कि भारत से जल्द मुक्त व्यापार समझौता हो जाए, ताकि व्यापार में सुगमता हो। यूएई के राष्ट्रपति शेख मोहम्मद बिन जायद अल नाहयान ने भी पिछले दिनों भारत दौरे पर कहा था कि वे चाहते हैं कि दोनों देश आपसी कारोबार को 2032 तक दोगुना कर 200 अरब डॉलर तक ले जाएं।

वैसे भी खाड़ी देशों में यूएई और सऊदी अरब भारत के सबसे बड़े व्यापारिक साझेदार हैं। यूएई के साथ द्विपक्षीय व्यापार बढ़कर 100.06 अरब डॉलर हो गया है, जो वित्त वर्ष 2024 में 83.6 अरब डॉलर था। इसी तरह खाड़ी सहयोग परिषद के देशों में सऊदी अरब भारत का दूसरा सबसे बड़ा व्यापारिक साझेदार है, जिसके साथ वित्त वर्ष 2025 में द्विपक्षीय व्यापार 41.88 अरब डॉलर था। वित्त वर्ष 2024-25 में कतर के साथ व्यापार 14.15 अरब डॉलर का रहा, इसके बाद ओमान के साथ 10.61 अरब डॉलर, कुवैत के साथ 10.22 अरब डॉलर और बहरीन के साथ 1.64 अरब डॉलर का व्यापार हुआ।

खाड़ी सहयोग परिषद की अध्यक्षता बहरीन के पास है। बहरीन और भारत के बीच घनिष्ठ रिश्ते हैं। बहरीन भी चाहता है कि परिषद और भारत के बीच मुक्त व्यापार समझौता हो, ताकि कारोबार और सुगम हो सके। ऐसा होने से भारत के चर्म उत्पाद, वस्त्र उत्पादों का निर्यात बड़े पैमाने पर हो सकेगा। अभी वहां की मार्केट में बांग्लादेश की पहुंच अधिक है। व्यापार समझौता होने से वस्तुओं और सेवाओं पर लगने वाला आयात शुल्क या तो बहुत कम हो जाएंगे, अथवा खत्म हो जाएंगे। इसी तरह खाड़ी देशों की बाजार में भारतीय सामानों की लागत पाकिस्तानी और बांग्लादेशी उत्पादों की तुलना में कम होगी, जिसका बड़ा लाभ मिलेगा। वैसे भी खाड़ी देशों के पास न केवल अपार दौलत है, बल्कि भारत के युवाओं के लिए संभावनाओं का समंदर भी है।

### आमने सामने



मेरी पार्टी उत्तर प्रदेश में मजबूती से चुनाव लड़ेगी और वहां भी अपना झंडा बुलंद करेगी। मिस्टर योगी, तैयार हो जाओ, यूपी भी आ रहे हैं। इसके बाद यूपी चलते हैं। हम सभी यूपी में अपनी ताकत और अपने झंडे को गाड़ेंगे और वहां भी अपना झंडा लहराएंगे।

–अकबरुद्दीन ओवैसी
नेता, एआईएमआईएम

सीएम योगी हमेशा तैयार रहते हैं और ओवैसी साहब अगर उपद्रव करने बुलाएंगे तो उन्हें पहले तय करना होगा कि वे कहां जाना चाहते हैं, बाहर या कहीं और? असल में सपा पार्टी को चिंता करनी चाहिए कि उनका वोटर कहीं छिटक न जाए।

–केतकी सिंह
बीजेपी विधायक



## यूपी बजट: वन ट्रिलियन इकोनॉमी का लक्ष्य



डॉ. विकास शुक्ला

चिकित्सक

उत्तर प्रदेश सरकार 11 फरवरी को अपना बजट पेश करेगी। यह न सिर्फ विकसित उत्तर प्रदेश के सपने को साकार करने वाला बजट होगा, बल्कि वन ट्रिलियन डॉलर इकोनॉम के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के सपने को साकार करने वाला होगा। इस बजट में इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट को लेकर भारी भरकम राशि मिलने की उम्मीद है। नौ लाख करोड़ रुपये से अधिक का बजट पेश किया जा सकता है। सरकार का मुख्य ध्यान मूलभूत सुविधाओं के विकास के साथ ही आम लोगों की सुविधाओं पर रहेगा। एक्सप्रेस वे के निर्माण, पुलों के निर्माण के लिए भारी भरकम बजट मिलने की उम्मीद है। शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल की समस्या के समाधान पर फोकस तो होगा ही, शहरी क्षेत्रों में बुनियादी ढांचे पर बड़े खर्च के एलान की संभावना है। यह बजट 2027 में होने वाले विधानसभा चुनाव को ध्यान में रखकर पेश किया जाएगा।

प्रदेश में अभी यमुना एक्सप्रेसवे, आगरा- लखनऊ, पूर्वांचल एक्सप्रेसवे, बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे, मेरठ-दिल्ली और गोरखपुर एक्सप्रेसवे चालू हैं। इन एक्सप्रेसवे का निर्माण राज्य सरकार के बजट से हुआ है। मेरठ-प्रयागराज एक्सप्रेसवे का निर्माण तेजी से चल रहा है। अभी चित्रकूट लिंक एक्सप्रेसवे समेत एक दर्जन और एक्सप्रेसवे के निर्माण के लिए राज्य सरकार द्वारा गठित उप्र एक्सप्रेस वे औद्योगिक विकास प्राधिकरण द्वारा कवायद की जा रही है। सरकार का उद्देश्य ज्यादा से ज्यादा एक्सप्रेसवे बनाकर यातायात को न सिर्फ गति देना है, बल्कि औद्योगिक विकास भी बढ़ाना है, ताकि यूपी को वन ट्रिलियन डॉलर की इकोनॉमी वाला प्रदेश बनाया जा सके और यहां के निवासियों को अपने राज्य में घर के पास ही रोजगार मिल सके।

> उत्तर प्रदेश सरकार 11 फरवरी को अपना बजट पेश करेगी। यह वन ट्रिलियन डॉलर इकोनॉमी के मुख्यमंत्री योगी के सपने को साकार करने वाला बजट होगा।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का घर के पास ही रोजगार देने का सपना बहुत हद तक साकार भी हो रहा है, क्योंकि यहां विदेशी कंपनियां औद्योगिक इकाइयां स्थापित कर चुकी हैं और कर रही हैं। स्थानीय निवेशक भी उद्योग लगा रहे हैं। बढ़ते औद्योगिक विकास की वजह है, प्रदेश में बना सुरक्षित माहौल। अब न तो कहीं उद्यमियों, चिकित्सकों व कारोबारियों से रंगदारी मांगने का मामला सामने आ रहा है न ही अपहरण का। यही वजह है कि दूसरे राज्यों से भी बड़े उद्यमी यहां के औद्योगिक क्षेत्रों में निवेश कर रहे हैं। रोजगार के अवसर सूबे में बढ़े हैं, लेकिन सरकार का लक्ष्य इसे और बढ़ाना है।

पिछले वित्तीय वर्ष में बजट लगभग 8.08 लाख करोड़ रुपये था, जो उससे पहले के साल से 9.8 प्रतिशत ज्यादा था। इस बार का बजट उससे भी ज्यादा होगा। इस बजट में लाभार्थीपरक योजनाओं के लिए बजट तो मिलेगा ही कुछ नई योजनाएं भी शुरू होने की उम्मीद है। रोजगार, किसानों की आर्थिक मदद और गरीब व जरूरतमंद वर्ग के लिए संचालित योजनाओं के लिए भारी भरकम बजट मिल सकता है। शिक्षा, स्वास्थ्य, आवास, खाद्य सुरक्षा और सामाजिक सुरक्षा से जुड़े कार्यक्रमों को और मजबूती देने की तैयारी है। कानून-व्यवस्था को और समृद्ध बनाने के लिए पुलिस बल को और सुविधा संपन्न करने पर जोर होगा।

इंफ्रास्ट्रक्चर, कृषि और सामाजिक सुरक्षा से जुड़ी योजनाओं पर बजट का बड़ा हिस्सा आवंटित होने की उम्मीद है। प्रदेश सरकार को कानून व्यवस्था के मामले में जीरो टॉलरेंस नीति वाला माना जाता है। ऐसे में पुलिस और समृद्ध हो, इसके लिए 45 हजार करोड़ रुपये से ज्यादा बजट इस महकमे को दिया जा सकता है, ताकि पुलिस महकमे को आधुनिक सुविधाओं से समृद्ध किया जा सके। जल्द ही पंचायत के चुनाव होने हैं। पंचायत चुनाव को विधानसभा चुनाव का सेमिफाइनल भी माना जा रहा है। ऐसे में सरकार खजाने से धन खर्च करने में किसी तरह की कोताही नहीं बरतने जा रही है।

वृद्धावस्था, विधवा, निराश्रित महिला, दिव्यांगों की पेंशन की राशि बढ़ाई जा सकती है। 1,43,450 शिक्षा मित्रों के मानदेय की बढ़ोत्तरी का एलान भी हो सकता है। सड़क नेटवर्क को मजबूत करने के लिए पीडब्ल्यूडी को 40 हजार करोड़ रुपये से ज्यादा का बजट मिल सकता है, तो नए बस स्टेशनों की स्थापना, पुराने बस अड्डों को मॉडल बनाने के लिए भी बजट में भारी भरकम राशि का प्रावधान होगा। प्रदूषण से बचाव के लिए इलेक्ट्रिक बसों की खरीद का लक्ष्य भी निर्धारित होगा। अंतर्देशीय जलमार्ग प्राधिकरण के लिए भी राशि आवंटित की जा सकती है।

चिकित्सा व्यवस्था को सुदृढ़ करने पर सरकार का फोकस है। मेडिकल कॉलेजों के निर्माण में तेजी आने की उम्मीद है, तो बेसिक-माध्यमिक शिक्षा के लिए तीन हजार करोड़ रुपये का भारी भरकम बजट भी मिलेगा। माध्यमिक विद्यालयों में ड्रीम स्किल लैब क्लस्टर के लिए बजट मिलेगा, तो शहरों में अवस्थापना सुविधाओं के मद में आवास विभाग को आठ हजार करोड़ रुपये से अधिक की राशि मिलने की उम्मीद है। सरकार नई टाउनशिप बसाने के लिए मुख्यमंत्री शहरी विस्तारीकरण योजना को गति देगी, तो मेट्रो परियोजनाओं को गति देने के लिए भी बजट का एलान होगा।

### सोशल फोरम

## 'उसने कहा था'...

चंद्रधर शर्मा 'गुलेरी' की कहानी 'उसने कहा था' हिंदी कथा-साहित्य की वह शाश्वत रचना है, जिसने आधुनिक कहानी को न केवल रूप दिया, बल्कि भावनात्मक गहराई और नैतिक चेतना की नई भाषा भी दी। यह कथा प्रेम, कर्तव्य और बलिदान के उस त्रिकोण को स्पर्श करती है, जहां मनुष्य की आत्मा अपने सबसे बड़े नैतिक निर्णय से गुजरती है।



डॉ. उर्वशी

ब्लॉगर

हिंदी कहानी के इतिहास में 'उसने कहा था' केवल एक मील का पत्थर नहीं, बल्कि भावनात्मक परिपक्वता का आरंभ-बिंदु है। 1915 में प्रकाशित यह कहानी, अपने समय के समाज और मनुष्य दोनों को एक नई दृष्टि से देखने का आमंत्रण देती है। गुलेरी ने प्रेम को केवल रूमानी या त्रासद अनुभव के रूप में नहीं, बल्कि नैतिक और अस्तित्वगत प्रश्न के रूप में प्रस्तुत किया। यह वही क्षण था जब हिंदी कहानी ने केवल घटनाओं से आगे बढ़कर मानव-मन की जटिलता और आत्म-संयम की सौंदर्यता को कथ्य बनाया।

कहानी के केंद्र में लहना सिंह नामक सिख सैनिक है, जो बचपन में अपनी प्रेमिका से किए गए एक वाक्य-संवाद को जीवन का व्रत बना लेता है। 'उसने कहा था'- यह तीन शब्दों का वाक्यांश कहानी के भीतर स्मृति, वचन और नियति, तीनों का प्रतीक बन जाता है। युद्ध के मैदान में जब वही स्त्री अपने पति और पुत्र के जीवन की रक्षा का आग्रह करती है, तो लहना सिंह अपने जीवन को उसी वचन के प्रति समर्पित कर देता है। इस प्रकार कहानी का प्रेम, इच्छा की परिधि से निकलकर कर्तव्य और त्याग के आध्यात्मिक आयाम में रूपांतरित हो जाता है।

'उसने कहा था' की भाव-संरचना गहरी है, पर उसका स्वर अत्यंत संयमित। गुलेरी ने प्रेम को भावुकता से मुक्त किया है और उसे आत्मसंयम की नैतिक साधना के रूप में रूपायित किया है। लहना सिंह की निष्ठा किसी व्यक्तिगत संबंध की निष्ठा नहीं, बल्कि मानवीय मर्यादा की रक्षा का संकल्प है। कहानी का प्रेम 'पाना' नहीं, बल्कि 'देना' है और इसी में उसका सौंदर्य निहित है।

यहां प्रेम का अर्थ रूमानी आकर्षण नहीं, बल्कि धर्म की अनुभूति है। यह प्रतिध्वनि प्रेम के उस ऊंचे धरातल की ओर ले जाती है जहाँ मनुष्य की व्यक्तिगत आकांक्षा समाप्त होकर कर्तव्य की सार्वभौमिकता में बदल जाती है। कहानी की घटनाएं भले ही प्रथम विश्वयुद्ध की पृष्ठभूमि में घटती हों, पर युद्ध यहां बाहरी घटना से अधिक अंतर्मन का प्रतीक है। **–फेसबुक वॉल से**

### सामयिकी

## खाद्य सुरक्षा पर गहराता संकट और जिम्मेदारी

आज भारत जैसे देश में जब हम खाना चुनते हैं, उसके बारे में यह सोचकर भी डर लगता है कि क्या वह वास्तव में शुद्ध है? 2025–26 के ताज़ा आंकड़े और निरीक्षण रिपोर्ट यह सवाल सिर्फ़ खड़े नहीं करती, बल्कि एक गंभीर चेतावनी की तरह सामने आती है। हाल ही में जब देश भर में खाद्य सुरक्षा विभागों ने मिलावट से जुड़े उत्पादों की जांच की, तो पता चला कि रोज़मर्रा के उपयोग की चीज़ों में, जैसे- पनीर, दूध, घी, मसाले और मिठाइयां खाद्य गुणवत्ता मानकों का पालन नहीं हो रहा है। उदाहरण के तौर पर, सूरत में 2025 में नकली और घटिया खाद्य पदार्थों की जब्ती पिछले साल के मुकाबले 13 गुना अधिक दर्ज की गई, जिसमें डेयरी उत्पादों में गंभीर मिलावट पाई गई थी।

यह सिर्फ़ आंकड़ों की बाज़ीगरी नहीं है। इसके पीछे लाखों परिवारों की सेहत का सवाल है। मिलावटी भोजन का असर सबसे पहले हमारे स्वास्थ्य पर पड़ता है। जब हम बिना जाने-समझे रसायन, सस्ते तेल या नकली स्वाद बढ़ाने वाले तत्वों से भरे खाद्य पदार्थ खाते हैं, तो उनसे पाचन तंत्र में गड़बड़ियां, पेट दर्द, अपच और दस्त जैसी समस्याएं उत्पन्न हो सकती हैं। लंबे समय तक ऐसे खाद्य पदार्थों का सेवन करने से लीवर और किडनी पर दबाव बढ़ता है, जिससे ये जरूरी अंग ठीक से काम नहीं कर पाते। कई रसायन प्रतिरक्षा प्रणाली को कमजोर करते हैं, जिससे शरीर बीमारियों से लड़ने में असमर्थ हो जाता है।



डॉ. सुनिधि मिश्रा

शिक्षिका

बच्चों पर इसका असर और भी ज्यादा गहरा होता है। बच्चों का शरीर अभी विकासशील होता है। उनका पाचन, मस्तिष्क और प्रतिरक्षा तंत्र सभी विकास के दौर से गुजर रहे हैं। मिलावटी खाद्य पदार्थों में मौजूद भारी धातुएं और रसायन उनके सीखने की क्षमता, ध्यान बनाए रखने की शक्ति और सामान्य विकास को प्रभावित कर सकते हैं। कई छोटे-बड़े अध्ययनों में यह पाया गया है कि दूषित भोजन से बच्चों में पाचन समस्याओं, बार-बार बीमार पड़ने और विकास में देरी जैसी समस्याएं अधिक देखी गई हैं।

गर्भवती महिलाओं के लिए भी यह समस्या गंभीर चिंता का विषय है। गर्भावस्था एक ऐसा समय होता है, जब मां और अजन्मे शिशु दोनों को सुरक्षित, पौष्टिक आहार की बेहद आवश्यकता होती है। मिलावटी अथवा घटिया भोजन से पोषक तत्वों की कमी बढ़ सकती है, जिससे शिशु का वजन कम हो सकता है या जन्म के बाद विकास में समस्या आ सकती है। कुछ मामलों में यह गर्भावस्था से जुड़ी जटिलताओं का कारण भी बन सकता है। हमारी बीमारी का कारण सिर्फ़ भोजन की शुद्धता नहीं है, बल्कि यह हमारी जागरूकता की कमी भी है।

अक्सर हम रोज़मर्रा की चीज़ों को बिना जांचे-परखे खरीद लेते हैं। चाहे वह पनीर हो, खोया हो या मसाले। मिलावटखोर सस्ते घटकों को मिलाकर अधिक मुनाफा कमाना चाहते हैं और ऐसा वे खासकर त्योहारों के समय और अधिक करते हैं, जब बाजार में मांग बढ़ जाती है। उदाहरण के तौर पर, उत्तर प्रदेश में दिवाली के दौरान विशेष निरीक्षण में कई मिलावटी खाद्य वस्तुएं जब्त की गईं। यह संकेत देता है कि भारी मांग के समय मिलावट खोर सक्रिय हो जाते हैं।

समस्या सिर्फ़ निरीक्षण करने से हल नहीं होगी। हमें स्वयं भी जागरूक होना होगा। सबसे पहले, यह समझना ज़रूरी है कि खाद्य गुणवत्ता सिर्फ़ सिलाई की लेबर की तरह दिखाई देने वाली चीज़ नहीं है। यह हमारे शरीर में होने वाली हर प्रक्रिया से जुड़ी है। हमें लाल झंडे की तरह संकेतों को पहचानना सीखना होगा। जैसे- असामान्य रंग, गंध या बनावट। साथ ही, विश्वसनीय स्रोतों से ही खाद्य सामग्री खरीदनी चाहिए, जहां गुणवत्ता मानकों की पालना होता है।


स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक त्रिनाथ शुक्ला द्वारा प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर,इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित एवं 117/एल/320-ए, नवीन नगर काकादेव, कानपुर नगर 208001 (उ.प्र.) से प्रकाशित। **संपादक- राजेश श्रीनेत, कार्यकारी संपादक- दिग्विजय सिंह*** 0512-2548300 (कार्यालय), ईमेल- editorschoice@amritvichar.com, आर.एन.आई नं0-UPHIN/2022/85730 *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी। (नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र कानपुर होगा)।

# कला-संस्कृति की मिसाल हैं ये प्रेम की धरोहर

प्यार केवल एहसास नहीं होता, कई बार वह पत्थरों में ढलकर इतिहास बन जाता है। दुनिया के अलग-अलग कोनों में खड़ी कुछ इमारतें इस बात की गवाह हैं कि जब प्रेम गहरा होता है, तो वह समय, दूरी और मृत्यु की सीमाओं को भी पार कर जाता है। कहीं ये महल किसी प्रिय को दिया गया अधूरा उपहार है, तो कहीं टूटे दिल की खामोश पुकार। किसी ने प्रेमिका के लिए पुल बनवाया, तो किसी ने पत्नी की याद में पूरी उम्र एक ही महल तराश दिया। इन स्मारकों की दीवारों में सिर्फ ईंट-पत्थर नहीं, बल्कि उम्मीद, समर्पण, पीड़ा और अमर मोहब्बत की कहानियां बसती हैं। बोल्ट कैसल से लेकर कोरल कैसल, शैटो डी चेनोन्सो से ताजमहल तक ये सभी स्थान यह बताते हैं कि सच्चा प्यार भले ही अधूरा रह जाए, लेकिन उसकी निशानी हमेशा के लिए जीवित रहती है। ये स्मारक प्रेम में पगे आशिकों के दिलों में व्याप्त गहरी भावनाओं को दर्शाते हैं।



शिखर चंद जैन
लेखक





## शैटो डी चेनोन्सो, फ्रांस

फ्रांस का यह भव्य महल 'महिलाओं का महल' कहलाता है। शैटो डी चेनोन्सो की दीवारों में प्यार और प्रतिद्वंद्विता की निशानियां दफन हैं। 1547 में फ्रांस के राजा हेनरी द्वितीय ने इसे अपनी प्रेमिका डायने डी पोइटियर्स को उपहार में दिया। डायने ने ही शेर नदी पर बना वह प्रसिद्ध मेहराबदार पुल बनवाया, जो आज इस महल की पहचान है। राजा की मृत्यु के बाद, रानी कैथरीन डी मेडीसी ने डायने को महल से निकाल दिया और स्वयं यहां शासन किया। इस तरह यह महल प्रेम और प्रतिद्वंद्विता दोनों का प्रतीक बन गया।



## बोरी कैसल, हंगरी

हंगरी के सेकेसफेहेरवार में स्थित बोरी कैसल प्रेम और समर्पण की जीवंत मूर्ति है। मूर्तिकार और वास्तुकार जेनो बोरी ने इसे अपनी पत्नी इलोना बोरी के प्रति अटूट प्रेम के प्रतीक के रूप में 1923 से लेकर लगभग 40 वर्षों तक अपने हाथों से बनाया। महल में मौजूद मूर्तियां, चित्रकला और ऊंचा टॉवर उनकी पत्नी को समर्पित हैं। यह स्थान आज दुनियाभर के प्रेमियों के लिए प्रेरणा का केंद्र है।

## जूलियट का घर, इटली



वेरोना स्थित कासा डि गिउलिएटा शेक्सपियर के अमर प्रेम रोमियो और जूलियट की याद दिलाता है। 13 वीं सदी की यह ऐतिहासिक इमारत कैप्पेलो स्ट्रीट पर स्थित है, जहां वह प्रसिद्ध बालकनी और जूलियट की कांस्य मूर्ति मौजूद है। हालांकि जूलियट एक काल्पनिक पात्र है, फिर भी यह स्थान प्रेम का वैश्विक प्रतीक बन चुका है। मान्यता है कि जूलियट की मूर्ति के दाहिने हाथ को छूने से प्रेम में सौभाग्य मिलता है। इसी विश्वास से यहां हर दिन हजारों प्रेमी आते हैं।

## कोरल कैसल, फ्लोरिडा, यूएस



कोरल कैसल शायद दुनिया की सबसे रहस्यमयी प्रेम-रचना है। इसे लातवियाई-अमेरिकी प्रवासी एडवर्ड लीडस्कैलनिन ने 1923 से 1951 के बीच अकेले बनाया। 1100 टन से अधिक कोरल पत्थरों से बना यह ढांचा 'फ्लोरिडा का स्टोनहेंज' कहलाता है। एडवर्ड का कद और शरीर साधारण था, फिर भी उन्होंने बिना आधुनिक मशीनों के यह असंभव कार्य कर दिखाया। शादी से ठीक पहले मंगेतर एग्नेस द्वारा छोड़े जाने के बाद, टूटे दिल से उन्होंने इसे प्रेम-स्मारक के रूप में गढ़ा। वे दावा करते थे कि उन्हें मिस्र के पिरामिडों के निर्माण का रहस्य चुंबकत्व और उत्तोलन आता है।

## बोल्ट कैसल, न्यूयॉर्क



बोल्ट कैसल एलेक्जेंड्रिया बे, न्यूयॉर्क में हार्ट आइलैंड पर स्थित एक शानदार ऐतिहासिक महल और एक लोकप्रिय पर्यटक आकर्षण है। इसे जॉर्ज सी. बोल्ट ने अपनी पत्नी लुईस के लिए प्यार की निशानी के तौर पर बनवाना शुरू किया था, लेकिन उनके निधन के बाद यह अधूरा रह गया। यह एक छह मंजिला, 120 कमरों वाली राइनलैंड-शैली की संरचना है। इसका निर्माण 1900 में शुरू हुआ था, लेकिन जनवरी 1904 में लुईस की अचानक मृत्यु के बाद जॉर्ज बोल्ट का मन टूट गया। फिर उन्होंने इसे अधूरा छोड़ दिया और फिर कभी वापस नहीं लौटे।

## एलेनोर क्रॉसेस, इंग्लैंड



13 वीं सदी में इंग्लैंड के राजा एडवर्ड प्रथम ने अपनी पत्नी एलेनोर ऑफ कैस्टिले की स्मृति में 12 भव्य पत्थर क्रॉस बनवाए। 1290 में रानी की मृत्यु के बाद, उनके अंतिम संस्कार के जुलूस के दौरान लिंकन से लंदन तक जहां-जहां रात्रि विश्राम हुआ, वहां ये क्रॉस स्थापित किए गए। आज इनमें से केवल तीन गेडिंगटन, हार्डिंगस्टोन और वाल्थम मूल रूप में बचे हैं। ये क्रॉसेस आज भी शाश्वत प्रेम के प्रतीक माने जाते हैं।

## हमारा ताजमहल

मुगल सम्राट शाहजहां द्वारा अपनी पत्नी मुमताज महल की याद में बनवाया गया ताजमहल दुनिया में प्रेम का सबसे महान प्रतीक माना जाता है। 1631 में शुरू होकर 1653 में पूरा हुआ यह मकबरा लगभग 22,000 कारीगरों की मेहनत का परिणाम है। राजस्थान के मकराना से लाए गए शुद्ध सफेद संगमरमर पर कीमती पत्थरों की पच्चीकारी इसे बेमिसाल बनाती है। ताजमहल न केवल भारत, बल्कि पूरी दुनिया के लिए प्यार की सबसे खूबसूरत निशानी है।



## शालीमार बाग, कश्मीर

श्रीनगर में स्थित शालिमार बाग मुगल प्रेम और सौंदर्य का अनुपम उदाहरण है। इसे मुगल बादशाह जहांगीर ने 1619 में अपनी प्रिय पत्नी नूरजहां के लिए बनवाया था। 'चहार बाग' शैली में निर्मित यह उद्यान तीन छतों में बंटा है, जिनमें फव्वारे, जलधाराएं, चिनार के वृक्ष और दीवान-ए-आम व दीवान-ए-खास जैसे मंडप हैं। डल झील के किनारे स्थित यह बाग यूनेस्को की अस्थायी विश्व धरोहर सूची में भी शामिल है।



अनोखी परंपरा

## गर्दन की लंबाई में बंधी खूबसूरती



सुंदरता की परिभाषा हर समाज में अलग-अलग होती है। जहां आधुनिक दुनिया में सुंदरता को चेहरे, पहनावे या स्टाइल से जोड़ा जाता है, वहीं म्यांमार की कयान जनजाति में सुंदरता का पैमाना बिल्कुल अनोखा है। यहां महिलाओं की खूबसूरती उनकी गर्दन की लंबाई से आंकी जाती है। माना जाता है कि जितनी लंबी गर्दन, उतनी ही अधिक सुंदर महिला। कयान जनजाति की लड़कियां महज पांच वर्ष की उम्र से ही गर्दन में पीतल की अंगूठियां पहनना शुरू कर देती हैं। शुरुआत में ये अंगूठियां हल्की होती हैं, लेकिन जैसे-जैसे उम्र बढ़ती है, वैसे-वैसे इनकी संख्या और वजन भी बढ़ाया जाता है। यह प्रक्रिया कई घंटों तक चलती है और धीरे-धीरे वर्षों में पूरी होती है। लगातार दबाव के कारण कंधों और पसलियों की हड्डियां नीचे की ओर खिसक जाती हैं, जिससे गर्दन लंबी दिखाई देने लगती है। वास्तव में गर्दन नहीं बढ़ती, बल्कि शरीर की संरचना बदल जाती है। एक पूरा सेट 10 से 20 किलो तक वजनी हो सकता है। इतना भारी वजन पहनकर रोजमर्रा का जीवन आसान नहीं होता। खेतों में काम करना, झुकना, चलना-फिरना सब कुछ कठिन हो जाता है। कई महिलाएं लगातार दर्द, थकान और असहजता के साथ जीवन बिताती हैं। बावजूद इसके, वे इसे अपनी नियति और पहचान मानकर सहन करती हैं।

दिलचस्प बात यह है कि यह परंपरा शुरुआत में सुंदर दिखने के लिए नहीं, बल्कि महिलाओं को कम आकर्षक बनाने के उद्देश्य से शुरू हुई थी। मान्यता थी कि लंबी गर्दन और भारी गहनों के कारण दूसरी जनजातियों के लोग उन्हें अगवा नहीं करेंगे। समय के साथ यह प्रथा सुरक्षा से निकलकर संस्कृति और पहचान का प्रतीक बन गई। आज की युवा पीढ़ी इस परंपरा को बोझ के रूप में देखने लगी है। कई लड़कियां अब इन अंगूठियों को पहनने से इनकार कर रही हैं। वहीं दूसरी ओर, उत्तरी थाईलैंड में पर्यटन के कारण कयान महिलाओं के ये गहने फिर से चर्चा में आ गए हैं। पर्यटकों को आकर्षित करने के लिए यह परंपरा अब आजीविका का साधन भी बन चुकी है। कई बुजुर्ग कयान महिलाएं आज भी जीवनभर ये अंगूठियां नहीं उतारतीं और इसे अपनी अस्मिता मानती हैं। यह परंपरा सुंदरता और संस्कृति दोनों का प्रतीक है, लेकिन यह सवाल अब भी बना हुआ है कि क्या यह सच में सुंदरता का पैमाना है या महिलाओं पर थोपी गई एक सामाजिक जिम्मेदारी?

आर्ट गैलरी

## जोहांस वर्मीर की 'द गर्ल विद अ पर्ल इयर रिंग'



जैन वर्मीर की 'गर्ल विद अ पर्ल इयररिंग' डच रियलिस्ट जॉनर पेंटिंग का एक मास्टरपीस है। इसे 'द हेड ऑफ अ यंग वुमन', 'पोर्ट्रेट ऑफ अ यंग वुमन विद अ टर्बन', 'वुमन इन ओरिएंटल ड्रेस' और 'गर्ल विद अ पर्लबन' भी कहा जाता है। इस कमाल की पेंटिंग में एक काल्पनिक जवान औरत को दिखाया गया है, जो शानदार कपड़े पहने अंधेरे से निकल रही है। यह फिगर सीधे देखने वाले की आंखों में देखती है और उसे अपनी ओर खींचती है। उसकी अनोखी ड्रेस और मोती की इयररिंग रोशनी और अंधेरे में से दिखती है, जिसे वर्मीर ने अपनी जादुई ब्रश से परफेक्ट किया है। वर्मीर ने ध्यान खींचने और इंटेंसिटी बनाने के लिए रंगों पर अपने जबरदस्त कंट्रोल का कुशलता से इस्तेमाल किया। इस रचना में, उन्होंने पेंटिंग के पीछे की कहानी को बताने के लिए रंगों का इस्तेमाल कंट्रास्ट के तौर पर किया। उनके टोन की समझ उनकी सबसे दिलचस्प तस्वीरों में से एक में जान डाल देती है। एक जवान लड़की, जिसने हल्के ओरिएंटल कपड़े पहने हैं और जिसके सिर पर एक मोती की इयररिंग है।

### वर्मीर के बारे में



जोहांस वर्मीर की मशहूर बारोक स्टाइल, रोजमर्रा की जिंदगी की चमकदार कंपोजिशन थीं, जो रोशनी और रंगों पर उनकी महारत को दिखाती हैं। उनके काम में अक्सर रोजमर्रा के घरेलू सीन होते हैं, जो डिटेल पर उनके जबरदस्त ध्यान को दिखाते हैं। उनका जन्म अक्टूबर 1632 में हुआ और निधन 15 दिसंबर 1675 को। वो डच पेंटर थे, उन्हें डच गोल्डन एज के सबसे महान पेंटर में से एक माना जाता है। अपने जीवनकाल में, वे एक सफल प्रांतीय शैली के पेंटर थे, जिन्हें डेल्फ़्ट और द हेग में पहचान मिली। उन्होंने काफी कम पेंटिंग बनाईं, मुख्य रूप से एक आर्ट डीलर के तौर पर अपनी जिंदगी चलाते थे। वे अमीर नहीं थे, उनकी मौत के समय, उनकी पत्नी कर्ज में डूबी हुई थीं। द गर्ल विद अ पर्ल इयररिंग शायद वर्मीर का सबसे मशहूर आर्टवर्क है। इसमें एक जवान लड़की को एक अनोखी पगड़ी और बड़ी मोती की इयररिंग पहने दिखाया गया है। यह पेंटिंग अपनी शानदार कंपोजिशन, चटकीले रंगों और रहस्यमयी सब्जेक्ट मैटर से देखने वालों का ध्यान खींचती है। हालांकि अक्सर इसकी तुलना 'डच मोना लिसा' से की जाती है, लेकिन यह बहुत कम समझ है कि यह जवान औरत कौन थी या वर्मीर के साथ उसका क्या कनेक्शन था।


लोकायन

## बसोहली चित्रकला: रंग, भक्ति और सौंदर्य का संगम

भारतीय लघु चित्रकला की समृद्ध परंपरा में बसोहली चित्रकला एक ऐसी विशिष्ट शैली है, जिसमें रंगों की तीव्रता, भावों की स्पष्टता और भक्ति की गहराई एक साथ सजीव हो उठती है। इसका विकास जम्मू क्षेत्र के बसोहली इलाके में हुआ, जहां लोक परंपराओं, पौराणिक कथाओं और दरबारी कला ने मिलकर एक अनोखी चित्रभाषा को जन्म दिया। बसोहली शैली वस्तुतः हिंदू, मुगल और पहाड़ी कलात्मक परंपराओं के सुंदर समन्वय का परिणाम है।

बसोहली शैली में मुगल चित्रकला की झीनी पारदर्शी वेशभूषा और दरबारी ठाठ दिखाई देता है, जबकि चेहरों की बनावट, भाव-भंगिमा और आकृतियां स्थानीय लोक कला से प्रेरित हैं। बसोहली चित्रकला पर हिंदू धर्म और परंपरा का गहरा प्रभाव रहा। विष्णु और उनके दशावतार, विशेषकर श्रीकृष्ण, इस कला के प्रमुख नायक हैं। रामायण, महाभारत और जयदेव कृत 'गीत गोविंद' जैसे ग्रंथों पर आधारित चित्र श्रृंखलाएं इस शैली को आध्यात्मिक ऊंचाई प्रदान करती हैं।

बसोहली चित्रकला का स्वर्णकाल संग्राम पाल (1635-1673 ई.) और कृपाल पाल (1678-1693 ई.) के शासनकाल में माना जाता है। संग्राम पाल के समय वैष्णववाद को राजकीय संरक्षण प्राप्त हुआ, जिसके फलस्वरूप प्रारंभिक बसोहली चित्रों में 'रसमंजरी' श्रृंखला का विशेष महत्व रहा। इन चित्रों में कृष्ण को नायक रूप में चित्रित किया गया है। गाढ़े और चमकीले रंग लाल, पीला और नीला सपाट पृष्ठभूमि के साथ मिलकर चित्रों को तीव्र दृश्य प्रभाव प्रदान करते हैं। चेहरों में उभरी हुई नाक, कमल-सी आंखें और भावपूर्ण दृष्टि बसोहली शैली की पहचान हैं। स्त्री और पुरुष दोनों की वेशभूषा मुगल और राजपूत दरबारों से मेल खाती है। चित्रों में दर्शित भवन, आलिंद, जटिल जड़ाइयां और सुसज्जित भीतरी कक्ष मुगल और राजपुताना स्थापत्य की स्मृति कराते हैं।




आभूषणों का अंकन इस शैली की सबसे विलक्षण विशेषता है। मोतियों के लिए उभरे हुए सफेद रंग और पन्नों की आभा दिखाने हेतु झींगुर के पंखों के आवरणों का प्रयोग कलाकारों की कल्पनाशीलता और तकनीकी दक्षता को दर्शाता है। कृपाल सिंह के संरक्षण में बसोहली चित्रकला का उत्तरवर्ती चरण विकसित हुआ, जिसमें प्रकृति के प्रति झुकाव और कलात्मक परिष्कार अधिक दिखाई देता है। इस काल में चित्रकार मनकू द्वारा रचित 'गीत गोविंद श्रृंखला' विशेष रूप से उल्लेखनीय है। 18 वीं शताब्दी के मध्य तक बसोहली शैली न केवल जीवित रही, बल्कि अन्य पहाड़ी क्षेत्रों की चित्रकला को भी एक ऐसी विरासत के रूप में, दिशा देती चली गई, जिसमें रंग, भक्ति और सौंदर्य एक साथ सांस लेते हैं।

## ओरिएंटलिज्म, भारतीय कला परंपरा और औपनिवेशिक व्याख्या का सच

पहली बार एडवर्ड वादी सईद (1935–2003) की पुस्तक "ओरिएंटलिज्म" (1978) ने यह स्थापित किया कि 'पूरब' को लेकर पश्चिमी ज्ञान-परंपरा एक तटस्थ बौद्धिक परियोजना नहीं थी, बल्कि सत्ता, उपनिवेशवाद और वर्चस्व से गहराई से जुड़ी हुई थी। सईद के अनुसार ओरिएण्टलिज्मएक ऐसी ज्ञान-प्रणाली है, जो पूर्व को रहस्यमय, स्थिर, पिछड़ा और अपरिवर्तनशील दिखाकर पश्चिमी श्रेष्ठता को वैध ठहराती है। यह अवधारणा अकादमिक अनुशासन, विचारधारात्मक द्वैत (पूरब-पश्चिम) और औपनिवेशिक शासन के औजार तीनों स्तरों पर कार्य करती है।

भारतीय कला-इतिहास के संदर्भ में यह प्रश्न और भी महत्वपूर्ण हो जाता है कि क्या औपनिवेशिक काल में भारतीय कला पर हुआ समस्त पश्चिमी अध्ययन केवल ओरिएंटलिस्ट पूर्वाग्रहों से प्रेरित था या उस दौर में कुछ ऐसे विद्वान भी थे, जिन्होंने भारतीय कला परंपरा को समझने और प्रतिष्ठित करने का गंभीर प्रयास किया। यहीं सईद के निष्कर्षों की आंशिक पुनर्व्याख्या की जरूरत सामने आती है। ई.बी. हैवेल को ऐसे ही अपवादों में गिना जा सकता है। उन्होंने भारतीय कला को यूरोपीय यथार्थवाद के मानकों से मुक्त करके उसके आंतरिक सौंदर्यशास्त्र और आध्यात्मिक दृष्टि के आधार पर समझने का आग्रह किया। 'इंडियन स्कल्पचर एंड पेंटिंग' (1908) में हैवेल भारतीय कला को 'नकलची' या 'अधूरा' मानने वाली औपनिवेशिक धारणा का खंडन करते हैं। इस अर्थ में हैवेल सईद के ओरिएण्टलिज्ममॉडल में एक महत्वपूर्ण अपवाद प्रतीत होते हैं।



वहीं लॉकवुड किपलिंग का योगदान भारतीय शिल्प परंपराओं के दस्तावेजीकरण में उल्लेखनीय रहा। लाहौर म्यूजियम और मेयो स्कूल ऑफ आर्ट से जुड़ाव के माध्यम से उन्होंने भारतीय हस्तकला को 'निम्न कला' मानने की मानसिकता का विरोध किया। किंतु उनकी दृष्टि अक्सर भारतीय कला को एक 'एथ्नोग्राफिक वस्तु' के रूप में देखती है, न कि एक जीवित समकालीन सृजन के रूप में यहां सईद की आलोचना आंशिक रूप से लागू होती है।



सुमन कुमार सिंह
कलाकार/कला लेखक

अलेक्जेंडर कनिंघम के कार्य भारतीय पुरातत्व और स्थापत्य की खोज और संरक्षण में ऐतिहासिक महत्व रखते हैं। सारनाथ, सांची और बोधगया जैसे स्थलों की पहचान उनके प्रयासों से संभव हुई। परंतु सईद की दृष्टि से यह ज्ञान भी औपनिवेशिक प्रशासन के अधीन था, जहां भारतीय अतीत को 'मृत गौरव' के रूप में प्रस्तुत कर समकालीन समाज से काट दिया गया। इस प्रकार यह संरक्षण और नियंत्रण दोनों का उदाहरण बनता है। सईद के विचारों को आगे बढ़ाने वाले उत्तर औपनिवेशिक विद्वानों में होमी के. भाभा, गायत्री चक्रवर्ती स्पिवाक, रोनाल्ड इंडन और पार्थ चटर्जी प्रमुख हैं। भाभा ने 'हाइब्रिडिटी', 'मिमिक्री' और 'थर्ड स्पेस' की अवधारणाओं के माध्यम से यह दिखाया कि औपनिवेशिक सत्ता स्थिर नहीं होती और उपनिवेशित समाज सांस्कृतिक स्तर पर उसे चुनौती देते हैं। स्पिवाक ने 'सबऑल्टर्न' की आवाज और प्रतिनिधित्व की राजनीति पर सवाल उठाए, यह रेखांकित करते हुए कि ज्ञान के नाम पर बोलना भी सत्ता का रूप हो सकता है।

रोनाल्ड इंडन ने 'इमेजिनिंग इंडिया' में भारत को स्थिर और रहस्यवादी दिखाने वाली औपनिवेशिक कल्पनाओं की आलोचना की और भारतीय समाज की ऐतिहासिक तथा बौद्धिक गतिशीलता पर जोर दिया। पार्थ चटर्जी ने राष्ट्रवाद और उपनिवेशी ज्ञान के संबंध को विश्लेषित करते हुए बताया कि भारतीय राष्ट्रवाद एक साथ प्रतिरोधी भी रहा और औपनिवेशिक श्रेणियों से सीमित भी। समकालीन संदर्भ में देखें तो वैश्विक कला बाजार, बिएनाले और म्यूजियम में ओरिएण्टलिज्मके नए रूप दिखाई देते हैं। भारतीय कला को 'एक्सॉटिक' या 'स्पिरिचुअल' लेबल में बांधना, लोक और आदिवासी कलाओं को 'अनाम' बनाकर प्रस्तुत करना तथा कलाकारों से पहचान की राजनीति की अपेक्षा करना। ऐसे में सईद का चिंतन आज भी प्रासंगिक बना हुआ है।

अंततः कहा जा सकता है कि ओरिएण्टलिज्म भारतीय कला-इतिहास के लिए एक शक्तिशाली आलोचनात्मक औजार है, किंतु इसे पूर्ण सत्य के रूप में नहीं, बल्कि विवेकपूर्ण विवेचना के साथ अपनाने की आवश्यकता है। औपनिवेशिक दौर में जहां भारतीय कला को हेय दृष्टि से देखा गया, वहीं कुछ विद्वानों ने उसे वैश्विक मंच पर प्रतिष्ठित भी किया। भारतीय कला-इतिहास का न्यायपूर्ण लेखन तभी संभव है, जब इन दोनों प्रवृत्तियों को साथ-साथ समझा जाए।

| बाजार | सेंसेक्स ↑ | निफ्टी ↑ |
| --- | --- | --- |
| बंद हुआ | 84,273.92 | 25,935.15 |
| बढ़त | 208.17 | 67.85 |
| प्रतिशत में | 0.25 | 0.26 |

सोना - 1,60,700 प्रति 10 ग्राम

चांदी- 2,64,500 प्रति किग्रा

अमृत विचार

कानपुर, बुधवार, 11 फरवरी 2026

www.amritvichar.com



## बिजीनेस ब्रीफ

### एलआईसी म्यूचुअल फंड : देश की पहली महिला केंद्रित शाखा खुली

**नई दिल्ली :** एलआईसी म्यूचुअल फंड ने दक्षिण दिल्ली में देश की पहली महिला-केंद्रित शाखा का शुभारंभ किया है। इस शाखा का प्रबंधन और संचालन पूरी तरह महिला कर्मचारियों द्वारा किया जाएगा। कंपनी के एमडी और सीईओ रवि कुमार झा के अनुसार, इस पहल का उद्देश्य निवेश के क्षेत्र में स्त्री-पुरुष अंतर को पाटना और महिलाओं को वित्तीय फैसलों के लिए सशक्त बनाना है। गौरतलब है कि दक्षिण दिल्ली एक बड़ा वित्तीय बाजार है, जिसका अनुमानित एयूएम 1.30 लाख करोड़ है। एलआईसी म्यूचुअल फंड का लक्ष्य इस शाखा के माध्यम से महिलाओं को एक सुरक्षित और सुलभ निवेश वातावरण प्रदान करना है।

### इकोफाई और एथर एनर्जी में समझौता

**नई दिल्ली :** हरित ऊर्जा क्षेत्र की एनबीएफसी इकोफाई ने इलेक्ट्रिक वाहन निर्माता एथर एनर्जी के साथ रणनीतिक साझेदारी की है। इस पहल के तहत इकोफाई एथर के ग्राहकों की वित्तीय जरूरतों के लिए 100 करोड़ रुपये की पूंजी लगाएगी। यह साझेदारी ग्राहकों को वाहन ऋण और 'बैटरी-एज-ए-सर्विस' जैसे विशेष हरित वित्तपोषण विकल्प प्रदान करेगी। इकोफाई की सीईओ राजश्री नांबियार ने कहा कि इस कदम से देश में इलेक्ट्रिक वाहनों की स्वीकार्यता बढ़ेगी। एथर एनर्जी के मुख्य व्यापार अधिकारी रवनीत फोकेला के अनुसार, इससे ग्राहकों के लिए लोन के विकल्प और अधिक सुलभ होंगे।

### बोनफिग्लियोली ट्रांसमिशन लाएगी 2,000 करोड़ का आईपीओ

**नई दिल्ली :** इटली के बोनफिग्लियोली समूह की भारतीय इकाई बोनफिग्लियोली ट्रांसमिशन ने आईपीओ के लिए बाजार नियामक सेबी (SEBI) के पास दस्तावेज जमा किए हैं। सूत्रों के अनुसार, कंपनी इस इश्यू के जरिए 2,000 करोड़ रुपये से अधिक जुटाने की तैयारी में है। यह आईपीओ पूरी तरह 'बिक्री पेशकश' पर आधारित होगा। इसके तहत प्रमोटर कंपनी 4.7 करोड़ शेयर बेचेगी और कोई भी नया शेयर जारी नहीं किया जाएगा। चूंकि यह ओएफएस है, इसलिए आईपीओ से मिलने वाली पूरी राशि शेयरधारकों के पास जाएगी। कंपनी मुख्य रूप से पावर ट्रांसमिशन और इंडस्ट्रियल ड्राइव समाधान क्षेत्र में काम करती है।

# अमेरिका-भारत अंतरिम व्यापार समझौते को अंतिम रूप देने की दिशा में काम करेंगे : व्हाइट हाउस

## दस्तावेज के अनुसार पिछले शुक्रवार को अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने भारत के साथ व्यापार समझौते की घोषणा की थी

**न्यूयॉर्क/वॉशिंगटन, एजेंसी**



अमेरिकी राष्ट्रपति के आधिकारिक आवास एवं कार्यालय व्हाइट हाउस ने कहा है कि आने वाले हफ्तों में अमेरिका और भारत व्यापार पर अंतरिम समझौते को अंतिम रूप देने की दिशा में काम करेंगे ताकि पारस्परिक रूप से लाभकारी द्विपक्षीय व्यापार समझौता (बीटीए) संपन्न किया जा सके। 'व्हाइट हाउस' ने एक दस्तावेज (फैक्ट शीट) में कहा कि दोनों देश सेवाओं एवं निवेश, श्रम तथा सरकारी खरीद सहित शेष मुद्दों को सुलझाने के लिए बातचीत जारी रखेंगे। भारत और अमेरिका के पारस्परिक एवं लाभकारी व्यापार से संबंधित अंतरिम समझौते के ढांचे की संयुक्त घोषणा के कुछ दिन बाद व्हाइट हाउस ने अमेरिका और भारत ने ऐतिहासिक व्यापार समझौते (अंतरिम समझौता) की घोषणा की।

फैक्ट शीट में समझौते की प्रमुख शर्तों को उल्लेख किया गया है। उसके अनुसार भारत सभी अमेरिकी औद्योगिक वस्तुओं एवं अमेरिकी खाद्य व कृषि उत्पादों की एक विस्तृत श्रृंखला पर शुल्क समाप्त करेगा या घटाएगा। इनमें ड्राइड डिस्टिलर्स ग्रेन्स, रेड सोरघम, ट्री नट्स, ताजे और प्रसंस्कृत फल, कुछ दालें, सोयाबीन तेल, वाइन और स्पिरिट्स सहित अन्य उत्पाद शामिल हैं। साथ ही भारत ने अधिक अमेरिकी उत्पाद खरीदने तथा ऊर्जा, सूचना एवं संचार प्रौद्योगिकी, कृषि, कोयला और अन्य क्षेत्रों में 500 अरब अमेरिकी डॉलर से अधिक के अमेरिकी उत्पाद खरीदने की प्रतिबद्धता जताई है। समृद्ध भविष्य की राह शीर्षक वाले खंड में कहा गया कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप, अमेरिकी जनता के हितों को आगे बढ़ाते हुए अमेरिकी निर्यातकों के लिए बाजार पहुंच बढ़ा रहे हैं। साथ ही आर्थिक एवं राष्ट्रीय सुरक्षा की रक्षा के लिए शुल्क एवं गैर-शुल्क बाधाओं को कम कर रहे हैं। इसमें कहा गया कि भारत ने दुनिया की किसी भी प्रमुख अर्थव्यवस्था की तुलना में अमेरिका पर सबसे अधिक शुल्क बनाए रखे हैं, जहां कृषि उत्पादों पर औसतन 37 प्रतिशत तक और कुछ वाहनों पर 100 प्रतिशत से अधिक शुल्क है। भारत का इतिहास अत्यधिक संरक्षणवादी गैर-शुल्क बाधाएं लगाने का भी रहा है जिनके कारण अमेरिका के कई निर्यात भारत में प्रतिबंधित रहे हैं।

दस्तावेज के अनुसार आने वाले हफ्तों में अमेरिका और भारत इस ढांचे को शीघ्र लागू करेंगे और अमेरिकी श्रमिकों तथा कारोबार के लिए लाभ सुनिश्चित करने के उद्देश्य से पारस्परिक रूप से लाभकारी बीटीए को अंतिम रूप देने की दिशा में अंतरिम समझौते पर काम करेंगे।

इसमें कहा गया कि भारत प्राथमिक क्षेत्रों में द्विपक्षीय व्यापार को प्रभावित करने वाली गैर-शुल्क बाधाओं को दूर करेगा। अमेरिका और भारत उत्पत्ति नियमों पर बातचीत करेंगे ताकि सहमत लाभ मुख्य रूप से दोनों देशों को ही मिलें। भारत अपने डिजिटल सेवा कर हटाएगा और मजबूत द्विपक्षीय डिजिटल व्यापार नियमों पर बातचीत करने के लिए प्रतिबद्ध है, जिनमें भेदभावपूर्ण या बोझिल प्रथाओं तथा डिजिटल व्यापार में अन्य बाधाओं से निपटा जाएगा। दस्तावेज के अनुसार पिछले शुक्रवार को अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने भारत के साथ व्यापार समझौते की घोषणा की थी, जिससे 1.4 अरब से अधिक आबादी वाले देश का बाजार अमेरिकी उत्पादों के लिए खुलेगा।

### अमेरिका ने बांग्लादेश पर शुल्क घटाकर 19 प्रतिशत किया

**ढाका।** बांग्लादेश ने अमेरिका के साथ एक व्यापार समझौता किया है जिसके तहत उस पर लगने वाला शुल्क घटाकर 19 प्रतिशत कर दिया गया है। इसके तहत अमेरिकी सामग्री से निर्मित कुछ वस्त्र एवं परिधान उत्पादों को छूट भी मिलेगी। अंतरिम सरकार के प्रमुख मोहम्मद यूनुस ने यह जानकारी दी। यूनुस ने एक्स पर सोमवार को जानकारी दी कि अमेरिका ने अमेरिका में उत्पादित कपास एवं मानव निर्मित फाइबर से बने बांग्लादेश से आने वाले कुछ वस्त्र एवं परिधान उत्पादों को अमेरिकी बाजार में शून्य शुल्क पर जगह देने के लिए एक तंत्र स्थापित करने की प्रतिबद्धता जताई है। अमेरिका समर्थक रुख के लिए पहचाने जाने वाले यूनुस ने कहा कि यह समझौता पिछले साल अप्रैल से नौ महीने की बातचीत के बाद हुआ है। अमेरिकी वित्त विभाग या अमेरिकी प्रशासन के किसी कार्यालय की ओर से हालांकि इसपर तत्काल कोई टिप्पणी नहीं आई।

### अमेरिका के साथ व्यापार समझौते से भारत की अर्थव्यवस्था में तेजी आएगी : मांडविया



**इंदौर।** केंद्रीय श्रम एवं रोजगार मंत्री मनसुख मांडविया ने मंगलवार को कहा कि भारत-अमेरिका व्यापार समझौते के अमल में आने पर भारत की अर्थव्यवस्था में तेजी आएगी और भारतीय उद्यमियों व निर्यातकों को दोगुना फायदा होगा। मांडविया ने संवाददाताओं से कहा कि व्यापार समझौते पर दोनों देशों के बीच सहमति बनने से पहले अमेरिका ने भारतीय सामान पर ऊंचा शुल्क लगा दिया था, भारत का निर्यात बढ़ा क्योंकि निर्यातकों ने इसको अवसर के रूप में इस्तेमाल करते हुए नये बाजार ढूंढ लिए। मांडविया ने कहा कि समझौते से भारत के उद्यमियों और निर्यातकों को फायदा होगा, क्योंकि अब उनके पास अमेरिका के साथ ही नये बाजार भी हैं। उन्होंने यूरोपीय संघ और अमेरिका के साथ भारत के समझौतों पर कहा कि इन समझौतों में विदेशों में काम करने वाले भारतीयों की सामाजिक सुरक्षा को शामिल किया जा रहा है, जबकि पिछली सरकारों में ऐसा नहीं किया जाता था।

## आर्बिट्रेज का खेल : ट्रेप व एसडीएफ दरों के अंतर से बैंक कमा रहे 0.70% मुनाफा

**मुंबई, एजेंसी,** देश के बैंकिंग सेक्टर में इन दिनों 'आर्बिट्रेज' (दरों के अंतर से लाभ) के जरिए कमाई का दिलचस्प रुझान दिख रहा है। नकदी के मामले में मजबूत स्थिति वाले बैंक ट्राई-पार्टी रेपो (ट्रेप) बाजार से कम ब्याज दर पर फंड जुटा रहे हैं और उसे अधिक रिटर्न के लिए आरबीआई की स्थायी जमा सुविधा (SDF) के तहत जमा कर रहे हैं। बाजार जानकारों के अनुसार, इस रणनीति से बैंक 0.70 प्रतिशत तक का मुनाफा कमा रहे हैं।

- म्यूचुअल फंड से कम दर पर पैसा जुटाकर आरबीआई के पास जमा कर रहे हैं बैंक

आरबीआई के आंकड़ों के अनुसार, ट्रेप और एसडीएफ दरों के बीच का अंतर हाल के दिनों में काफी बढ़ा है। यह फासला 30 जनवरी के 0.33% से बढ़कर 4 फरवरी को 0.76% तक पहुंच गया था। सोमवार को भी यह अंतर 0.63% दर्ज किया गया। दरों के बीच बढ़ते इस गैप ने अतिरिक्त नकदी वाले बैंकों के लिए इस शॉर्ट-टर्म रणनीति को बेहद आकर्षक बना दिया है।

**कैसे काम करता है यह चक्र?**

ट्रेप बाजार में दरें नकदी की मांग और आपूर्ति के आधार पर बदलती हैं, जहाँ म्यूचुअल फंड कंपनियां अक्सर कर्ज देने में सक्रिय रहती हैं। दूसरी ओर, आरबीआई की एसडीएफ दरें स्थिर होती हैं। बैंक ट्रेप बाजार से सस्ती दर पर नकदी उठाते हैं और इसे जोखिम मुक्त सरकारी सुविधा (SDF) में डालकर ब्याज के अंतर का लाभ उठा रहे हैं।

## इक्विटी एमएफ निवेश 14% घटकर 24,028 करोड़ रहा

**नई दिल्ली, एजेंसी**

- अनिश्चितता के बीच निवेशकों का रुख सतर्क, गोल्ड ईटीएफ और डेट फंड्स में बढ़ी चमक

देश के म्यूचुअल फंड उद्योग में इक्विटी निवेश की रफ्तार धीमी पड़ी है। उद्योग निकाय एम्फी द्वारा मंगलवार को जारी आंकड़ों के अनुसार, इक्विटी म्यूचुअल फंड योजनाओं में शुद्ध निवेश जनवरी में 14 प्रतिशत घटकर 24,028 करोड़ रुपये रह गया। यह लगातार दूसरा महीना है जब इक्विटी निवेश में गिरावट दर्ज की गई है।

विशेषज्ञों के अनुसार, कमजोर बाजार स्थितियों और वैश्विक भू-राजनीतिक तनाव के कारण निवेशक सतर्क नजर आ रहे हैं। इससे पहले दिसंबर में निवेश 28,054 करोड़ रुपये और नवंबर में 29,911 करोड़ रुपये था। हालांकि, यह गिरावट के बावजूद अक्टूबर (24,690 करोड़) के स्तर के करीब बना हुआ है। इक्विटी श्रेणियों में 'फ्लेक्सी-कैप' फंड्स निवेशकों की पहली पसंद रहे, जिनमें 7,672 करोड़ का निवेश आया। इसके बाद मिड-कैप (3,185 करोड़) और स्मॉल-कैप (2,942 करोड़) का स्थान रहा। वहीं, टैक्स सेविंग स्कीम यानी ईएलएसएस (ELSS) से 593.69 करोड़ की निकासी हुई, जो निवेशकों द्वारा मुनाफावसूली का संकेत है।

## आयकर छापेमारी : अग्रिम नोटिस से साक्ष्य मिटने का खतरा, सुप्रीम कोर्ट ने जताई चिंता

**नई दिल्ली, एजेंसी**

- डिजिटल रिकॉर्ड के मामले में जांच को विफल करने का सबसे आसान तरीका डिवाइस को नष्ट करना



उच्चतम न्यायालय ने मंगलवार को डिजिटल युग में जांच एजेंसियों के सामने आने वाली व्यावहारिक चुनौतियों पर महत्वपूर्ण टिप्पणी की। कोर्ट ने स्पष्ट किया कि तलाशी और जब्ती से पहले अग्रिम नोटिस देना, जांच शुरू होने से पहले ही उसे निष्प्रभावी बना सकता है।

आयकर अधिनियम की धारा 132 की वैधता को चुनौती देने वाली एक जनहित याचिका पर सुनवाई के दौरान न्यायमूर्ति जोयमाल्य बागची ने कहा कि यदि छापेमारी के लिए पहले से नोटिस दिया गया, तो साक्ष्य नष्ट होने की पूरी संभावना रहती है। डिजिटल रिकॉर्ड के मामले में जांच को विफल करने का सबसे आसान तरीका संबंधित उपकरण (डिवाइस) को नष्ट कर देना है।

मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत, न्यायमूर्ति बागची और न्यायमूर्ति एन.वी. अंजारिया की पीठ याचिकाकर्ता विश्वप्रसाद अल्वा की दलीलों पर सुनवाई कर रही थी। याचिकाकर्ता की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता संजय हेगड़े ने तर्क दिया कि धारा 132 अधिकारियों को असीमित शक्तियां देती है, जिससे न केवल कर चोरी करने वाले बल्कि तीसरे पक्ष के उत्पीड़न की भी आशंका रहती है।

### क्या है धारा 132?

यह प्रावधान आयकर अधिकारियों को तब तलाशी और जब्ती का अधिकार देता है, जब उनके पास यह मानने का पुख्ता आधार हो कि किसी व्यक्ति ने आय या संपत्ति छिपाई है। शीर्ष अदालत ने मामले पर विचार के लिए अगली सुनवाई दो सप्ताह बाद तय की है।

## बजाज ऑटो ने चैंपियन बेटियों को दिया तोहफा

- वीमेंस टी20 लीग की चैंपियन रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर की खिलाड़ियों को मिलेगी चेतक सी25 स्कूटर

**पुणे।** बजाज ऑटो ने वीमेंस टी20 लीग की चैंपियन रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर की हर खिलाड़ी को नई चेतक सी25 स्कूटर भेंट करने की घोषणा की है। बजाज ऑटो का कहना है कि टीम ने जिस आत्मविश्वास, धैर्य और निरंतरता के साथ मैदान में प्रदर्शन किया, वही गुण चेतक ब्रांड की विरासत से मेल खाते हैं। ऐसे में हर खिलाड़ी को सी25 देना उस साझा सोच का प्रतीक है, जिसमें भरोसा, मजबूती और आगे बढ़ने की महत्वाकांक्षा शामिल है।

कंपनी के मुताबिक चेतक सी25 को तेज़ रफ्तार शहरी जीवन के अनुरूप तैयार किया गया है। बजाज ऑटो लिमिटेड के प्रेसिडेंट (मार्केटिंग) सुमीत नारंग ने टीम को बधाई देते हुए कहा कि 2026 की यह ऐतिहासिक जीत खेल के प्रति समर्पण और आत्मविश्वास की मिसाल है। उन्होंने कहा कि बेंगलुरु के आधुनिक शहरी परिवेश और नई पीढ़ी की आकांक्षाओं को ध्यान में रखकर तैयार सी25, कंपनी की भरोसेमंद विरासत को आगे बढ़ाती है। टीम प्रबंधन ने भी इस पहल को विशेष बताया है। फ्रेंचाइज़ी के सीओओ राजेश मेनन ने कहा कि पूरे सीजन चेतक की भागीदारी ने मैदान के भीतर प्रदर्शन और मैदान के बाहर फैंस से जुड़ाव दोनों को मजबूत किया।



# केंद्रीय बजट 2047 तक विकसित भारत

## यात्रा में निर्णायक मील का पत्थर लोस में चर्चा के दौरान भाजपा ने कहा- वैश्विक निवेशकों के लिए भारत भरोसेमंद केंद्र

**नई दिल्ली, एजेंसी**



- कांग्रेस सांसद ने कहा- पिंग पोंग खेल रहे हैं जयशंकर और गोयल

भाजपा की सांसद अपराजिता सारंगी ने केंद्रीय बजट को ऐतिहासिक और 2047 तक विकसित भारत बनाने की यात्रा में निर्णायक मील का पत्थर बताते हुए कहा कि देश वैश्विक निवेशकों के लिए भरोसेमंद गंतव्य की तरह उभर रहा है। भाजपा सांसद ने लोकसभा में केंद्रीय बजट पर चर्चा में भाग लेते हुए कहा, यह बजट सरकार की प्रतिबद्धता, संकल्प और निरंतरता को दर्शाता है तथा जन केंद्रित और समावेशी प्रकृति का है।

सारंगी ने कहा, सरकार का लक्ष्य 2047 तक विकसित भारत बनाना है और यह बजट निश्वित रूप से इस लक्ष्य की यात्रा की ओर बहुत मजबूत कदम है। यह बजट ऐसे समय में आया है जब भारत विकास यात्रा पर तेजी से बढ़ रहा है और दुनिया भी इसे मानती है। उन्होंने कहा कि आज देश में विदेशी मुद्रा भंडार का स्तर उच्च बना हुआ है। भाजपा सांसद ने कहा कि दिसंबर 2025 में मुद्रास्फीति 1.7 प्रतिशत दर्ज की गई जबकि 2011 से 2014 (संप्रग सरकार) के बीच औसत मुद्रास्फीति 9.8 प्रतिशत थी। बेरोजगारी की दर हर दिन घट रही है और आज यह 4.8 प्रतिशत है।

सारंगी ने इसे सरकार के अनुशासित वित्तीय प्रबंधन, संरचनात्मक सुधारों और स्पष्ट नीति का प्रमाण बताते हुए कहा कि बजट से स्पष्ट है कि सरकार ने दीर्घकालिक विकास का मार्ग चुना है और अवसंरचना, संस्थानों एवं औद्योगिक क्षमता निर्माण में सतत निवेश को अपनाया है। 2014 में जहां सार्वजनिक पूंजी व्यय दो लाख करोड़ था, जो बढ़कर 2025-26 में 11.2 लाख करोड़ पहुंच गया है।

### व्यापार समझौता पारस्परिकता के सिद्धांत के विपरीत: थरूर



कांग्रेस सांसद शशि थरूर ने कहा कि भारत-अमेरिका व्यापार समझौता पहले से तय खरीद समझौते की तरह अधिक प्रतीत होता है जो पारस्परिकता के सिद्धांत के विपरीत है। उन्होंने केंद्रीय मंत्री एस. जयशंकर और पीयूष गोयल पर पिंग पोंग खेलने का आरोप लगाया। लोकसभा में बजट पर चर्चा की शुरूआत करते हुए थरूर ने कहा कि सरकार का यह दावा कि भारत ने चीन, वियतनाम या अन्य एशियाई अर्थव्यवस्थाओं की तुलना में बेहतर सौदा हासिल किया है, ठीक नहीं है। किसी भी पूर्वी एशियाई अर्थव्यवस्था ने गारंटीकृत खरीद प्रतिबद्धताओं से अमेरिका के साथ अपने व्यापार सरप्लस को जानबूझकर कम करने पर सहमति नहीं जताई है। थरूर ने कहा, वाणिज्य और उद्योग मंत्री तथा विदेश मंत्री दोनों ने इनके पैमाने, समयसीमा या वित्तीय प्रभावों के बारे में स्पष्ट जवाब नहीं दिया।

### ये डील नहीं ढील, अब स्वदेशी जैसे शब्द न बोले भाजपा : अखिलेश



सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने दावा किया कि अमेरिका के साथ डील नहीं, ढील हुई है तथा जब इसी तरह का व्यापार समझौता करना था तो फिर 11 महीने इंतजार क्यों करवाया गया। अखिलेश ने लोकसभा में यह कटाक्ष भी किया कि भाजपा को अब स्वदेशी और आत्मनिर्भरता जैसे शब्द बोलना छोड़ देना चाहिए। बजट आने से पहले और बाद में भी अमेरिका के साथ समझौते पर बात हो रही थी। अखिलेश ने कहा कि जब सब कुछ विदेश से आएगा तो देश के किसान क्या उगाएंगे। यह बजट दिशाहीन है और कोई दृष्टिकोण नहीं है कि 2047 तक भारत कैसे विकसित बनेगा।

## बाबा सिद्दीकी हत्याकांड में 27 पर आरोप तय

**मुंबई।** मुंबई की एक विशेष अदालत ने मंगलवार को महाराष्ट्र के पूर्व मंत्री और राकांपा नेता बाबा सिद्दीकी की 2024 में हुई हत्या के मामले में 27 आरोपियों के खिलाफ मकोका और बीएनएस के तहत आरोप तय किए। इन आरोपियों ने खुद को बेगुनाह बताया है।

विशेष न्यायाधीश सत्यनारायण आर नवंदर ने भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की हत्या, मकोका, शस्त्र अधिनियम और महाराष्ट्र पुलिस अधिनियम की संबंधित धाराओं के तहत आरोप तय किए। भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (बीएनएसएस) के तहत आपराधिक सुनवाई में आरोप तय करना पहला चरण होता है, जहां अदालत सबूतों के आधार पर आरोपों को औपचारिक रूप देती है। सिद्दीकी (66) की 12 अक्टूबर, 2024 की रात को मुंबई के बांद्रा (पूर्व) इलाके में उनके बेटे जीशान के कार्यालय के बाहर तीन हमलावरों ने गोली मारकर हत्या कर दी थी। इस मामले में गिरफ्तार किए गए 27 लोगों के खिलाफ आरोप पत्र दायर किया गया है।

## भाजपा की महिला सांसदों ने की विपक्ष पर कार्रवाई की मांग

**नई दिल्ली, एजेंसी**

- चार फरवरी के हंगामे पर लोकसभा अध्यक्ष को लिखा पत्र

भाजपा की महिला सांसदों ने लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला से सदन में चार फरवरी को हुए हंगामे को लेकर विपक्षी सांसदों के खिलाफ नियमों के तहत कड़ी से कड़ी कार्रवाई करने का आग्रह किया है। इन महिला सांसदों का कहना है कि चार फरवरी को कुछ विपक्षी सदस्य सत्ता पक्ष की बेंचों की ओर गए, मेज पर चढ़े और प्रधानमंत्री की सीट पर कब्जा कर घोर अपराध किया था।

भाजपा की महिला सांसदों ने कहा कि लोकसभा परिसर में चार फरवरी को घटनाक्रम ने चिंताजनक मोड़ ले लिया था और हालात गंभीर व अप्रिय परिणामों की ओर जा सकते थे। उन्होंने कहा कि यह भारत के संसदीय लोकतंत्र के इतिहास के सबसे काले क्षणों में से एक बन सकता था। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी चार फरवरी को विपक्ष के हंगामे के कारण संसद में राष्ट्रपति के अभिभाषण पर लाए गए धन्यवाद प्रस्ताव पर हुई चर्चा का जवाब नहीं दे सके थे।

अपने पत्र में भाजपा की महिला सांसदों ने कहा कि लोकसभा अध्यक्ष ने चार फरवरी को धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा के दौरान जिस तरह सदन की गरिमा, मर्यादा और पवित्रता बनाए रखी, उसके लिए वे लोकसभा अध्यक्ष का आभार व्यक्त करना और उनकी सराहना दर्ज कराना चाहती हैं। पत्र में कहा गया कि उस दिन पूरे सदन और देश ने लोकसभा कक्ष के भीतर सबसे दुर्भाग्यपूर्ण और खेदजनक घटनाओं में से एक को देखा। सांसदों ने कहा, हमने देखा कि विपक्षी दलों के सदस्य न केवल सदन में आसन के करीब आए, बल्कि वे मेज पर चढ़ गए, कागजात फाड़े और उन्हें आसन की ओर फेंका।

## नरवणे ने 2023 में साझा किया था अपनी किताब का लिंक : राहुल

**नई दिल्ली, एजेंसी**



- कांग्रेस नेता ने कहा- पूर्व सेना प्रमुख पर उन्हें पूरा भरोसा

लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने मंगलवार को कहा कि पूर्व सेना प्रमुख जनरल एम एम नरवणे की पुस्तक को लेकर एक प्रकाशक ने इसके प्रकाशित नहीं होने की बात की है, लेकिन खुद नरवणे ने 2023 में एक टवीट् करके अपनी पुस्तक को खरीदने की अपील करते हुए एक लिंक साझा किया था। राहुल ने संसद परिसर में संवाददाताओं से कहा कि उन्हें नरवणे की बात पर भरोसा है तथा उनकी किताब में कुछ ऐसी बाते हैं जो सरकार तथा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को असहज कर सकती हैं।

दिल्ली पुलिस ने नरवणे की अप्रकाशित पुस्तक के सोशल मीडिया पर प्रसारित होने के मामले में प्राथमिकी दर्ज की है। उसने सोमवार को एक बयान में कहा था, दिल्ली पुलिस ने सोशल मीडिया मंच और ऑनलाइन समाचार मंचों पर प्रसारित हो रही उन सूचनाओं का संज्ञान लिया है जिनमें दावा किया गया है कि ''फोर स्टार्स ऑफ डेस्टिनी'' नामक पुस्तक की एक प्रति सक्षम अधिकारियों से अनिवार्य मंजूरी के बिना प्रसारित की जा रही है।

## निकाय चुनाव के भाजपा प्रत्याशी ने की खुदकुशी

**हैदराबाद।** तेलंगाना के नारायणपेट जिले में नगर निकाय का चुनाव लड़ रहे भाजपा के एक प्रत्याशी ने मंगलवार को आत्महत्या कर ली। पुलिस ने बताया कि पार्षद पद के लिए चुनाव लड़ रहे महादेवप्पा (45) ने मक्तल स्थित अपने घर में सुबह करीब साढ़े चार बजे फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली।

एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने कहा कि फिलहाल, उन्हें उकसाने का कोई प्रथम दृष्टया सबूत नहीं मिला है, लेकिन पुलिस सभी पहलुओं से इस मामले की जांच कर रही है। अधिकारी ने बताया कि मृतक के परिवार के सदस्यों की ओर से कोई विशिष्ट आरोप नहीं लगाया गया है।

## मोदी की डिग्री मामले में डीयू को सुप्रीम कोर्ट से मिला समय

**नई दिल्ली, एजेंसी**

- आदेश को चुनौती देने में देरी पर की जानी है आपत्ति दाखिल

दिल्ली उच्च न्यायालय ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की स्नातक डिग्री के विवरण को सार्वजनिक किए जाने से इन्कार करने वाले आदेश के खिलाफ अपील दायर करने में देरी पर आपत्ति दाखिल करने के लिए दिल्ली विश्वविद्यालय (डीयू) को मंगलवार को तीन हफ्ते का समय दिया। डीयू की ओर से पेश अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने दलील दी कि मामले में कोई दम नहीं है और इसका मकसद केवल सनसनी फैलाना है।

उन्होंने एकल पीठ के अगस्त 2025 के आदेश को चुनौती देने वाली अपील दाखिल करने में हुई देरी के साथ-साथ मामले के गुण-दोष के पहलू पर जवाब दाखिल करने के लिए समय मांगा। मुख्य न्यायाशीश डीके उपाध्याय और न्यायमूर्ति तेजस करिया की पीठ ने कहा, जैसा कि आग्रह किया गया है, देरी के लिए माफी के अनुरोध वाले आवेदन पर आपत्ति दाखिल करने के लिए तीन हफ्ते का समय दिया जाता है। इसी के साथ पीठ ने मामले की अगली सुनवाई 27 अप्रैल के लिए निर्धारित कर दी।

## ईडी ने तिरुपति लड्डू में मिलावट में धनशोधन का प्रकरण किया दर्ज

**अमरावती/नई दिल्ली, एजेंसी**

- देवस्थानम के नौ अधिकारियों व 5 डेयरी विशेषज्ञों समेत 36 लोग आरोपी

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने आंध्र प्रदेश के तिरुपति स्थित प्रसिद्ध तिरुमला मंदिर में ''लड्डु प्रसादम'' बनाने के लिए कथित रूप से मिलावटी घी के इस्तेमाल से जुड़े मामले की जांच के लिए धन शोधन का प्रकरण दर्ज किया है।

अधिकारियों ने बताया कि संघीय जांच एजेंसी ने कुछ समय पहले आरोपी द्वारा कथित रूप से अर्जित अपराध की आय या अवैध धन की जांच के लिए धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के तहत मामला दर्ज किया था। अधिकारियों ने बताया कि ईडी सीबीआई के नेतृत्व वाली विशेष जांच टीम (एसआईटी) द्वारा दर्ज प्राथमिकी, दस्तावेजों और हाल में दायर आरोपपत्र को देख रही है। एसआईटी ने इस मामले में तिरुमला तिरुपति देवस्थानम (टीटीडी) के नौ अधिकारियों और पांच डेयरी विशेषज्ञों सहित 36 लोगों को आरोपी बनाया है। एसआईटी की जांच के निष्कर्षों के अनुसार, श्री वेंकटेश्वर स्वामी मंदिर निकाय को घी के रूप में बेची गई मूल सामग्री रासायनिक रूप से संसाधित पामोलिन तेल और अन्य अवयवों से बनी थी।



> अनुभव और संयम से द. अफ्रीका को पहला टी20 विश्व कप जीतने में मदद मिल सकती है। अनुभव के साथ धैर्य बहुत अहम है। टीम में कुछ युवा खिलाड़ी हैं। मेरी कोशिश है कि वे खुद को जितना हो सके उतना सहज महसूस करें।
> **डेविड मिलर, दक्षिण अफ्रीका**

# स्टेडियम

कानपुर नगर, बुधवार, 11 फरवरी 2026

अमृत विचार
www.amritvichar.com

## आज के मैच

| टीम | समय |
|---|---|
| द. अफ्रीका-अफगानिस्तान | पूर्वाह्न 11 बजे |
| आयरलैंड-ऑस्ट्रेलिया | दोपहर 3 बजे |
| वेस्टइंडीज-इंग्लैंड | शाम 7 बजे |

## हाईलाइट

### मैदान पर संदेश पहुंचाने में क्रिकेट पीछे : बटलर

**मुंबई।** इंग्लैंड के सीनियर बल्लेबाज जोस बटलर ने कहा कि मैदान पर खिलाड़ियों तक संदेश पहुंचाने के मामले में क्रिकेट अन्य खेलों की तुलना में पीछे है। इंग्लैंड के मुख्य कोच ब्रैंडन मैकुलम को नेपाल के खिलाफ टी20 विश्व कप के दौरान ड्रिंक्स ब्रेक में इंग्लैंड के कप्तान हैरी ब्रूक से वॉकी-टॉकी से बात करते हुए देखा गया। अन्य खेलों में जैसे फॉर्मूला वन में रेस इंजीनियर रेडियो से रियल-टाइम में ड्राइवरों को रणनीति, इंजन सेटिंग, टायर प्रबंधन और सुरक्षा से जुड़ी जानकारी देते हैं। फुटबॉल में भी मैनेजर साइडलाइन से खिलाड़ियों से संवाद कर सकते हैं।

### द. अफ्रीका में मेरे अनुभव से होगा फायदा : राशिद

**अहमदाबाद।** अफगानिस्तान के कप्तान राशिद खान ने कहा कि दक्षिण अफ्रीका की टी20 लीग एसए20 में खेलने के अनुभव से उन्हें वहां के खिलाड़ियों को अच्छी तरह समझने का मौका मिला है। उनकी इस जानकारी का टीम के युवा खिलाड़ियों को फायदा होगा। राशिद चार सत्र से एसए20 खेल रहे हैं। वह आईसीसी के इस बड़े टूर्नामेंट से पहले दक्षिण अफ्रीका में एक महीना बिताकर आ रहे हैं। उन्होंने एसए20 में एमआई केपटाउन का प्रतिनिधित्व किया था। दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ मैच से पहले राशिद ने कहा कि इस तरह का अनुभव टीम के साथ जानकारी साझा करने में मदद करता है।

# फरहान के अर्धशतक और स्पिन गेंदबाजी से पाकिस्तान ने अमेरिका को 32 रन से हराया

## आईसीसी टी20 विश्व कप ग्रुप ए मैच : अमेरिका के शुभम रंजने का पचासा नहीं आ सका काम

**कोलंबो, एजेंसी**

पाकिस्तान ने सलामी बल्लेबाज साहिबजादा फरहान (73 रन) के अर्धशतक और स्पिनरों के प्रदर्शन से मंगलवार को अमेरिका को आईसीसी टी20 विश्व कप ग्रुप ए मैच में 32 रन से शिकस्त दी। फरहान की 41 गेंदों की पारी की बदौलत पाकिस्तान ने नौ विकेट पर 190 रन का मजबूत स्कोर खड़ा किया। फिर उस्मान तारिक (तीन विकेट), मोहम्मद नवाज (एक विकेट), शादाब खान (दो विकेट) और अबरार अहमद (एक विकेट) की स्पिन चौकड़ी ने अमेरिका को 20 ओवर में 8 विकेट पर 158 रन ही बनाने दिए। टूर्नामेंट में ये पाकिस्तान की लगातार दूसरी जीत थी जिससे अब टीम चार अंक लेकर ग्रुप में शीर्ष पर है। अमेरिका के शुभम रंजने (51 रन,) ने अर्धशतक जड़ा लेकिन यह टीम के काम नहीं आ सका।

सलामी बल्लेबाज श्यान जहांगीर (49 रन) और एंड्रीस गौस (13 रन) ने अमेरिका को अच्छी शुरूआत दी। इससे पांचवें ओवर में टीम का स्कोर 42 रन था लेकिन स्पिनरों के आने से मैच का रुख बदल गया। नवाज की गेंद पर गौस डीप में सलमान आगा के हाथों कैच हुए। पिछले टी20 विश्व कप में पाकिस्तान को हराने वाली अमेरिका की टीम ने पावरप्ले खत्म होने तक एक विकेट पर 50 रन बना लिए थे। लेकिन उसके बाद स्पिनरों के आने से उनके लिए सब कुछ मुश्किल हो गया। अमेरिका के 8 में से 7 विकेट स्पिन गेंदबाजों के नाम रहे। अमेरिकी टीम ने कप्तान मोनंक पटेल के विकेट गंवाने के साथ अगले चार ओवर में सिर्फ 18 रन जोड़े। जहांगीर भी जल्द आउट हो गए। रंजने और मिलिंद (23) ने चौथे विकेट के लिए 66 रन जोड़े लेकिन जरूरी रन-रेट इतना अधिक था कि कुछ तेज हिट लगाने के बाद भी उसे पूरा नहीं किया जा सका। इससे पहले फरहान के अलावा पाकिस्तान के लिए केवल तीन और बल्लेबाज दोहरे अंक तक पहुंच सके, जिसमें बाबर आजम ने 46 रन और शादाब खान ने 30 रन का योगदान दिया। सईम अयूब ने 19 रन बनाए। पाकिस्तान ने अंतिम दो ओवर में पांच विकेट गंवाए।



मैच जीतने के बाद जश्न मनाते पाकिस्तानी खिलाड़ी।

अमेरिका के लिए तेज गेंदबाज शैडली वान शाल्कविक सबसे सफल गेंदबाज रहे जिन्होंने चार ओवर में 25 रन देकर चार विकेट झटके। शाल्कविक ने भारत के खिलाफ टूर्नामेंट के अपने शुरुआती मैच में भी अपनी गेंदबाजी से प्रभावित किया था। बाबर (32 गेंद) और फरहान (41 गेंद) ने तीसरे विकेट के लिए 81 रन जोड़े जिससे पाकिस्तान ने पावरप्ले में दो विकेट पर 56 रन के स्कोर से अच्छी वापसी की। बल्लेबाजी का न्योता मिलने के बाद पाकिस्तान ने पांच ओवर में बिना किसी नुकसान के 54 रन बना लिए थे। लेकिन शाल्कविक ने छठे ओवर में पांच गेंद के अंदर अयूब और कप्तान सलमान आगा (01) दोनों को आउट करके पाकिस्तान की रन गति पर लगाम लगा दी। फरहान इच्छानुसार गेंदबाजों पर छक्के जड़ रहे थे। उन्होंने स्पिनर मिलिंद पर जबरदस्त छक्का लगाया। फरहान की फॉर्म ने बाबर को क्रीज पर जमने और सिंहली स्पोर्ट्स क्लब में पहली बार दूधिया रोशनी पर खेलने जाने पहले मैच में अपने शॉट्स खेलने का मौका दिया। बाबर ने अपना पहला छक्का लगाने में 20 गेंदें खेलीं। लेकिन एक बार लय हासिल करने के बाद अच्छी फॉर्म में दिखे।

उन्होंने क्रॉस-बैटेड शॉट्स का इस्तेमाल करके कुछ बाउंड्री लगाईं। बाबर ने 12वें ओवर में बाएं हाथ के स्पिनर हरमीत सिंह पर एक छक्का और दो चौके मारे जिससे पाकिस्तान का रन-रेट धीरे-धीरे 10 रन प्रति ओवर तक पहुंच गया। इस बीच फरहान ने 27 गेंद में अपना नौंवा टी20 अर्धशतक जड़ा और यह आईसीसी टूर्नामेंट में उनका पहला पचासा था। लेकिन बाबर की पारी ऑफ स्पिनर मोहम्मद मोहसिन की गेंद पर समापत हुई और मिलिंद ने डाइव करते हुए उनका कैच लपका।

फिर फरहान भी ज्यादा देर तक नहीं टिक पाए और हरमीत की गेंद पर आउट हो गए। संजय कृष्णमूर्ति ने लांग ऑफ के पास भागते हुए उनका कैच लपका। लेकिन ऑलराउंडर शादाब ने 12 गेंद में 30 रन जोड़कर स्कोर में योगदान दिया। उन्होंने कुछ जबरदस्त शॉट खेले। पर टीम ने अंतिम दो ओवर में पांच विकेट गंवा दिए।

# न्यूजीलैंड ने यूएई को 10 विकेट से रौंदा



रन के लिए दौड़ते न्यूजीलैंड के फिन एलन और टिम साइफर्ट।

**चेन्नई, एजेंसी**

- **लगातार दूसरी जीत में साइफर्ट और एलन की रिकॉर्ड साझेदारी**

टिम साइफर्ट (नाबाद 89) और फिन एलन (नाबाद 84) की आक्रामक पारियों और पहले विकेट के लिए 175 रनों की रिकॉर्ड साझेदारी से न्यूजीलैंड ने टी20 विश्व कप मैच में मंगलवार को 28 गेंद शेष रहते संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) को 10 विकेट से हराकर लगातार दूसरी जीत दर्ज की।

यूएई को 6 विकेट पर 173 रन पर रोकने के बाद न्यूजीलैंड ने महज 15.2 ओवर में बिना किसी नुकसान के 175 रन बनाकर एकतरफा जीत दर्ज की। न्यूजीलैंड ने इससे पहले अफगानिस्तान को हराया था। प्लेयर ऑफ द मैच सिफर्ट ने 42 गेंदों की नाबाद पारी में 12 चौके और तीन छक्के लगाये। एलन ने 50 गेंदों की नाबाद पारी में पांच छक्के और इतने ही चौके लगाये, इसके साथ उन्होंने टी20 अंतर्राष्ट्रीय में 100 छक्के पूरे किए।

कप्तान मोहम्मद वसीम (नाबाद 66) और अलीशाह शराफू (55) की अर्धशतकीय पारियों और दोनों के बीच दूसरे विकेट के लिए 107 रन की साझेदारी से यूएई ने छह विकेट पर 173 रन बनाये। सलामी बल्लेबाज वसीम में 45 गेंद की पारी में चार चौके और तीन छक्के मारे जबकि शराफू ने 47 गेंद में पांच चौके और दो छक्के जड़े। मयंक ने आखिरी ओवरों में 13 गेंद में दो चौके और एक छक्का की मदद से 21 रन बनाकर टीम को इस प्रारूप के विश्व कप में अपने सबसे बड़े स्कोर तक पहुंचाया। न्यूजीलैंड के लिए मैट हेनरी ने आखिर ओवर में दो विकेट लिए जबकि जैकब डफी, लॉकी फर्ग्यूसन, मिचेल सैंटनर और ग्लेन फिलिप्स को एक-एक सफलता मिली। लक्ष्य का पीछा करते हुए एलन ने मैच के दूसरे ओवर में मोहम्मद रोहिद के खिलाफ चौके से हाथ खोला तो वहीं सिफर्ट ने इस ओवर को दो चौके से खत्म किया।

# अभिषेक अस्वस्थ, बुमराह ने किया अभ्यास

**नई दिल्ली, एजेंसी**



- **वॉशिंगटन सुंदर का टीम से जुड़ना राहत की बात**

भारत के सलामी बल्लेबाज अभिषेक शर्मा पेट की समस्या से उबर रहे हैं और इसी वजह से उन्होंने नामीबिया के खिलाफ गुरुवार को खेले जाने वाले मैच से पहले टीम के अभ्यास सत्र में भाग नहीं लिया। उनकी उपलब्धता पर संकट के बादल है तो वहीं वॉशिंगटन सुंदर का टीम से जुड़ना राहत की बात है।

भारतीय टीम के सहायक कोच रेयान टेन डोएशे ने अभ्यास सत्र के दौरान मंगलवार को कहा कि वॉशिंगटन सुंदर कल टीम से जुड़ गए और आज अभ्यास करेंगे। अभिषेक को अभी पेट की परेशानी है, लेकिन उम्मीद है कि कुछ दिनों में वह मैच के लिए उपलब्ध हो जाएंगे। इस बीच जसप्रीत बुमराह को लेकर राहत भरी खबर मिली। वह पूरी तरह फिट नजर आए। उन्होंने शुरुआत में हल्की दौड़ लगाई और फिर स्पाइक्स (क्रिकेट के विशेष जूते) बदलने के बाद कप्तान सूर्यकुमार यादव को पूरी रफ्तार से गेंदबाजी की। बुमराह ने इस दौरान भारतीय कप्तान को अपनी रफ्तार से चकमा देते हुए बोल्ड भी किया। डोएशे ने कहा, बुमराह ने 10 दिन तक गेंदबाजी नहीं की थी, लेकिन अब वह काफी बेहतर महसूस कर रहे हैं और उनका मूवमेंट अच्छा है। हम शुक्रवार को अभ्यास के बाद टीम को अंतिम रूप देंगे। अभ्यास सत्र के दौरान सूर्यकुमार और तिलक वर्मा पूरी तरह नियंत्रण में नजर आए। दोनों ने मिस्ट्री स्पिनर वरुण चक्रवर्ती को सहजता से खेला। चोट वापसी कर रहे ऑलराउंडर वॉशिंगटन सुंदर संभल कर क्षेत्ररक्षण अभ्यास करते हुए दिखे। उन्हें मुख्य कोच गौतम गंभीर के साथ लंबी बातचीत करते देखा गया। वाशिंगटन ने बाद में तिलक वर्मा को गेंदबाजी की। अभिषेक बीमारी से उबर रहे हैं, वॉशिंगटन धीरे-धीरे वापसी की ओर है और बुमराह के पूरी लय में लौटने के साथ भारतीय टीम प्रबंधन के सामने मैच से पहले कुछ अहम चयन फैसले लेने की चुनौती है।

# डेविस कप में भारत के नए नायक सुरेश



**हाशिये से लेकर मुख्य भूमिका तक**

**नई दिल्ली।** कड़े अनुशासन और अथक मेहनत से करियर को नए मुकाम पर पहुंचाने वाले भारतीय डेविस कप टीम के नए नायक दक्षिणेश्वर सुरेश का उदय व्यवस्थित तरीके से हुआ है। सुरेश का भारतीय टेनिस में हाशिए से मुख्य भूमिका में पहुंचने तक का सफर चकाचौंध से दूर रहा और वह धैर्यपूर्वक आगे बढ़ते रहे। टेनिस से उनका जुड़ाव पारिवारिक है। उनके पिता सुरेश एक्का डिंडीगुल के क्लब स्तर के खिलाड़ी थे। उनके इन्हीं शुरुआती संपर्कों से सुरेश के लिए चेन्नई में लक्ष्मण चक्रवर्ती के रूप में कोच ढूंढने में मदद मिली। उन शुरुआती दिनों से ही कड़ी मेहनत जारी रही। इस दौरान 2010 और 2016 के बीच दक्षिणेश्वर चेन्नई में प्रतिदिन 16 किलोमीटर की यात्रा बस से करते थे। चक्रवर्ती ने अपने शिष्य के शुरुआती संघर्षों के बारे में कहा, तब वह सिर्फ नौ साल का था। उसके लिए कोई शॉर्टकट नहीं था। उसे सुरपेट से मोगाप्पैर, फिर मोगाप्पैर से अन्ना नगर और अन्ना नगर से लोयोला कॉलेज, नुंगमबक्का जाना पड़ता था।

# पीसीबी को आईसीसी से मिलीं रियायतें विश्व कप के बाद होंगी सार्वजनिक

**कराची, एजेंसी**

अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने भारत के खिलाफ टी20 विश्व कप मैच के बहिष्कार को समाप्त करने के बदले पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) को कुछ रियायतें देने का आश्वासन दिया है, लेकिन इन्हें टूर्नामेंट के समापन के बाद ही सार्वजनिक किया जाएगा।

पीसीबी सूत्र ने मंगलवार को बताया कि बहिष्कार समाप्त करने पर आईसीसी से पीसीबी को जो भी रियायतें मिली हैं, उन्हें टी20 विश्व कप के बाद सार्वजनिक किया जाएगा। आईसीसी पहले ही यह घोषणा कर चुका है कि बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड (बीसीबी) पर कोई प्रतिबंध नहीं लगाया जाएगा और उसे 2028-2031 चक्र में आईसीसी टूर्नामेंट (संभावित रूप से अंडर-19 पुरुष विश्व कप) की मेजबानी भी दी जाएगी।

### विवाद के समाधान के लिए आईसीसी को धन्यवाद : राजीव

**नई दिल्ली।** भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के उपाध्यक्ष राजीव शुक्ला ने मंगलवार को आईसीसी की प्रशंसा करते हुए कहा कि उसने बहुत अच्छा समाधान निकाला, जिससे पाकिस्तान ने भारत के खिलाफ टी20 विश्व कप मैच का बहिष्कार वापस ले लिया। बांग्लादेश और श्रीलंका के आग्रह के बाद पाकिस्तान सरकार ने फैसला किया जिसका मतलब है कि भारत और पाकिस्तान के बीच मैच तय कार्यक्रम के अनुसार ही होगा।

### श्रीलंका के राष्ट्रपति ने पाकिस्तान का जताया आभार

**कोलंबो।** श्रीलंका के राष्ट्रपति अनुरा कुमारा दिसानायके ने पीसीबी को 15 फरवरी को भारत के खिलाफ यहां होने वाले टी20 विश्व कप मैच का बहिष्कार वापस लेने का निर्देश देने के लिए पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शाहबाज शरीफ का आभार जताया। दिसानायके ने एक्स कहा, यह जानकर बेहद खुशी हुई कि मौजूदा टी20 क्रिकेट विश्व कप में भारत और पाकिस्तान के बीच मैच का कोलंबो में आयोजन किया जाएगा। श्रीलंका ने पीसीबी को लिखे पत्र में निर्णय बदलने का अनुरोध किया था।

# डि लीडे के प्रदर्शन से नीदरलैंड्स ने नामीबिया को 7 विकेट से हराया

- **बास डि लीडे और लोगान वान बीक ने दो-दो विकेट झटके**

**नई दिल्ली, एजेंसी**

बास डि लीडे के 48 गेंद में नाबाद 72 रन और दो विकेट की मदद से नीदरलैंड्स् ने टी20 विश्व कप के ग्रुप ए के मैच में मंगलवार को नामीबिया को 7 विकेट से हराया। टॉस जीतकर नामीबिया को बल्लेबाजी के लिये भेजने वाली नीदरलैंड ने अपने गेंदबाजों के दम पर उसे आठ विकेट पर 156 रन पर रोक दिया। डि लीडे ने तीन ओवर में 20 रन देकर और लोगान वान बीक ने तीन ओवर में 13 रन देकर दो दो विकेट लिए।

जवाब में डि लीडे ने 48 गेंद में नाबाद 72 रन की पारी के दम पर नीदरलैंड ने 18 ओवर में तीन विकेट पर 159 रन बनाए। डि लीडे ने अपनी पारी में पांच चौके और चार छक्के जड़े और कोलिन एकेरमैन (28 गेंद में 32 ) के साथ तीसरे विकेट के लिये 70 रन की साझेदारी भी की। उन्हें हरफनमौला प्रदर्शन के लिये प्लेयर आफ द मैच चुना गया। टी20 विश्व कप का अरुण जेटली स्टेडियम पर यह पहला मैच था लेकिन स्कूल की परीक्षा का समय और सप्ताह के बीच में होने से मैदान खाली ही पड़ा रहा।



नीदरलैंड्स के बास डी लीडे को रन आउट करने को दौड़ते नामीबिया के रुबेन ट्रम्पेलमैन।

इसी मैदान पर 12 फरवरी को भारतीय टीम नामीबिया से खेलेगी। नीदरलैंड की शुरूआत हालांकि खराब रही थी और तीसरे ही ओवर मैक्स ओ डाउड (सात) को बर्नार्ड शोल्ज ने पवेलियन भेजा। माइकल लेविड भी 15 गेंद में 28 रन बनाकर आउट हो गए जिसके बाद डि लीडे और एकेरमैन ने टीम को जीत तक पहुंचाया। इससे पहले नामीबिया के लिये लोफ्टी इटोन (42 रन) और सलामी बल्लेबाज जान फ्रायलिंक (30 रन) ने दूसरे विकेट के लिये 50 रन की साझेदारी की। जेजे स्मिट ने 15 गेंद में 22 रन बनाये।

वहीं नीदरलैंड के लिए डि लीडे के अलावा वान बीक ने तीन ओवर में 13 रन देकर दो और स्पिनर आर्यन दत्त ने तीन ओवर में 13 रन देकर एक विकेट चटकाया। दत्त ने नयी गेंद से शुरूआत करते हुए बेहद किफायती पहला ओवर डाला जिसमें सिर्फ चार रन बने। दूसरे ओवर में लॉरेन स्टीनकेम्प ने वान बीक को चौका जड़कर हाथ खोलने की कोशिश की लेकिन अगले ओवर में दत्त ने उन्हें पवेलियन भेजकर नीदरलैंड को पहली सफलता दिलाई। बाहर की ओर जाती गेंद को बैकवर्ड प्वाइंट पर खेलने के प्रयास में स्टीनकेम्प चूके लेकिन विकेट के पीछे स्कॉट एडवडर्स ने मुस्तैदी से स्टम्पिंग करने में कोई चूक नहीं की। इस समय स्कोर बोर्ड पर सिर्फ दस रन टंगे थे।

## एशियाई निशानेबाजी चैंपियनशिप

# आकृति ने रजत, अंजुम ने कांस्य पदक जीता

**नई दिल्ली, एजेंसी**



- **कजाकिस्तान की सोफिया शुलझेंको ने विश्व रिकॉर्ड बनाकर स्वर्ण पदक किया अपने नाम**

भारत की आकृति दहिया और अंजुम मौदगिल ने एशियाई निशानेबाजी चैंपियनशिप के महिलाओं की 50 मीटर राइफल थ्री पोजीशन (3पी) स्पर्धा में मंगलवार को क्रमशः रजत और कांस्य पदक जीता। इस स्पर्धा में कजाकिस्तान की सोफिया शुलझेंको ने कर्णी सिंह परिसर में नया विश्व रिकॉर्ड बनाते हुए स्वर्ण पदक अपने नाम किया।

सोफिया ने 35 शॉट के फाइनल में 358.2 अंक हासिल किए, जो रजत पदक विजेता आकृति दहिया से चार अंक अधिक थे। विश्व चैंपियनशिप पदक विजेता अंजुम मौदगिल ने 340.4 अंक के साथ कांस्य पदक जीता। सोफिया के इस स्कोर के साथ तीन नये रिकॉर्ड विश्व जूनियर, एशियाई और एशियाई जूनियर कायम किये। जूनियर महिलाओं की 3पी स्पर्धा में भारत की प्राची गायकवाड़ ने 353.3 अंक के साथ स्वर्ण पदक जीता। 14 वर्षीय कजाकिस्तान की निशानेबाज टोमिरिस अमानोवा ने 351.4 अंक के साथ रजत पदक हासिल किया, जबकि भारत की अनुष्का ठाकुर ने 341.1 अंक के साथ कांस्य पदक जीता। प्राची, अनुष्का और हेजल की तिकड़ी ने टीम स्पर्धा में 1748 अंकों के साथ स्वर्ण पदक जीता, जो कजाकिस्तान से सात अंक अधिक था।

## एफआईएच प्रो लीग

## अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ियों और युवा प्रतिभाओं के मिश्रण वाली भारतीय टीम

# बेल्जियम-अर्जेंटीना के खिलाफ अभियान शुरू करेगा भारत

**राउरकेला, एजेंसी**

भारतीय पुरुष हॉकी टीम बुधवार से बेल्जियम और अर्जेंटीना के खिलाफ होने वाले एफआईएच प्रो लीग में अपने अभियान की शुरुआत करने को प्रतिबद्ध होगी क्योंकि पिछली बार वह आठवें स्थान पर रही थी। भारत बुधवार को बेल्जियम के खिलाफ अपने अभियान की शुरुआत करेगा, जिसके बाद गुरुवार को उसका अर्जेंटीना से मुकाबला होगा। भारतीय टीम शनिवार को एक बार फिर बेल्जियम का सामना करेगी और रविवार को अर्जेंटीना के खिलाफ अपने अभियान का समापन करेगी।

अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ियों और युवा प्रतिभाओं के संतुलित मिश्रण वाली भारतीय टीम दुनिया की शीर्ष रैंकिंग वाली दो टीमों के खिलाफ परिस्थितियों का लाभ उठाने की कोशिश करेगी। भारत ने प्रो लीग में अभी तक अपना अभियान शुरू नहीं किया है, जबकि अर्जेंटीना और बेल्जियम दोनों ही सत्र की शानदार शुरुआत के बाद राउरकेला पहुंचे हैं। अर्जेंटीना फिलहाल 11 अंकों के साथ तालिका में दूसरे स्थान पर है। उसने अब तक चार मैच खेले हैं, जिनमें से तीन में उसने निर्धारित समय में और एक में शूटआउट में जीत दर्ज की। बेल्जियम चार मैचों में 10 अंकों के साथ तीसरे स्थान पर है, जिसमें उसने निर्धारित समय के अंदर तीन मैच में जीत हासिल की लेकिन शूटआउट तक खिंचे एक अन्य मैच में उसे हार का सामना करना पड़ा था।



भारत का हाल के वर्षों में बेल्जियम के खिलाफ प्रदर्शन अच्छा नहीं रहा है। इन दोनों टीमों के बीच 2013 से 35 मैच खेले गए हैं। इनमें बेल्जियम ने 22 मैच और भारत ने 11 मैच जीते हैं जबकि दो मैच ड्रॉ पर समाप्त हुए हैं। अर्जेंटीना के खिलाफ भारत का रिकॉर्ड बेहतर है। इन दोनों टीमों के बीच 2013 से अब तक खेले गए 19 मैच में से भारत ने 10 में जीत हासिल की है, जबकि अर्जेंटीना ने केवल सात मैच जीते हैं।

भारतीय कप्तान हरमनप्रीत सिंह ने कहा, अमनदीप लाकड़ा, मनमीत सिंह और रोसन कुजूर जैसे युवा खिलाड़ियों को टीम में मौका मिलते देखकर मुझे बहुत खुशी हो रही है। उन्होंने हाल ही में हीरो हॉकी इंडिया लीग में असाधारण प्रदर्शन किया। यह उनके लिए अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर आगे बढ़ने का सही समय है और मुझे विश्वास है कि वे इस अवसर का भरपूर लाभ उठाएंगे। पूरी टीम फिट, प्रेरित और उत्साहित है। बिरसा मुंडा हॉकी स्टेडियम में भारत को दर्शकों का अपार समर्थन मिलेगा और टीम इसका फायदा उठाना चाहेगी। अर्जेंटीना और भारत के मैचों से पहले बेल्जियम के कप्तान आर्थर वैन डोरेन ने कहा, यहां समय बिताने से आपको परिस्थितियों के अनुकूल ढलने में मदद मिलती है। हमने अच्छा अभ्यास किया है।

# आंध्र को पारी से हराकर बंगाल सेमीफाइनल में

**कल्याणी (पश्चिम बंगाल), एजेंसी**

## रणजी ट्रॉफी

- **सुदीप तिहरे शतक से एक रन चूके, बंगाल ने पहली पारी में ही ठोक दिए 629 रन**

सुदीप घरामी के 299 रन की बड़ी पारी की मदद से पहली पारी में विशाल स्कोर बनाने वाले बंगाल ने मंगलवार को आंध्र को पारी और 90 रन से शिकस्त देकर रणजी ट्रॉफी के सेमीफाइनल में प्रवेश किया। आंध्र की पहली पारी के 295 रन के जवाब में बंगाल ने पहली पारी में 629 रन बनाकर 334 रन की बड़ी बढ़त हासिल की थी। आंध्र दूसरी पारी में केवल 244 रन ही बना सकी।

बंगाल 15 फरवरी को होने वाले सेमीफाइनल में जम्मू कश्मीर से भिड़ेगा जबकि दूसरा सेमीफाइनल कर्नाटक और उत्तराखंड के बीच होगा। आंध्र ने खेल के पांचवें और अंतिम दिन अपनी दूसरी पारी तीन विकेट पर 64 रन से आगे बढ़ाई। यह पहले तय हो चुका था कि वह सेमीफाइनल में नहीं पहुंच पाएगा लेकिन उसका लक्ष्य सीधी हार से बचना था जिसमें वह नाकाम रहा। बंगाल के गेंदबाजों ने बाएं हाथ के स्पिनर शाहबाज अहमद की अगुवाई में आंध्र के बल्लेबाजों को नहीं चलने दिया। शाहबाज ने 72 रन देकर चार विकेट जबकि सूरज सिंधु जायसवाल ने दो विकेट लिए। आकाश दीप, सुमंता गुप्ता और अनुस्तुप मजूमदार ने एक-एक विकेट हासिल किया। भारतीय टीम से बाहर चल रहे तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी ने आंध्र की दूसरी पारी में केवल तीन ओवर ही किए। शमी ने 53 रन बनाकर बल्लेबाजी में अच्छा प्रदर्शन किया था। आंध्र के लिए नीतीश रेड्डी ही उम्मीद की किरण थे, क्योंकि उन्होंने 90 रन बनाए।